WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, बुधवार, 3 सितंबर 2025 शुक्ल पक्ष- एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 198 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च, इसरो और एससीएल चंडीगढ़ ने मिलकर किया विकसित

स्वदेशी चिप से स्पेस मिशन को मिलेगी ताकत, नेविगेशन, कंट्रोल मिशन मैनेजमेंट होगे मजबूत

■ रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

नई दिल्ली/आईएएनएस। सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 32010 पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी के सहयोग से तैयार किया गया है।

क्यों खास है विक्रम 3201?

यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी-55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडड्र्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे।

इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले ही हो चुका है स्पेस टेस्ट

'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवी-सी60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने पीओईएम-वॉय के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है।

सेमिकॉन सम्मेलन में सेमीकंडक्टर पर फोकस

तीन दिन चलने वाले सेमिकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रोसेसर लॉन्च के साथ ही सरकार ने बताया कि देश में 5 नए सेमीकंडक्टर यूनिट्स का निर्माण हो रहा है। डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत भारत अब वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थान बनाने की ओर बढ़ रहा है।

देश में लग रहे 5 सेमीकंडक्टर प्लांट

■ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में 5 सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण चल रहा है। इसमें से एक की पायलट लाइन पूरी हो चुकी है। दो अन्य में भी जल्द उत्पादन शुरू होगा। यह भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

■ सरकार हाई वॉल्यूम फैब्रिकेशन यूनिट्स, 3डी हेटेरोजेनस पैकेजिंग, कंपाउंड सेमीकंडक्टर और आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्टिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 10 प्रोजेक्टों को भी मंजूरी दे चुकी है।

■ इसके अलावा डिजाइन पर फोकस करते हुए 280 से अधिक कॉलेजों और 72 स्टार्ट अप्स को एडवांस्ड टूल्स प्रदान किए गए हैं। डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत 23 स्टार्ट-अप्स को मदद दी गई है।

आज बेबाक

सीजफायर स्पेशलिस्ट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वाकई शांति का नोबल पुरस्कार मिलना ही चाहिए। क्या हुआ अगर वे रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम नहीं करा पाये। इससे भी क्या फर्क पड़ता है कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने का श्रेय नहीं लूट पाये। उन्होंने तो इससे भी बड़ा काम कर दिखाया है। भारत और चीन के बीच जो दीवार खड़ी थी उसे ट्रंप ने फूंक मार कर गिरा दिया। अब ड्रैगन और हाथी फिर एक बार साथी बनने जा रहे हैं। अनहोनी को होनी करने का क्रेडिट तो डोनाल्ड ट्रंप को दिया ही जाना चाहिए।

स्वास्थ्य भवन का किया घेराव बर्खास्तगी का आदेश जलाया

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 15 दिनों से हड़ताल जारी है। सोमवार को मिशन प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी हड़ताली कर्मचारियों को अंतिम अल्टीमेटम जारी किया। आदेश में कहा गया है कि यदि कर्मचारी 24 घंटे के भीतर काम पर नहीं लौटते हैं तो उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने दी दो ग्रामीणों को मौत की सजा

सुकमा/नवप्रदेश । जिले के ग्राम सिरसेटी (नंदापारा) में नक्सलियों ने फिर खूनी खेल खेला है. नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौते के घाट उतार दिया गया है. घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. वहीं केरलापाल एरिया कमेटी दरभा डिविजन ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

मां के अपमान पर पीएम मोदी का कांग्रेस-आरजेडी पर पलटवार, कहा-

'मां' का अपमान नहीं सहेगा देश

ग्रामीण महिला उद्यमियों को पीएम की सौगात, बैंक खातों में 105 करोड़ किए ट्रांसफर

नई दिल्ली/आईएएनएस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार की ग्रामीण महिलाओं के लिए 'बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस-राजद को लेकर सवाल उठाए और कहा कि बिहार में जो हुआ, उसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता हूं। 'मां का अपमान' पीड़ा देने वाला था।

हर 'मां' का अपमान है'

पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान अपनी मां का जिक्र करते हुए कहा, मेरी 'मां' का कांग्रेस-राजद के मंच से अपमान किया गया। ये मेरी 'मां' का नहीं, बल्कि हर 'मां' का अपमान है।

'मां ही है हमारा स्वाभिमान'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान और उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। इस संस्कारवान बिहार में कुछ दिन पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमान है। आप सभी को, बिहार की हर मां को, ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा होगा, इस बात को मैं जानता हूं, जितना दर्द मेरे दिल में है, उतना ही दर्द बिहार के लोगों को भी है।

जीविका निधि साख सहकारी संघ का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज मंगलवार के दिन एक बहुत शुभ काम की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं और बहनों को अब एक नई सुविधा मिलने जा रही है – जीविका निधि साख सहकारी संघ। इसके जरिए गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब आसानी से पैसा मिलेगा और उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'मुझे खुशी है कि जीविका निधि की पूरी व्यवस्था डिजिटल है। मैं बिहार की सभी माताओं और बहनों को बधाई देता हूं। इस अनोखी पहल के लिए मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार की एनडीए सरकार को भी शुभकामनाएं देता हूं।'

'मां ही है हमारा संसार'

उन्होंने कहा, मैं भी एक बेटा हूं, और इतने सारे माता-बहनों को देखकर आज मैं अपना दुख साझा कर रहा हूं, ताकि आप लोगों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं। मैं करीब 55 साल से समाज और देश सेवा में लगा हूं। समाज के लिए मुझसे जो हो सकता है, उसे करने का प्रयास किया है। ऐसा करने के लिए मुझे मेरी मां का आशीर्वाद प्राप्त रहा है। मेरी मां ने मां भारती की सेवा करने को कहा, लेकिन मुझे इस बात की पीड़ा है कि जिन्होंने देशसेवा के लिए भेजा, उन्हें ही अपमानित किया गया।

'एक बेटे की पीड़ा शाही खानदान वाले समझ नहीं सकते': उन्होंने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेरी मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं'

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके, वो हम सबको छोड़कर चली गईं। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गईं?

"मेड इन इंडिया चिप्स, स्वर्णिम भारत की नई पहचान' : सीएम

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप आज भारत ने तकनीक के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। स्द्गद्वद्बशठ्ठ ढ्ठठ्ठस्त्रद्बड्ड 2025 सम्मेलन में देश का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर 'विक्रम0 लॉन्च किया गया है। यह उपलब्धि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और नवाचार क्षमता का सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'विक्रम0 प्रोसेसर का निर्माण पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। यह प्रोसेसर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के स्पेस लॉन्च व्हीकल्स के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इससे न केवल भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी को मजबूती मिलेगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का परिचय देगा। मुख्यमंत्री साय ने इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने अर्धचालक निर्माण के क्षेत्र में जिस तीव्रता से प्रगति की है, वह विकसित भारत की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों को सीएम साय ने दिलाया भरोसा यूरिया की कमी नहीं होगी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली रवाना होने से पहले राज्य के किसानों को भरोसा दिया है कि यूरिया की कोई कमी नहीं होगी। मुख्यमंत्री साय ने मंगलवार सुबह यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने 60 हजार से अधिक मीट्रिक टन यूरिया के आवंटन को स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से बातचीत में कहा, मैं गृह मंत्री विजय शर्मा के साथ दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर जा रहा हूं, जहां हम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे। यूरिया की कमी के सवालों पर उन्होंने कहा, हमने शुरू से ही आश्वासन दिया है कि किसानों को उर्वरकों की कोई कमी नहीं होगी। डीएपी की थोड़ी कमी थी, इसलिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने किया साफ

आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि आधार को नागरिकता का प्रमाणपत्र मानने की कोशिशें स्वीकार्य नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को पहचान पत्र के तौर पर देखा जा सकता है, न कि इसे नागरिकता के लिए माना जा सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि आधार पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इसे अकेले नागरिकता साबित करने के लिए नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा, 'हम आधार की स्थिति को न तो आधार अधिनियम से परे बढ़ा सकते हैं और न ही पुट्टस्वामी मामले के फैसले से आगे ले जा सकते हैं। बता दें कि आधार अधिनियम की धारा 9 में स्पष्ट प्रावधान है कि आधार न तो नागरिकता देता है और न ही निवास का अधिकार। साथ ही, 2018 के पुट्टस्वामी केस में भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आधार नागरिकता का सबूत नहीं है। दरअसल, बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए जाने के बाद राजद समेत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इतिहास से सबक लेने की जरूरत

दुनिया को युद्ध नहीं शांति की दरकार

बीजिंग आईएएनएस)। युद्ध कभी किसी समस्या का समाधान नहीं करते, बल्कि तबाही का मंजर खड़ा करते हैं। इसके बावजूद कुछ देश अन्य देशों की प्रभुसत्ता और अखंडता को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। हाल के दशकों में हुए तमाम संघर्षों को देखें या इतिहास में हुई लड़ाइयों को, युद्ध और संघर्ष से आम नागरिकों का जीवन तबाह हो गया और उनके मानवाधिकारों का हनन हुआ। बच्चों और महिलाओं को युद्ध की विभीषिका सबसे अधिक सहनी पड़ी। आज दुनिया में मानवाधिकारों की रक्षा करने का दावा करने वाले देशों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि उन्होंने कभी दूसरे देशों को कितना नुकसान पहुंचाया और उक्त देशों के नागरिकों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरडीए प्लाट घोटाला

हाईकोर्ट से 3 अभियंता बरी झाबक की सजा बरकरार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने 1996 में रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के प्लाट घोटाले मामले में बड़ा फैसला सुनाया. न्यायमूर्ति संजय एस. अग्रवाल की एकलपीठ ने तीन अभियंताओं को बरी कर दिया, जबकि कारोबारी रमेश झाबक की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए उनकी जमानत निरस्त करने का आदेश दिया। दरअसल, 1997 में दर्ज विशेष आपराधिक प्रकरण में आरोप था कि आरडीए के अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर कारोबारी रमेश झाबक को दो प्लाट (ई-1 और ई-15) आवंटित किए. जिसका आवंटन न तो नीलामी से हुआ और न ही विधि अनुसार प्रक्रिया पूरी की गई. इससे प्राधिकरण को लाखों रुपए का नुकसान हुआ. 1997 में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब तो सुन लो सरकार ...

बारिश ने बदला सिहावा मार्ग का नक्शा, बड़े-बड़े गड्ढे

धमतरी/नवप्रदेश। बारिश का मौसम धमतरीवासियों के लिए किसी आफत से कम नहीं । चंद मिनटों की ही बारिश से सड़कों की हालत खराब हो जाती है । पिछले कई साल से कोलियारी से लेकर दोनर, खरेंगा, जोरातराई तक अति जर्जर सड़क के निर्माण व चौड़ीकरण की मांग कई गांवों के हजारों लोगों द्वारा की जा रही थी । आखिरकार स्वीकृति मिली, कार्य प्रारंभ हुआ। हालांकि वर्तमान में उक्त मार्ग की स्थिति काफी दयनीय है। धमतरी से नगरी, उड़ीसा जाने हेतु सिहावा रोड से होकर जाना पड़ता है। सिहावा चौक से लेकर कोलियारी चौक व उसके आगे तक भी सड़क की स्थिति दयनीय है । सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए है। सड़क पर कीचड़ फैला रहता है। हल्की बारिश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

स्थापना दिवस समारोह | **डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही**

किसानों, गामीण अर्थव्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दें बैंक : मुर्मु

चेन्नई (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं।

श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जीएसटी में सुधार अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनाएंगे : सीतारमण

जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे। इसके साथ ही इसके अमल में आने से अनुपालन का बोझ भी घटेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहीं थीं। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 56 करोड़ जनधन खाते खोले गए, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि 67 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण, अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए। 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि 18 वर्षों में पहली बार एसएंडपी की ओर से भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार किया गया है।

प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क को दो महीने में पूर्ण करने के निर्देश

चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज दोपहर मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के विभागीय काम-काज की समीक्षा की। मंत्री देवांगन ने सीएसआईडीसी के अंतर्गत औद्योगिक पार्कों की स्थापना जानकारी लेते हुए रायपुर के उरला में 39 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क निर्माण की जानकारी लेते हुए इसे 30 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने प्रदेश में चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इनमें जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम सीलादेही बिर्रा, गतवा राजनांदगांव जिले के ग्राम बीजेतला नवा रायपुर में प्रस्तावित फार्मास्युटिकल पार्क एवं बस्तर जिले के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ **रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं द्वारा अपेक्षित प्रगति न होने पर मंत्री ने जतायी नाराजगी**

राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूसी पुतिन पीएम मोदी केमिस्ट्री देख बौखलाए ट्रंप के सलाहकार

■ भारत टैरिफ का महाराजा : नवारो

वॉशिंगटन/ए.। चीन के तियानजिन शहर में SCO शिखर सम्मेलन के दौरान और उससे इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच की केमिस्ट्री देख अमेरिका परेशान हो उठा है। पिछले कुछ हफ्तों से भारत पर तीखा हमला करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर अपनी खीझ निकाली है।

नवारो ने भारत-रूस व्यापारिक संबंधों की आलोचना की है और शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी को शी जिनपिंग और पुतिन के साथ घुलते-मिलते देखना शर्मनाक है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि वह क्या सोच रहे हैं। हमें उम्मीद है कि उन्हें यह समझ आ जाएगा कि उन्हें रूस के साथ नहीं, बल्कि हमारे साथ रहना चाहिए।"

मॉस्को को फंडिंग कर रहा भारत

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जब से भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी का टैरिफ लगाया है, तभी से ही वाइट हाउस के व्यापार सलाहकार नवारो भारत पर हमला करते रहे हैं। वह मॉस्को के साथ नई दिल्ली के कच्चे तेल के व्यापार की लगातार आलोचना करते रहे हैं। उनका आरोप है कि भारत रूसी तेल खरीदकर यूक्रेन के खिलाफ जंग में मॉस्को को फंडिंग कर रहा है। नवारो ने कई मौकों पर कहा है कि तेल खरीद से होने वाली आय रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्त पोषित कर रही है।

इससे पहले नवारो ने भारत को "शुल्कों का महाराजा" कहा था और दावा किया था कि नई दिल्ली अमेरिका पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता रहा है। उन्होंने कहा था, "भारत के साथ दोतरफ़ा समस्या है...25 फीसदी समस्या अनुचित व्यापार के कारण पारस्परिक है और बाकी पच्चीस फीसदी समस्या इसलिए है क्योंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है।"

ब्राह्मण कर रहे ज्यादा मुनाफाखोरी

यूक्रेन-रूस युद्ध को 'मोदी का युद्ध' बताने वाले पीटर नवारो ने एक दिन पहले भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए भारतीय ब्राह्मणों पर रूस से तेल खरीद में मुनाफाखोरी करने का आरोप लगाया था। फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में नवारो ने ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को सही ठहराते हुए चेतावनी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग से निकटता वैश्विक व्यवस्था को अस्थिर कर रही है।

जीएसटी में सुधार अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनाएंगे': वित्त मंत्री

नई दिल्ली/ए.। जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे। इसके साथ ही इसके अमल में आने से अनुपालन का बोझ भी घटेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को चेन्नई में यह बात कही। वित्त मंत्री सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहीं थीं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 56 करोड़ जनधन खाते खोले गए, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि 67 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण, अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए। 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि 18 वर्षों में पहली बार एसएंडपी की ओर से भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार किया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने बताया कि भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में भी काफी सुधार किया है। वित्त मंत्री ने बताया कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे व अनुपालन बोझ में कमी लाएंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खुला और पारदर्शी बनाएंगे, जिससे अनुपालन बोझ में और कमी आएगी और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा।

सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है।

डिजिटल साक्षरता और वित्तीय जागरूकता के मामले में कई चुनौतियां बरकरार: राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में प्रगति के बावजूद जनता के बीच डिजिटल साक्षरता और वित्तीय जागरूकता के मामले में अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मुर्मू ने तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैंक और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां वंचित समुदायों के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन और बीमा उत्पाद प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान बैंकों, डिजिटल वॉलेट और बैंकिंग संवाददाताओं ने वित्तीय सेवाओं को दूरदराज के गांवों तक पहुंचा दिया है।

प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर लगाया वोटर फ्रॉड का आरोप

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस और राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। भंडारी ने कहा कि राहुल गांधी देशभर में घूम-घूमकर आम नागरिकों को 'नकली' और 'चोर' कह रहे हैं, जबकि असली चोरी कांग्रेस पार्टी के भीतर हो रही है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया कि राहुल गांधी के करीबी और कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा के पास दो एपिक नंबर (मतदाता पहचान संख्या) हैं, जो स्पष्ट रूप से वोटर फ्रॉड का मामला बनता है। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 62(2) का उल्लंघन बताया, जिसमें एक व्यक्ति को एक से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में मतदान करने की अनुमति नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भंडारी ने कहा, राहुल गांधी के नजदीकी लोग वोट चोरी और चुनावी धोखाधड़ी में लिप्त हैं। अब सवाल ये उठता है कि राहुल गांधी इस पर चुप क्यों हैं?

क्या कांग्रेस और राहुल गांधी वोटर फ्रॉड का रैकेट चला रहे हैं?

राहुल गांधी को सबसे बड़ा 'चोर' कहते हुए भाजपा प्रवक्ता ने पूछा, ÷क्या कांग्रेस और राहुल गांधी वोटर फ्रॉड का रैकेट चला रहे हैं? क्योंकि जिसमें वे कांग्रेस के नेताओं को मल्टीपल वोटर आईडी और एपिक नंबर के बावजूद संरक्षण देते हैं।

फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर बातचीत एडवांस स्टेज में पहुंची : गोयल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत की यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर बातचीत एडवांस स्टेज में है।

सेमीकंडक्टर के भविष्य के निर्माण को लेकर दुनिया को भारत पर भरोसा : पीएम मोदी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया अब भारत पर भरोसा करती है और देश के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जल्द ही सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधार शुरू करेगी। 'सेमीकॉन इंडिया 2025' का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल चिप मार्केट में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि देश ट्रिलियन डॉलर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "2021 से स्वीकृत 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में 18 अरब डॉलर का निवेश किया जा रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "दुनिया भारत पर भरोसा करती है, दुनिया भारत में विश्वास करती है और दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है।"उन्होंने आगे कहा कि पिछली सदी का आकार तेल से बना था, लेकिन भविष्य चिप्स से बनेगा।

के. कविता बीआरएस से सस्पेंड

हैदराबाद(आईएएनएस)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएसी) एमएलसी के. कविता को उनके पिता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए बीआरएस से निलंबित कर दिया। मंगलवार को एक बयान में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के महासचिव टी. अरविंद राव और सोमू भारत कुमार ने कहा कि केसीआर ने कविता को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है। बयान के अनुसार, बीआरएस नेतृत्व ने कविता के हालिया कार्यों और उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों से पार्टी को हो रहे नुकसान को गंभीरता से लिया है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202508104700035 /ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप कुमार शुक्ला पिता- स्व. कृष्ण कुमार शुक्ला निवासी कृष्ण भवन, कृष्ण नगर डंगानिया तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम जुनवानी प.ह.नं.-43 रा.नि. म. जुनवानी तह. व जिला दुर्ग स्थित खसरा नं. 258/1, 247/1 रकबा 0.8940 हे, 0.300 हे की भूमि जो पटवारी अभिलेख में दर्ज है तथा फौती नामांतरण आदेश के पश्चात उक्त खसरा नंबर आवेदक के ऋष्पुस्तिका में दर्ज नहीं है। जो कि पूर्व में ऋष्पुस्तिका जीर्ण शीर्ण होने के कारण पटवारी द्वारा उक्त खसरा नंबर का नया ऋष्पुस्तिका में दर्ज किये जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104700120

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी नीना सूरी पिता/पति अनिल कुमार सूरी पता नेहरुनगर पूर्व प्लाट नं. भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 275/26(0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता वनीता चोपड़ा पिता/पति अनिल कुमार सूरी पता नेहरुनगर भिलाई, लवलीन कोहली पिता/पति अनिल कुमार सूरी पता नेहरुनगर भिलाई, अक्षय सूरी पिता/पति अनिल कुमार सूरी पता नेहरुनगर भिलाई, अनिल कुमार सूरी पिता/पति हरीशचंद्र सूरी पता नेहरुनगर भिलाई, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता कि आवेदक मोहम्मद शफीक खान पिता स्व. मोहम्मद हबीब खान निवासी कसारीडीह दुर्ग द्वारा ग्राम नवागांव प.ह.न. 20 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 252/3 रकबा 0.03 हे/3052 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से प्राप्त लैड युज, बी-1 एवं नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा सस्थाक किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम अमित टैगोर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202508100400316/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अमित टैगोर आ./पति रामनारायण टैगोर निवासी बी.एस.एन. कालोनी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	665/1	0.0140 हें वर्गफीट 1510	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम राधा पाण्डेय | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202508100400369/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका राधा पाण्डेय आ./पति सुधीर कुमार पाण्डेय निवासी सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	762/7	0.0100 हें वर्गफीट 1500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम पूजा रानी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202508100400368/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पूजा रानी आ./पति अनिल कुमार देवांगन निवासी तिल्दा नेवरा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	565/284	0.0200 हें वर्गफीट 2150	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक : 520/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त कलिहारी पिता स्व. धनसाय कलिहरी माता श्रीमती रोहिणी बाई कलिहारी निवासी फ्लैट नंबर 214 ब्लॉक नंबर बी साई निवास परिसर जंजगिरी चरोदा पोस्ट जंजगीरी थाना कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490025 आवेदिका गिरिजा साहू पिता स्व. कपिलराम साहू निवासी मकान नं. 265 ग्राम सुरगी थाना व पोस्ट सुरगी जिला- राजनादगांव (छ.ग.) पिन नं. 491441 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 26.09.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 19.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार झगेश्वर पिता श्री तिलकराम, उम्र 35 वर्ष, पता- ग्राम व पोष्ट हिर्री, तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपनी पुत्री का पुराना नाम क्षमा (Chchma) को त्याग कर नया नाम क्षमा साहू (Kshama Sahu) रख लिया है । अत: आज से मैं समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री को नया नाम क्षमा साहू (Kshama Sahu) से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाएगा।

लक्ष्मीकांत शर्मा (अधिवक्ता) उच्च न्यायालय बिलासपुर जिला न्यायालय दुर्ग मो. नं. 9827990008 9111716789

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता संतोष कुमार पिता-श्री अस्थिर राम यादव, उम्र 51 वर्ष, निवास-मकान नं.-161, वार्ड नं.-10, ग्राम व पोस्ट-कानाकोट, सतनाम चौक पारा, तह. पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491221 शपथपूर्वक कथन करता हूँ- यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। यह कि, मेरे आधार कार्ड कं.-7205 2278 9569 में मेरा नाम संतोष कुमार यादव (SANTOSH KUMAR YADAV) दर्ज है, तथा मेरे अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम संतोष कुमार (SANTOSH KUMAR) दर्ज है, जो कि सही व सत्य है। यह कि. भविष्य में मेरे समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम संतोष कुमार (SANTOSH KUMAR) कराना चाहता हूं तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे। यह कि, यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता के समर्थन में श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता संतोष कुमार पिता श्री अस्थिर राम यादव, निवास-मकान नं.-161, वार्ड नं.-10, ग्राम व पोस्ट-कानाकोट, सतनाम चौक पारा, तह. पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता प्रमोद कुमार शर्मा पिता श्री मदन लाल शर्मा, उम्र 52 वर्ष, निवासी-टी-2, वार्ड न. 43, चोपड़ा पैलेस के सामने, आदर्श नगर दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- मेरा नाम व पता उपरोक्त बताये अनुसार सही व सत्य हैं। यह कि, मेरा पुत्र डी.पी.एस.पब्लिक स्कुल दुर्ग जिला दुर्ग में कक्षा नवमीं मे अध्ययनरत हैं। यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम अमन 'शर्मा पितो प्रमोद 'शर्मा माता का नाम श्रीमती संगीता बाई दर्ज है। एवं कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के अंकसूची एवं कक्षा नवमी के स्कुल रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम अमन शर्मा पिता प्रमोद शर्मा माता का नाम श्रीमती संगीता शर्मा दर्ज हैं। यह कि, मैं अपने पुत्र का नाम बदल कर अमन प्रमोद शर्मा पिता प्रमोद कुमार शर्मा, माता श्रीमती संगीता शर्मा रख लिया हूं। यह कि, मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं कक्षा पहली से कक्षा नवमी के अंकसूची एवं संपूर्ण शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपने पुत्र का नाम अमन प्रमोद शर्मा पिता श्री प्रमोद कुमार शर्मा एवं माता का नाम संगीता शर्मा दर्ज करवाना चाहता हूं एव मेरा पुत्र भविष्य में अमन प्रमोद शर्मा पिता प्रमोद कुमार शर्मा, माता श्रीमती संगीता शर्मा के नाम से ही जाना पहचाना व पुकारा जावेगा। यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम प्रमोद कुमार शर्मा एवं मेरी पत्नि के आधार कार्ड में उसका नाम संगीता शर्मा दर्ज हैं। यह की, शपथपत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र मे प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करना हैं। अत: यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता प्रमोद कुमार शर्मा पिता श्री मदन लाल शर्मा निवासी-टी-2, वार्ड न. 43, चोपड़ा पैलेस के सामने, आदर्श नगर दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शकील अली पिता मोहम्मद मूसा उम्र 38 वर्ष पता म न 386 शारदा पारा गाँधी चौक वार्ड 23 कैम्प 02 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 का हूँ। मेरा वर्तमान नाम मद. श्कील रेन (MD. SHKIL RAIN) पिता मद मुसा (MD.MUSHA) का भविष्य में नाम शकील अली (SHAKIL ALI) पिता मोहम्मद मूसा (MOHAMMED MUSHA) रखना चाहता हूँ तथा उक्त नाम मद.श्कील रेन (MD.SHKIL RAIN) पिता मद मुसा (MD.MUSHA) का अंगीकार करना चाहता हूँ। यह कि मेरा नाम मद.श्कील रेन (MD.SHKIL RAIN) पिता मद मुसा (MD.MUSHA) के स्थान पर शकील अली (SHAKIL ALI) पिता मोहम्मद मूसा (MOHAMMED MUSHA) के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे न की पूर्व नाम मद. श्कील रेन (MD.SHKIL RAIN) पिता मद मुसा (MD.MUSHA) यदि भविष्य में इस संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न ह्रोता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ता शकील अली पिता मोहम्मद मूसा पता मकान नं. 386 शारदा पारा गाँधी चौक वार्ड 23 कैम्प 02 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं सायमा प्रवीन पति मो इमरान अंसारी उम्र 21 वर्ष पता म न 385 शर्मा कॉलोनी गौतम किराना स्टोर्स के पास वार्ड 24 कैम्प 2 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490001 की हुँ। मेरा वर्तमान नाम सायमा (SAYMA) पत्ति मो इमरान अंसारी (MD IMRAN ANSARI) का भविष्य में नाम सायमा प्रवीन (SAYMA PRAVEEN) पति मो इमरान अंसारी (MD IMRAN ANSARI) रखना चाहती हूँ तथा उक्त नाम सायमा (SAYMA) का अंगीकार करना चाहती हूँ। यह कि मेरा नाम सायमा (SAYMA) पति मो इमरान अंसारी (MD IMRAN ANSARI) के स्थान पर सायमा प्रवीन (SAYMA PRAVEEN) पति मो इमरान अंसारी (MD IMRAN ANSARI) के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे न की पूर्व नाम सायमा (SAYMA) यदि भविष्य में इस संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ती सायमा प्रवीन पति मो इमरान अंसारी पता मकान नं. 385 शर्मा कॉलोनी गौतम किराना स्टोर्स के पास वार्ड 24 कैम्प 2 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता पंकज साहनी पिता श्री तारणी साहनी उम्र 47 वर्ष निवासी 1373, बी.ई.सी चौक, राजीव नगर, छावनी भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क. 3115 5041 1741 एवं अन्य दस्तावेजो मे मेरे पुत्र का नाम रोशन साहनी दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम रोशन दर्ज है।

यह कि मैं अपने पुत्र के कक्षा दसवी के अंकसूची में अपने पुत्र का पूर्ण व सही नाम रोशन साहनी दर्ज करवाना चाहता हूँ, तथा भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना व लिखा पढा जावेगा।

यह कि उक्त शपथ पत्र छत्तीसगढ राजपत्र मे मेरे पुत्र के परिवर्तित पूर्ण नाम को प्रकाशित किये जाने हेतु साक्ष्य स्वरूप सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता पंकज साहनी पिता श्री तारणी साहनी निवासी 1373, बी.ई.सी चौक, राजीव नगर, छावनी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं आशा शाहू आ. बलवन्त साहु उम्र-37 वर्ष निवासी कातुलबोर्ड चौक वार्ड-59 दुर्ग तह. जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपधपूर्वक करती हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता ऊपर दर्शित अनुसार है। यह कि मेरे पुत्र का पुराना नाग आरव (AARAV) है जो कि उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्री, अंकसूची कथा पाचती से आठवीं में दर्ज है और पूर्व में इसे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता था। अब मैंने अपने पुत्र का नाम सूर्याश साहू (SURYANSH SAHU) रख लिया है जो कि उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्री अंकसूची का पहली से चौथी, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण में दर्ज है एवं भविष्य में मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेज, सरकारी, गैर-सरकारी संस्था में उसका नया नाम सूर्याश साहू (SURYANSH SAHU) दर्ज कर इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। यह कि आज से मेरे पुत्र का पूर्ण नाम आरव (AARAV) को बदलकर उसका नया नाम सूर्याश साहू (SURYANSH SAHU) कराना चाहती हूँ। इस संबंध में मेरे द्वारा नाम परिवर्तित बाबत छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहती है।

शपथकर्ती आशा शाहू आ. बलवन्त साहु निवासी कातुलबोर्ड चौक वार्ड-59 दुर्ग तह. जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./167/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक सागर सुराना पिता झानमल जी सुराना, निवासी वार्ड नं. 06 ठेठवार पारा दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 28 डी, प्लाट नं. 120/3, क्षेत्रफल 38.00 वर्गमीटर भूमि, धारक लीला बाई सुराना पति झानमल जी सुराना के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की ओर से पंजीकृत दावपत्र दिनांक 07.08.2025 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त दानपत्र के आधार पर आवेदक द्वारा स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती बवी रेड्डी सितम्मबा ध.प. बी.जी. नायडू निवासी प्रेमनगर, सिकोलाभाठा, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला, प.ह.न. 17, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 62/102 का टुकड़ा रकबा 1575 वर्गफीट भूमि को आवेदिका ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 25/11/1986 को कय कर कब्जा अनुसार उक्त जमीन पर मालिक काबिज में होकर चली आ रही है। आवेदिका ने अपने नाम से प्रमाणीकरण कराकर संशोधन पंजी कमांक 302 प्रविष्टि दिनांक 10/12/1986 में दर्ज है। जिसका नामांतरण कराकर ऋष्ठा पुस्तिका कं. पी-227996 जारी किया जा चुका है। उक्त भूमि में प्रमाणीकरण के पश्चात ऋष्ठा पुस्तिका क्रमांक पी-227996 में आवेदिका का नाम बी. सितम्मा पति बी.जी. नायडू के नाम से दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे विलोपित कर/सुधार कर आवेदिका द्वारा कय किये गये पंजीकृत बयनामा अनुसार सही नाम श्रीमती बवी रेड्डी सितम्मबा ध.प. बी.जी. नायडू निवासी प्रेमनगर सिकोलाभाठा दुर्ग का नाम दर्ज कर तथा ऋष्ठा पुस्तिका में खसरा नंबर के बटांक में 62/127 दर्ज है जो ओवर रायटिंग है, जो कि त्रुटि है जिसे विलोपित कर राजस्व अभिलेख अनुसार खसरा पांचसाला रिकार्ड के अनुसार 62/124 दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.2025008100700141 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती गीता दास पति स्व. रघुनाथ दास एवं अन्य 05 निवासी कर्मचारी नगर सिकोलाभाठा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नंबर 57/15 कुल रकबा 0.0920 हे. में से रकबा 0.0139 हे./1500 वर्गफीट भूमि को आवेदिका के पति रघुनाथ दास पिता चन्द्रशेखर दास के द्वारा विक्रेता केन्द्रीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, दुर्ग से पंजीकृत बैनामा दिनांक 29/12/1989 को क्रय किया गया है। किन्तु केता रघुनाथ दास पिता चन्द्रशेखर दास की मृत्यु दिनांक 01/03/2018 को हो चुकी है। केता द्वारा आवेदित भूमि का भूलवश प्रमाणीकरण नहीं कराये जाने तथा आवेदक के पिता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण करते हुए केता के विधिक वारिसनों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202509103800002 /168/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक संतोष गुप्ता पिता चंद्र भूषण, निवासी वार्ड 38, खण्डेलवाल कालोनी, दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 45 डी, भूखण्ड क. 34, रकबा 85.03 वर्गमीटर भूमि, धारक निशिथ, मंजू, नीलू, इंदू पिता स्व. रामखिलावन पांडे, मीना पांडे पति स्व. अंचल व स्वाती, स्वप्निल पिता स्व. अंचल कुमार पांडे के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण की ओर से आम मुख्तयार मीना पांडे पति स्व. अंचल कुमार पांडे निवासी ब्लाक नं. 3-2 डी कोहका रोड भिलाई द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 16.07. 2025 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा विकेतागण का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202508103300007 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कुमारी मनीषा साहू पिता/पति स्व. पुसऊराम साहू निवासी ग्राम अंजोरा (ख) मौजा ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 28 रा.नि.म. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 586/14 रकबा 0.0040 हे. पुसऊराम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 08.02.2023 को हो जाने के कारण वारिसानो का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत दिनांक 10.09.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202508103800010 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका नीता एन्थोनी पिता एन्थोनी जॉन, निवासी पचरीपारा दुर्ग द्वारा दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 45 ए, प्लाट नं. 184/1, क्षेत्रफल 82.95 वर्गमीटर भूमि धारक अनिल कुमार ठाकुर पिता सुखदेव सिंह ठाकुर के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की ओर से पंजीकृत बयनामा दिनांक 07.08.2025 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.09.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202505103800044 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक नियाद अहमद आ. स्व. मकबूल अहमद एवं अन्य 04, निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग प्लाट नं. एम.आई.जी. 01/492 रकबा 150.00 वर्गमीटर धारक एम. अहमद आ. मजाकत हुसैन के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता मार्च 2038 तक है। धारक की मृत्यु दिनांक 27.01.2009 को एवं उनकी पत्नी अजमत आरा की मृत्यु दिनांक 26.11.2024 हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड को धारक की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान नियाद अहमद, सैय्यद अहमद अफ्ताब, परवेज अहमद, अशफाक अहमद व जावेद अहमद आ. स्व. मकबूल अहमद के संयुक्त नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.09.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20250710100319 /ब-121/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

इस न्यायालय का रा.प्र.क. 20250710100319/ ब-121 वर्ष 2024-25 आवेदक श्रीमती किरन पति राजेन्द्र कुमार निवासी सेक्टर 04 मिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 328/2 का दु रकबा 0.02 है. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। का आवासीय प्रयोजनार्थ पुननिर्धरण आदेश पारित किया गया है, जो वर्तमान में कृषि भूमि दर्ज है। जिसे ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कृषि भूमि से परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

18 साल बाद बना सूर्य-केतु और बुध का महासंयोग

व्यापार-जगत को फायदा, देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रहों के राजकुमार बुध कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश कर गए है और वे यहां 15 सितंबर तक रहेंगे। खास बात यह है कि इस दौरान सूर्य और मान-सम्मान के कारक छाया ग्रह केतु पहले से ही सिंह राशि में मौजूद रहेंगे। ऐसे में सूर्य, बुध और केतु की युति बनी है। इसके साथ ही सूर्य और बुध मिलकर बुद्धादित्य योग बना है। यह एक शक्तिशाली राजयोग माना जाता है, जो जातक को ज्ञान, प्रसिद्धि, आत्मविश्वास, और संवाद कौशल प्रदान करता हैं। यह योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालता है, और बुद्धि तथा निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है। यह महासंयोग अचानक आर्थिक लाभ और करियर में उन्नति की संभावना की ओर इशारा करता है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक बुध को व्यापार का कारक ग्रह माना जाता है। इसलिए यह योग विशेष रूप से व्यापार जगत के लिए शुभकारी रहेगा आर्थिक क्षेत्र में आई बाधाएं कम होंगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। पंचांग के अनुसार, यह युति व योग 15 सितंबर की सुबह तक बना रहेगा।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वाले जातकों के जीवन पर भी ग्रहों से बनने वाले त्रिग्रही योग का अच्छा लाभ मिलेगा. इस समय आपको कार्यक्षेत्र में नए-नए अवसर की प्राप्ति होगी, जिससे सफलता के मार्ग प्रशस्त होंगे. पारिवारिक जीवन भी बढ़िया रहेगा.

कर्क राशिः सूर्य, बुध और केतु की युति से बनने वाले त्रिग्रही योग का शानदार लाभ कर्क राशि वाले जातकों को भी मिलेगा. इस समय आपके मान-सम्मान में खूब वृद्धि होगी और जीवन में कई बदलाव आएंगे, जो सकारात्मक होंगे. शिक्षा क्षेत्र में चल रही परेशानियां भी इस समय दूर हो सकती है।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों को सूर्य, केतु और बुध की युति से बने त्रिग्रही योग का लाभ मिलेगा. इस समय पारिवारिक रिश्तों में मधुरता आएगी. आपके द्वारा किए प्रयास रंग लाएंगे और सफलता दिलाएंगे. निवेश आदि के लिए भी यह समय बढ़िया हैं, क्योंकि आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं।

धनु राशिः इस राशि वालों के जीवन में त्रिग्रही योग से कई सकारात्मक बदलाव आएंगे. इस समय आपके वो सारे काम पूरे होंगे, जोकि लंबे समय से रुके हुए थे. करियर क्षेत्र में आप सफलता पाएंगे। परिजनों के सहयोग से हर कार्य पूर्ण होंगे।

मोदक चढ़ाने से भक्तों को श्रीजी की विशेष कृपा मिलेगी

सुख-समृद्धि देने वाले, बुद्धि देने वाले, व्यापार और करियर में तरक्की देने वाले देवता गणेश की पूजा कर सकते हैं। गणपति को बुध ग्रह का स्वामी माना जाता है। ज्योतिष में बुध ग्रह बुद्धि, वाणी, गणित, व्यापार और तर्क शक्ति का कारक है। इसलिए अगर किसी जातक के बुध ग्रह में दोष है तो गणेश पूजा से वह दूर हो सकता है। 21 दूर्वा, मोदक चढ़ाने से गणेश जी की विशेष कृपा प्राप्त होगी।

रेलवे स्टेशन से पकड़ाया 7 लाख का गांजा

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में रायपुर में 28 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख रुपये है. इस ऑपरेशन में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनीश कुमार शाह (19 वर्ष) और आयुष कुमार सिंह (20 वर्ष) के रूप में हुई है. अनीश कुमार शाह, पिता राजेश शाह, ग्राम तरैया, शिव मंदिर के पास, थाना तरैया, जिला छपरा, बिहार का निवासी है. वहीं, आयुष कुमार सिंह, पिता मनोज सिंह, ग्राम बुधसी, पोस्ट ऑफिस सिदवालिया, थाना महमदपुर, जिला गोपालगंज, बिहार का निवासी है. आरपीएफ और आबकारी विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की. दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, और आगे की जांच जारी है. यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है.

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले 3 और 4 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले आगामी 3 और 4 सितंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे रायपुर और रायगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बुधवार को आठवले रायपुर पहुँचकर राज्य अतिथि गृह में छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा योजनाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सुझाव और मार्गदर्शन देंगे।

डॉ. प्रज्ञा सिंह को 2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर शिक्षा जगत में अपनी छाप छोड़ी है। दुर्ग जि़लि के हनोदा स्थित सरकारी मिडिल स्कूल की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान उन्हें आगामी 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। डॉ. सिंह ने बीते 17 वर्षों से ग्रामीण शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सामाजिक और पारिवारिक चुनौतियों खासतौर पर अभिभावकों की नशे की प्रवृत्ति और शिक्षा के प्रति उदासीनता के बावजूद उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता दिलाई।

छत्तीसगढ़ ने 6वीं नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हासिल किया दूसरा स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। थाई बॉक्सिंग इंडिया द्वारा आयोजित 6वीं नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025, जो 29 से 31 अगस्त तक उत्तर प्रदेश के बनारस में आयोजित की गई, में छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। इस चैंपियनशिप में देशभर के 22 राज्यों के खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ से दंतेवाड़ा, रायपुर, कोरबा और बिलासपुर जिलों के लगभग 91 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इन युवा खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और कौशल से छत्तीसगढ़ को दूसरा स्थान दिलाकर राज्य का नाम रौशन किया। रायपुर लौटने पर विजेता बच्चों का भव्य स्वागत किया गया। रायपुर नगर पालिका निगम की महापौर मीनल चौबे ने बच्चों से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण है।

देशी कट्टा दिखाकर लूट की वारदात करने वाला आरोपी गिरफ्तार, साथी फरार

रायपुर/नवप्रदेश. थाना सरस्वती नगर पुलिस ने कुकुरबेडा क्षेत्र में देशी कट्टा दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी हरमीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से नगदी रकम, देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। घटना में उसका एक साथी दीपक तिवारी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। मामला 1 सितंबर का है जब प्रार्थी उज्ज्वल निषाद अपने दोस्त के साथ जी.ई. रोड स्थित एटीएम में पैसा जमा करने गया था। तकनीकी खराबी के चलते लेन-देन नहीं हो पाया, जिसके बाद दोनों स्कूटी से घर लौट रहे थे। कुकुरबेडा डुमरतालाब विप्र कॉलेज के पास दो बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने उन्हें रोककर देशी कट्टा दिखाया और जेब से 4,500 रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना पर पुलिस उपमहानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने सख्ती दिखाते हुए तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की जानकारी के आधार पर कबीर नगर निवासी हरमीत सिंह को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने साथी दीपक तिवारी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना खमतराई पुलिस ने प्राणघातक हमले के मामले में 01 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी कमलेश वर्मा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पर 27 अप्रैल 2024 को भनपुरी चौक क्षेत्र में पूर्व रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। मामले में प्रार्थी डागेश्वर साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई धनेश साहू शाम 6.30 बजे टहलने जा रहा था। इसी दौरान पाटीदार भवन भनपुरी के पास आरोपियों ने उसे रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से पेट में वार कर गंभीर चोट पहुंचाई थी। घटना के बाद थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 417/2024 धारा 294, 323, 506, 307, 201, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया।

सौगात : दुर्गापूजा, दिवाली और छठ के लिए 39 विशेष ट्रेनें

रायपुर/नवप्रदेश। त्योहारी सीजन को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 39 विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें दुर्गापूजा, दिवाली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान 21 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक चलाई जाएंगी। भारतीय रेल ने देशभर में त्योहारी मौसम के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन का फैसला किया है, जो 2024 अतिरिक्त फेरे सुनिश्चित करेंगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की इन 39 विशेष ट्रेनों में से 8 ट्रेनें इसके क्षेत्र से होकर चलेंगी, जो मुख्य रूप से पटना, शालीमार, निजामुद्दीन, सुलतानपुर जैसे प्रमुख गंतव्यों को जोड़ेंगी। ये ट्रेनें उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशनों से ग्रामीण इलाकों तक यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाएंगी, ताकि लोग अपने प्रियजनों के साथ त्योहार मना सकें।

भारतीय रेल ने बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए 12,000 से अधिक ट्रेनों की योजना बनाई है, जिनका नोटिफिकेशन जारी होना शुरू हो चुका है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की यह पहल यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अवसर प्रदान करेगी। अधिक जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या स्टेशन पूछताछ केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कार्यक्रम

ट्रेन संख्या	ट्रेन का नाम	चलने के दिन	कुल फेरे	अवधि
08865	एनआईटीआर - शालीमार स्पेशल	प्रतिदिन	05	27.09.25 से 01.10.25
08866	शालीमार - एनआईटीआर स्पेशल	प्रतिदिन	05	28.09.25 से 02.10.25
08760	दुर्ग - निजामुद्दीन स्पेशल	प्रत्येक रविवार	08	05.10.25 से 23.11.25
08761	निजामुद्दीन - दुर्ग स्पेशल	प्रत्येक सोमवार	08	06.10.25 से 24.11.25
08261	बिलासपुर - यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल	प्रत्येक शनिवार	11	09.09.25 से 18.11.25
08262	यशवंतपुर - बिलासपुर एक्सप्रेस स्पेशल	प्रत्येक रविवार	11	10.09.25 से 19.11.25
08763	दुर्ग - सुल्तानपुर एक्सप्रेस स्पेशल	प्रत्येक शनिवार	12	13.09.25 से 29.11.25
08764	सुल्तानपुर - दुर्ग एक्सप्रेस स्पेशल	प्रत्येक रविवार	11	14.09.25 से 30.11.25
08897	गोंदिया - पटना छठ स्पेशल	गुरुवार व शुक्रवार	02	23.10.25 एवं 24.10.25
08898	पटना -गोंदिया छठ स्पेशल	शुक्रवार व शनिवार	02	24.10.25 एवं 25.10.25
08795	दुर्ग - पटना दिवाली स्पेशल	शुक्रवार व शनिवार	02	24.10.25 एवं 25.10.25
08796	पटना - दुर्ग दिवाली स्पेशल	रविवार व सोमवार	02	19.10.25 एवं 20.10.25

एक्सप्रेस ट्रेनों के नए ठहराव से यात्रियों में खुशी की लहर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर रेल मंडल के बिल्हा, हथबंद और देवबलोदा चरौदा स्टेशनों पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू किया है। इस फैसले से दैनिक यात्रियों और स्थानीय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बिल्हा स्टेशन पर अब बिलासपुर-नागपुर इंटरसिटी, सारनाथ, शालीमार और शिवनाथ एक्सप्रेस का ठहराव रहेगा। हथबंद स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का पहला ठहराव 1 सितंबर को हुआ, जहां यात्रियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक ट्रेन का स्वागत किया। वहीं देवबलोदा चरौदा स्टेशन पर एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस को रोका गया है। दैनिक यात्रियों ने इस पहल को समय और सुविधा की दृष्टि से बेहद उपयोगी बताया। न्यू छत्तीसगढ़ स्कूल हथबंद की प्रधान अध्यापिका एवं समाज सेविका श्रीमती अखिलेश्वरी शुक्ला ने यात्रियों की ओर से मंडल रेल प्रबंधक को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी के साथ ट्रेनों के ठहराव से मिलने वाले लाभों पर चर्चा भी की गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन ठहरावों से नौकरीपेशा लोगों, उच्च शिक्षा के लिए रायपुर आने वाले विद्यार्थियों और व्यापारियों को खासा लाभ होगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आवागमन भी और अधिक सुगम हो सकेगा।

बिना डीजे 8 को निकलेगी गणेश झांकी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आगामी गणेश विसर्जन और झांकी जुलूस को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में झांकी समिति की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि 8 सितंबर को शहर में झांकी निकलेगी। झांकी में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता एडीएम उमाशंकर बंदे और एएसपी लखन पटले ने की।

बैठक में एडीएम बंदे ने झांकी आयोजकों से आग्रह किया कि वे यातायात व्यवस्था में सहयोग करें और सभी समितियां न्यायालय एवं शासन के निर्देशानुसार नगर निगम से अनिवार्य अनुमति प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को निर्धारित समय और निर्धारित रूट पर ही झांकी निकलेगी।

एएसपी लखन पटले ने कहा कि झांकियों के समय और अनुशासन का पालन अनिवार्य होगा। समिति के सदस्यों को नशा सेवन से दूर रहने की हिदायत दी गई है। पुलिस की टीमें पूरे जुलूस के दौरान निगरानी रखेंगी और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इस अवसर पर एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, सीएसपी दौलत राम पोर्ते, सीएसपी आईपीएस इशू अग्रवाल सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

आज रवाना होगी रामलला दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन : धर्मस्व मंत्री अग्रवाल

- **राजनांदगांव एवं दुर्ग से स्पेशल ट्रेन से 850 तीर्थ यात्री जाएंगे अयोध्या धाम**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रभु श्रीराम के दर्शन और अयोध्या धाम, काशी विश्वनाथ की यात्रा के लिए कल 3 सितम्बर को राजनांदगांव और दुर्ग जिले से 850 तीर्थ यात्रियों का दल रवाना होगा। पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में पूर्वान्ह 11.20 बजे अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ जाने वाली इस स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 850 दर्शनार्थियों के इस दल में दुर्ग और बस्तर संभाग के यात्री शामिल हैं। मंत्री श्री राजेश अग्रवाल तीर्थ यात्रियों की स्पेशल ट्रेन से राजनांदगांव से रवाना होकर दुर्ग आएंगे और यहां से अयोध्या धाम दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थ यात्रियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाओं के साथ रवाना करेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत प्रदेश के नागरिकों को प्रभु श्रीराम के दर्शन के साथ ही अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ की निःशुल्क यात्रा का प्रबंध होता है। यह योजना 5 मार्च 2024 से प्रारंभ हुई है। इस योजना के तहत अब तक प्रदेश के 28 हजार से अधिक लोगों को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का लाभ मिला है।

स्मार्ट वर्क... ग्रामीण भारत में जवाबदेही और पारदर्शिता का डिजिटल आंदोलन

क्यूआर कोड से मिलेगी हरेक गांव में 3 साल के मनरेगा कार्यों की जानकारी

दुर्ग/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत में लगाए जाने वाले क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीण घर बैठे अपने मोबाइल से पिछले तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी मिल सकेगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने हर ग्राम पंचायत में क्यू आर कोड लॉन्च किया गया है। हर पंचायत भवन और प्रमुख स्थानों पर लगाए जा रहे विशेष क्यू आर कोड स्कैन करने पर ग्रामीणों को विकास की असली तस्वीर देखने मिलेगी।

पिछले 3 वर्षों में गाँव में मनरेगा के अंतर्गत हुए सभी कार्यों की सूची मिलेगी। प्रत्येक कार्य पर हुए खर्च और भुगतान का विस्तृत लेखा-जोखा उपलब्ध रहेगा। धनराशि का उपयोग कहां हुआ और राशि का भुगतान किसे किया गया, इसकी स्पष्ट जानकारी मिल जाएगी। ग्रामीण भारत में जवाबदेही और पारदर्शिता का डिजिटल आंदोलन है। अब कोई भी ग्रामीण जान सकेगा कि उसके गाँव के विकास कार्यों में एक-एक रुपये का उपयोग कैसे हो रहा है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी, बल्कि योजनाओं पर जनता का भरोसा भी मज़बूत होगा।

कर सकेंगे योजनाओं की निगरानी

क्यूआर कोड से अब मनरेगा कार्यों की पूरी जानकारी मिलेगी। ग्रामीण करेंगे सीधे योजनाओं की निगरानी कर सकेंगे। सितंबर तक पंचायत भवनों में चस्पा होने वाले क्यूआर कोड से आम नागरिकों को योजनाओं से जुड़ी हर जानकारी तत्काल और पारदर्शी तरीके से मिलेगी। इसके लिए जनपद पंचायत दुर्ग धमधा पाटन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के विशेष क्यूआर कोड तैयार किए गए हैं। इससे विकास कार्यों पर जनता की सीधी नजर बनी रहेगी। अनियमितताओं पर रोक लगेगी।

-बजरंग दुबे,
सीईओ, जिला पंचायत, दुर्ग

सुविचार

चेहरा देखकर इंसानों को पहचानना मुश्किल है क्योंकि हर आदमी कई चेहरे लेकर घूमने लगा है। - अज्ञात

भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत

संघाई सहयोग परिसर के शिखर सम्मेलन में भारत को एक और बड़ी कूटनीतिक जीत मिली है। इस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ एससीओ देशों से एक जुट होने का जो आव्हान दिया था। उस पर एससीओ के सदस्य देशों ने सिर्फ सहमति जताई बल्कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरूद्ध एक प्रस्ताव पारित करके सभी ने इसकी कड़ी निंदा की। इस प्रस्ताव पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को भी हस्ताक्षर करने पड़े। जाहिर है इस वैश्विक संगठन में भारत ने आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ पूरी दमदारी के साथ अपनी बात रखी और सभी सदस्यों की सहमति प्राप्त करने में भी सफल रहा। यहां तक की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी एससीओ की बैठक के दौरान चरमपंथ और आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया से एकजुटता का आव्हान किया। इस शिखर सम्मेलन में भारत ने आतंक का पर्याय बन चुके पाकिस्तान को एक बार फिर वैश्विक मंच पर बेनकाब करके रख दिया। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ अपना सा मुंह लेकर रह गया। इस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से रूस और चीन के राष्ट्रपति सहित सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने गर्मजोशी के साथ मुलाकात की लेकिन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को सभी ने नजर अंदाज कर दिया जो पाकिस्तान के लिए करारा झटका है। अब तो खुद पाकिस्तान में ही शाहबाज शरीफ की कड़ी आलोचना की जा रही है और यह कहा जा रहा है कि वे आखिर एससीओ की बैठक में गये ही क्यों थे। कुल मिलाकर एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत से अपनी बात पूरी निर्भिकता के साथ रखी और इसके सदस्य देशों की सहमति बनाने में भी सफल रहा। इस लिहाज से इसे भारत की एक बड़ी सफलता माना जा सकता है। एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत चीन और रूस के बीच पस्पर सहयोग बढ़ाने पर जो सहमति बनी है वह अमेरिका के लिए भी एक करारा झटका है जो खुद को दुनिया का चौधरी समझने का मुगालता पाले बैठा हैं। जिस तरह एससीओ की बैठक में भारत की पूछ परख हुई है उसे देखकर अमेरिका के लोग भी अब वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना कर रहे हैं और यह सवाल उठा रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ने भारत जैसे देश के साथ पंगा मोल लेकर अपने ही हाथों अपने पैर में कुल्हाड़ी मारी है। अब भारत रूस और चीन के साथ अपने संबंध मजबूत करेगा तो इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा।

एसआईआर पर विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट से झटका

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव से पूर्व कराये जा रहे एसआईआर को लेकर विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है किन्तु सुप्रीम कोर्ट लगातार एसआईआर के मामले में विपक्ष को झटके पर झटका दे रहा है पहले तो विपक्षी दलों ने एसआईआर को ही अवैधानिक बताते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी जिसे खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को वैधानिक बताया था अब विपक्षी पार्टियों ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावे और आपत्ति दर्ज कराने की समय सीमा जो एक सितंबर को खत्म हो गई है। उसे आगे बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी इसे भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करके विपक्ष को एक और झटका दिया है और इसकी समय सीमा बढ़ाने से इंकार कर दिया है। यही नहीं बल्कि आधार कार्ड को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार कार्ड का उद्देश्य नागरिकता को साबित नहीं करता बल्कि पहचान को ही साबित करता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब विपक्ष एसआईआर के खिलाफ और कोई मांग शायद ही उठा पाये। उसे तो चुनाव आयोग का शुक्र गुजार होना चाहिए जिसने अभी भी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने का विपक्षी पार्टियों को अवसर दिया है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का काम जारी रहेगा। संबंधित लोग अपनी दावा आपत्ति अभी भी पेश कर सकते है। कुल मिलाकर अब बिहार में एसआईआर को लेकर विपक्ष ने जो प्रोपोगेन्डा खड़ा किया था उसका अब पटोक्षेप हो जाना चाहिए।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ अविवेकपूर्ण ढंग से उठाए गए कदम निर्णय नाश के ही कारण बनेंगे और अगर ये निर्णय पूरे नहीं होते तो भी तुम असंतोष में, दुख में, तनाव में, अवसाद में, पीड़ा में हो जाओगे, ये और बड़ा भारी नुकसान है। ये दोनों ही पथ नुकसान के है। आपको विवेकी होना होगा।

◆ एक स्वस्थ, मस्त और आनंदित जीवन के लिए किसी शास्त्र की जरूरत नहीं है; व्यक्ति का अपना छोटा सा जीवन इतना गहरा शास्त्र है, बस वह उसे पढ़ना जानता हो।

◆ सीखने के लिए बहुत आयोजन करने की जरूरत नहीं होती, बस अपना जीवन का अध्ययन ही काफी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1791 फ्रांस की संसद ने देश का संविधान पारित किया। 1812 इंग्लैंड के लंदन शहर में डब्बों में खाना भरने वाला संसार का पहला कारखाना खुला। 1833 बेंजामिन एच.डे. ने अमेरिका में पहला सफल समाचार पत्र 'न्यूयॉर्क सन' का प्रकाशन शुरू किया। 1838 भविष्य के अमेरिकी उन्मूलनवादी फ्रेडरिक डगलस दासता से बच गए। 1901 ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय ध्वज, कॉमनवेल्थ स्टार और दक्षिणी क्रॉस के साथ एक ब्लू एनस्टाइन ने मेलबोर्न में रॉयल प्रदर्शनी भवन के ऊपर पहली बार उड़ान भरी। 1939 ब्रिटेन और फ्रांस ने हिटलर के पोलैंड के आक्रमण के प्रतिशोध में जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की। 1943 दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया। 1950 एमीलियो नीनो फरिना पहले फार्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन बने। 2011 एथलेटिक्स में 13 वीं विश्व चैंपियनशिपः उसैन बोल्ट ने 200 मीटर की दौड़ में जीत हासिल की। 2013 माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन नोकिया के मोबाइल फोन डिवीजन को 7.2 बिलियन डॉलर में खरीदती है।

राजेंद्र बहादुर सिंह

अभी विपक्षी दलों की एकता भले चुनावी रणनीति और उम्मीदवार चयन में सफल रही हो, असली परीक्षा आगे लोकसभा व विधानसभा चुनाव में होगी। यदि विपक्ष मौजूदा समन्वय और एकजुटता को बनाए रखने में कामयाब होता है, तो चुनावी नतीजों में बदलाव संभव है लेकिन व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, क्षेत्रीय स्वार्थ, और नेतृत्व विवाद यदि हावी रहे, तो विपक्ष को बिखरना तय है। उपराष्ट्रपति चुनाव सिर्फएक पद के लिए नहीं, बल्कि विपक्ष की असली ताकत और उसकी परिपक्वता का परीक्षण है। इसकी सफलता या विफलता भारत की लोकतांत्रिक राजनीति को अगले कुछ वर्षों तक दिशा देने वाली है।

उपराष्ट्रपति चुनाव : सरकार और विपक्ष के लिए अग्नि परीक्षा

अगले सप्ताह होने जा रहा उपराष्ट्रपति का उपचुनाव तय करेगा कि 2 माह बाद बिहार विधानसभा के चुनाव और 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा एवं 2029 के लोक सभा चुनाव में विभिन्न दलों अथवा गठबंधनों की क्या स्थति रहेगी। न सिर्फ राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है, बल्कि देश के कुछ बड़े नेता जैसे ममता बनर्जी, लालू यादव, नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के राजनीतिक भविष्य के संकेत इस राष्ट्रपति के चुनाव से स्पष्ट दिखना शुरू हो जाएंगे ।

उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 में भारत का विपक्ष एकजुट नजर आ रहा है, लेकिन उसकी यह एकता लंबी दूरी तय कर पाएगी या फिर बड़े नेता अलग राह चुनेंगे, यह सवाल सबसे ज्यादा चर्चा में है। यह चुनाव विपक्षी राजनीति की 'अग्निपरीक्षा' बन गया है, और इसका असर आगामी लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों की दिशा तय करेगा। उपराष्ट्रपति चुनाव ने विपक्षी दलों, खासतौर पर इंडिया ब्लॉक को एक मंच पर ला दिया है। सुदर्शन रेड्डी को विपक्ष का साझा उम्मीदवार घोषित किया गया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टी भी शामिल हुई, जिसने 2022 में चुनाव का बहिष्कार किया था लेकिन इस एकता के भीतर दरारें और वैचारिक मतभेद भी तेज हो रहे हैं। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जैसी पार्टियाँ मुद्दों पर समर्थन देती जरूर दिख रही हैं, पर तकनीकी तौर पर गठबंधन से स्वयं को अलग रखती रही हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच दूरी कभी घटती है, कभी बढ़ती है। इसके अलावा सीट शेयरिंग और रणनीतिक मसलों पर भी मतभेद हैं।

बड़े विपक्षी नेता जैसे ममता बनर्जी, लालू यादव, केजरीवाल या अखिलेश यादव अपना अगला कदम स्पष्ट करने से बच रहे हैं, जिससे आगामी रणनीति और नेतृत्व को लेकर असमंजस की स्थिति है। ममता बनर्जी कभी गठबंधन में नेतृत्व का दावा करती हैं, तो कभी बाहर से समर्थन देने की बात करती हैं। लालू यादव ने ममता को गठबंधन प्रमुख बनाए जाने की वकालत की, जिससे कांग्रेस दरकिनार होती दिखी।

मीडिया के ताजा सर्वे बताते हैं कि बीजेपी अपनी सीटें जरूर खो रही है, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अब भी सबसे बड़ी शक्ति है और बहुमत के आसपास बनी हुई है। दो बड़े राष्ट्रीय सर्वे में अगस्त 2025 तक भारतीय जनता पार्टी की सीटें गिरकर 260 के करीब आ गई हैं, तो कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन कुछ मजबूती हासिल कर रहा है, पर बहुमत के लिए संघर्ष जारी है। मोदी अब भी प्रधानमंत्री के तौर पर जनता की पहली पसंद हैं, जबकि राहुल गांधी को दूसरा स्थान मिला है। मोदी के अलावा अन्य विकल्प की लगातार तलाश हो रही है। अमित शाह व योगी आदित्यनाथ के नाम आगे आते हैं, लेकिन वह प्रभाव या स्वीकार्यता नहीं बन पा रही है।

अभी विपक्षी दलों की एकता भले चुनावी रणनीति और उम्मीदवार चयन में सफल रही हो, असली परीक्षा आगे लोकसभा व विधानसभा चुनाव में होगी। यदि विपक्ष मौजूदा समन्वय और एकजुटता को बनाए रखने में कामयाब होता है, तो चुनावी नतीजों में बदलाव संभव है लेकिन व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, क्षेत्रीय स्वार्थ, और नेतृत्व विवाद यदि हावी रहे, तो विपक्ष को बिखरना तय है।

उपराष्ट्रपति चुनाव सिर्फएक पद के लिए नहीं, बल्कि विपक्ष की असली ताकत और उसकी परिपक्वता का परीक्षण है। इसकी सफलता या विफलता भारत की लोकतांत्रिक राजनीति को अगले कुछ वर्षों तक दिशा देने वाली है।

हरदीप एस. पुरी
केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

कुछ आलोचकों का आरोप है कि भारत रूस के तेल के लिए एक फ्लौंड्रोमैटफ बन गया है। इससे अधिक निराधार बात और कुछ नहीं हो सकती। भारत इस संघर्ष से काफी पहले दशकों से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है और हमारे रिफाइनर विश्व भर से इस प्रकार के क्रूड का एक समूह बनाते हैं।निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं को सक्रिय रखता है। वास्तव में, रूस के कच्चे तेल पर प्रतिबंध लगाने के बाद यूरोप ने भी भारतीय ईंधनों की ओर रुख किया। निर्यात की मात्रा और रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) मोटे तौर पर समान ही हैं।मुनाफे लेने का इसमें का कोई सवाल ही नहीं है। यह तथ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के बाद वैश्विक कीमतों में उछाल आने पर अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए निर्णायक रूप से कदम उठाए। तेल से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर तक के नुकसान को सहन किया।सरकार ने केन्द्रीय और राज्य के करों में कटौती कीऔर निर्यात से जुड़े नियमों ने यह अनिवार्य किया कि विदेशों में पेट्रोल और डीजल बेचने वाले रिफाइनर को घरेलू बाजार में कम से कम 50 प्रतिशत पेट्रोल और 30 प्रतिशतडीजल बेचना होगा।

भारत का आर्थिक मंथन और विकास का अमृत

भारतीय सभ्यता में अरसे से यह मान्यता रही है कि कामयाबी से पहले परीक्षा होती है। समुद्र मंथन, जहां मथने की प्रकिया से अमृत निकला था,इसी तरह हमारे आर्थिक मंथन ने भी हमेशा ही नवीनता का मार्ग प्रशस्त किया है। वर्ष1991 के संकट से जहां उदारीकरण का जन्म हुआ; वहीं महामारी से डिजिटल उपयोग तेज हुआ।और आज, भारत को एक "मृत अर्थव्यवस्था" कहने वाले संशयवादियों के शोर-शराबे के बीच-तीव्र विकास, मजबूत बफर, और व्यापक अवसर - की एक तथ्य परक कहानी उभर कर सामने आई है।

जीडीपी के ताजा आंकड़ों पर जरा गौर करें। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह वृद्धि दरपिछली पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वृद्धि व्यापक हैः सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.6 प्रतिशत बढ़ा है, जिसमें मैन्यूफैक्चरिंग 7.7 प्रतिशत, निर्माण 7.6 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र लगभग 9.3 प्रतिशतबढ़ा है। नॉमिनल जीडीपी में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह कोईमनमाने तरीके से बताई गई तेजी नहीं है।यह बढ़ते उपभोग, मजबूत निवेश और निरंतरसार्वजनिक पूंजीगत व्यय वपूरी अर्थव्यवस्था में लागत कम करने वाले लॉजिस्टिक्स संबंधी सुधारों से हासिल नतीजोंका सबूत है।

भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

यह तेजी के मामले में दुनिया की पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं क्रमशःअमेरिका और चीनसे भी आगे निकल गई है। वर्तमान गति से, हम इस दशक के अंत तक जर्मनी को पीछे छोड़कर बाजार-विनिमय के संदर्भ में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। हमारी गति वैश्विक स्तर पर मायने रखती है।स्वतंत्र अनुमान बताते हैं कि भारत पहले से ही वैश्विक वृद्धि में 15 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने एक स्पष्ट लक्ष्यरखा है – सुधारों के मजबूत होने और नई क्षमताओं के सामने आने के साथ-साथ वैश्विक वृद्धि में हमारी हिस्सेदारी बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंचे।

विभिन्न बाजारों और रेटिंग एजेंसियों ने हमारे इस अनुशासन को मान्यता दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने मजबूत विकास, मौद्रिक विश्वसनीयता और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का हवाला देते हुए, 18 वर्षों में पहली बार भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को उन्नत किया है। इस अपग्रेड से उधार लेने की लागत कम होती है और निवेशक आधार का विस्तार होता है।

यह "मृत अर्थव्यवस्था" की धारणा को भी झुठलाता है। जोखिम के स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने अपनी रेटिंग के साथ अपना मत दिया है। उतना ही महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि आखिर इस सबका लाभ किसे मिला है। वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच, 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबीसे बाहर निकल आए हैं। यह बदलाव उन बुनियादी सेवाओं - बैंक खाते, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, स्वास्थ्य बीमा, नल का जलऔर प्रत्यक्ष हस्तांतरण - की बड़े पैमाने पर आपूर्ति पर निर्भर है जो गरीबों को विकल्प चुनने का अधिकार देता है। दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र और उल्लेखनीय जनसांख्यिकीय चुनौतियों के बीच विकास का यह पैमाना बेहद खास है। विकास का भारत का यह मॉडल आम सहमति के निर्माण, प्रतिस्पर्धी संघवाद और डिजिटल माध्यमों के उपयोग से अंतिम छोर तक सेवा प्रदान करने को महत्व देता है। यह घोषणा के मामले में धीमा,क्रियान्वयन के मामले में तेज और निर्माण की दृष्टि से टिकाऊ है। जब आलोचक हमारी तुलना तेज भागने वाले सत्तावादियों से करते हैं, तो वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर देते हैं किहम मैराथन धावक की तर्ज पर लंबी दूरी तय करने वाली एक अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं। भारत के पेट्रोलियम मंत्री के रूप में, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा इस तीव्र विकास में किस प्रकार सहायक की भूमिका निभा रहीहै। आज, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा तेलशोधक (रिफाइनर) और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है। हमारी तेलशोधन (रिफाइनिंग) क्षमता 5.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से अधिक हैऔर इस दशक के अंत तक इसे 400 मिलियनटन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से आगे बढ़ाने का एक स्पष्ट रोडमैप हमारे पास उपलब्ध है।

भारत की ऊर्जा संबंधी मांग - जो 2047 तक दोगुनी होने का अनुमान है - बढ़ती वैश्विक मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा होगी, जिससे हमारी सफलता वैश्विक ऊर्जा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बन जाएगी। सरकार का दृष्टिकोण सुरक्षा को सुधार के साथ जोड़ने का रहा है। तेल की खोज का क्षेत्र 2021 में तलछटी घाटियों के 8 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 16 प्रतिशत से अधिक हो गया है। हमारालक्ष्य2030 तक इसे बढ़ाकर 10 लाख वर्ग किलोमीटर करना है। तथाकथित 'निषिद्ध' (नो-गो)क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की भारी कमी ने अपार संभावनाओं को जन्म दिया है, जबकि ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी)पारदर्शी वप्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। गैस मूल्य निर्धारण से संबंधी नए सुधारों - जिनमें कीमतों को भारतीय कच्चे तेल की टोकरी से जोड़ा गया है और गहरे पानी एवं नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश की गई है - ने निवेश को बढ़ावा दिया है।

हमारी ऊर्जा की कहानी सिर्फ हाइड्रोकार्बन की ही नहीं,बल्कि बदलाव की भी कहानी है। वर्ष 2014 में इथेनॉल मिश्रण 1.5 प्रतिशत से बढ़कर आज 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत के बराबर हो गईहै और किसानों को सीधे एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है। सतत के तहत 300 से ज़्यादा संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनका लक्ष्य 2028 तक 5 प्रतिशत मिश्रण का है और तेल से जुड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर कुछ जगहों में काफी शोरगुलहुआ है। आइए तथ्यों को इस शोरशराबे से अलग करके देखें। रूस की तेल पर ईरान या वेनेजुएला के कच्चे तेल की तरह कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया।यह जी7/ईयूमूल्य-सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे जानबूझकर राजस्व को सीमित रखते हुए तेल प्रवाह को बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे पैकेजों के 18 दौर हो चुके हैं और भारत ने हरेक दौर का पालन किया है। प्रत्येक लेनदेन में कानूनी लदान(शिपिंग)एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारियों और लेखा-परीक्षण (ऑडिट) किए गए चैनलों का उपयोग किया गया है। हमने कोई नियम नहीं तोड़े हैं।हमने बाजारों को स्थिर किया है और वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बारिशों वाली, हवाएं

बारिशों वाली, हवाएं आ गई बदलियां बन के घटाएं छा गईं बांसुरी सी बज रहीं हैं दूर तक लग रहा गीतों का मौसम आ रहा। लगा रहा.. मोरनी तो बादलों संग गा रहीं चुनर धानी, घाटियां लहरा रहीं ओंठ की दो तितलियां हंस पड़ीं फूल से राहों में वो बरसा रहा लग रहा ... ला रही पुरवा सुगंध बहार की गीत से गुंजार , गूँजी प्यार की खिल गए चहरों पे, नए इन्द्र धनु गीत बादल ज़िन्दगी के गा रहा लग रहा ...। - **अजय कुमार सिंह भादौरिया**

कौन रोक सका

कौन रोक सका है, उगते रवि को उड़ती घटाओं को बढ़ते शशि को बहती हवाओं को कौन रोक सका है ,पर फैलाये परिंदों को क्रोध में अंधे दरिंदों को उजड़ती बस्तियों को टूटती कश्तियों को कौन पढ़ सका है चेहरे की किताबों को मन के नवाबों को सोच के आसमानों को बाहर से मकानों को दोस्त की वफाओं को दुश्मन की जफ़ाओं को प्रिय की अदाओं को दूर से आती सदाओं को। - **मधुलिका शुक्ला**

मिले मोदी पुतिन जिनपिंग

मिले मोदी पुतिन जिनपिंग ट्रंप के आगू पिच्छू बज उठी बीन ।। थे वहां और भी कई खवातीन ट्रंप के आगू पिच्छू बज उठी बीन ।। कम दाम में पटरोल देत पुतिन ट्रंप के आगू पिच्छू बज उठी बीन।। दिल्ली से मिल रहा बीजिंग ट्रंप के आगू पिच्छू बज उठी बीन ।। - **राजीव वर्मा**

हर शाम मुकम्मल हो जरूरी तो नहीं

हर शाम मुकम्मल हो जरूरी तो नहीं हर दरिया पर पुल हो जरूरी तो नहीं हर मुलाकात दिल को छू ले जरूरी तो नहीं कुछ बातों की परिणिति परिपूर्ण हो जरूरी तो नहीं कुछ अपूर्णताएं पूर्ण होने का अहसास देती है कुछ अधूरेपन अधुरे न होकर मुकम्मल होते है मेरे लफ़्ज़ों में - **शोभा गोयल**

मनायो मैने गौरी को नंद गणेश माता

मनायो मैने गौरी को नंद गणेश माता जिनकी पार्वती है, पिताजी तो कहिए महेश .. मनायो मैने गौरी को नंद गणेश. मूषक जिनके वाहन कहिए,गज हस्ती के भेष ... मनायो मैने गौरी को नंद गणेश...करूं एक अरदास गजानन, हरिये कष्ट रमेश. मनायो मैने गौरी को नंद गणेश.। - **रमेश शर्मा वशिष्ट**

टूटता है शब्द कोई जब मन में

टूटता है शब्द कोई जब मन में गुथा हुआ नीरनिधि बनी वंध्या मिट्टी और फूल पैरो से रौंदा हुआ सुख गया रसातल इस धरा पे और मदिरालय है भरा हुआ शोर मचाते सत्य हैं दबाते आज भाई,भाई से डरा हुआ विद्यालय,जहाँ जन्म ले विद्या सारी अब नीतिज्ञ वहाँ पे मरा हुआ कुछ न सुझा लिख दिया यहाँ पे आज फिर कुछ शब्द गुथा हुआ। - **नीरज वर्मा**

आकाश में उड़ते पंछियों को देखकर

आकाश में उड़ते पंछियों को देखकर अकसर सोचती है लड़कियां काश वो भी उनकी तरह उन्मुक्त होकर आकाश में उड़ पाती ! वो ये क्यों नहीं सोचती कि अगर वो पंछी भी ऐसा ही सोचते तो क्या वो उड़ पाते? क्योकिं बस सोचने भर से कुछ नहीं होता हौसलों को बल देना पड़ता है तभी सपनों को पंख लग पाते है और उड़ान संभव हो पाती है और फिर पुरा आकाश हमारा होता है !! - **रूबी प्रसाद**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिये भाग्योन्नति कारक रहेगा। पिछली गलतियों से सीख लेकर ही आज नए कार्य आरंभ करेंगे।

वृषः आज के दिन आप सेहत को लेकर लापरवाही करेंगे इसके परिणाम आगे गंभीर भी हो सकते है।

मिथुनः आज का दिन आपको लगभग प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाएगा जिस कार्य में हानि हो उसका कारण कोई अन्य व्यक्ति ही रहेगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिऐ अपेक्षा अनुसार तो नही फिर भी संतोषजनक रहेगा। प्रातः काल से ही किसी से पुराने विवाद के कारण मन विचलित रहेगा।

सिंहः आज के दिन आपके विचार तो उच्च रहेंगे परन्तु कर्म इसके अनुरूप ना होने से अन्य लोगो की तुलना में स्वयं को पिछड़ा अनुभव करेंगे।

कन्याः आज का दिन भी आपके लिए प्रतिकूल रहेगा। दिन भर किसी ना किसी कारण से मन बेचैन रहेगा। परिवार में भी सदस्यों के बीच मनमुटाव रहेगा स्त्री वर्ग से कलह होगी।

तुलाः आज के दिन परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। दिन के आरंभ में कुछ कार्यो को लेकर दुविधा होगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये आर्थिक उलझनों से भरा रहेगा फिर भी आज जिस व्यक्ति से कोई उम्मीद नही रखेंगे वह भी आपके लिए किसी ना किसी प्रकार से सहायक बनेगा।

धनुः आज का दिन पूरी तरह आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा। व्यवसायी वर्ग आज खुल कर निर्णय ले सकेंगे।

मकरः आज आप अपने लापरवाह रवैये के कारण सेहत के साथ धन की हानि भी करवाएंगे। आज आप जिस भी कार्य का निर्णय लेंगे।

कुंभः आज का दिन आपको आकस्मिक लाभ की प्राप्ति कराएगा। विरोधीयो की भी आपके आगे दाल नही गलेगी।

मीनः आज के दिन भी आपको अनुकूल फलों की प्राप्ति होगी परन्तु इसके लिए शारीरिक एवं बौद्धिक परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।

सूर्योदय : 06:11,सूर्यास्त : 06:43, चन्द्रोदय : 15:01,चन्द्रास्त : 24:58, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : भाद्रपद,पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : तैतिल (15:22 तक), द्वितीय करण : गर (27:53 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : सिंह, चंद्र : धनु, मंगल : कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : सिंह (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) सिकल सेल डिजीज किस प्रकार का विकार है?

2) सुमी नागा जनजाति मुख्य रूप से किस राज्य में पाई जाती है?

3) पश्चिम बंगाल का कौन सा जिला पूर्वी भारत की पहली खगोलीय वेधशाला का घर है?

4) मकरविलक्कु त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?

5) आंध्र प्रदेश में कारीगरों द्वारा किस आक्रामक पौधे का उपयोग पर्यावरण के अनुकूल हस्तशिल्प बनाने के लिए किया जा रहा है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विरासत में मिला रक्त विकार (2) नागालैंड (3) पुरुलिया (4) केरल (5) वाटर हायसिंथ

शब्द सागर

3 तस्करों से 1.80 लाख का 11 किलो गांजा बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। अंतर्राज्यीय 3 तस्कर से 11 किलो गांजा सहित वाहन व मोबाइल जब्त किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम और सिंघोड़ा पुलिस के मुताबिक 1 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर एक्सयूवी कार क्रमांक आरजे 25 यूबी 0012 को नेशनल हाईवे 53 पर सिल्की ढाबा के सामने ग्राम गनियारीपाली में रोका। कार में तीन लोग सवार थे। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम नारेडा थाना व जिला बारा राजस्थान निवासी दीपक शर्मा (39), वार्ड नंबर 09 आमापुरा बारा थाना व जिला बारा राजस्थान निवासी सुरेंद्र कुमार (34), कुंज बिहार कॉलोनी बारा थाना व जिला बारा राजस्थान निवासी महावीर सेन (35) बताया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो पीछे डिक्की में एक प्लास्टिक बोरी में गांजा रखना पाया गया। आरोपियों ने उक्त गांजा फुलवानी ओडिशा से बारा राजस्थान ले जाना बताया। आरोपियों से 11 किलो गांजा (कीमत 1.80 लाख रुपए), 01 एक्सयूवी कार और 4 मोबाइल जब्त कर धारा 20(ब) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

झिरिपानी डूमरबहाल सरपंच सचिव द्वारा हजारों रुपए आहरण के बावजूद गांव गंदगी का अंबार

देवभोग/नवप्रदेश। सरकार द्वारा साफ सफाई के लिए लाखों रुपए आबंटित करने बाद भी गांव गांव में गंदगी का आलम और कचरे का डेर देखने मिलता हैं जबकि साफ सफाई के नाम पर लाख रुपए आहरण कर लिए है ऐसे ही विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरिपानी और डूमरबहाल का सामने आया है झिरिपानी मे साफ सफाई के नाम पर 40 हजार और 41 हजार एवं 25 हजार मतलब जेसीबी मुर्मी टैक्टर डस्ट डालने के नाम पर 1 लाख 1 हजार रुपए निकला गया लेकिन यह धरातल में दिखाई नहीं पड़ रहा है जबकि स्कूल के नज़दीक और उक्त मार्ग पर कचरा का अंबार लगा हुआ है इसके अलावा नाली का भी सफाई नहीं हो पाया है जबकि नाली पौधा घास पूरी तरह पट गया है इसी तरह डूमरबहाल का भी हाल है इस गांव गली मोहल्ला तो दूर की बात मुख्य मार्ग पर गंदगी से भरा पानी का जमावड़ देखने को मिलता हैं जबकि इस पंचायत के सरपंच सचिव ने भी साफसफाई के नाम पर 86 हजार से अधिक राशि आहरण कर लिया लेकिन आहरण अनुसार बिल्कुल भी साफ सफाई नही हो पाया शायद यही वजह है कि इन पंचायत पर 15 वें वित्त मद के तहत किए कार्यों की जांच के लिए मांग किया जा रहा है। बकायदा इसके लिए जल्द जिला सीईओ से मुलाकात कर शिकायत पत्र देने की बात कही जा रही है। क्योंकि ग्रामीणों के मनसा अनुरूप साफसफाई नाली सड़क मरम्मत चांदनी निर्माण जैसे अन्य कार्य नही हो रहा है सिर्फ़साफसफाई के नाम पर कमाने के लिए बिल लगाया जा रहा है। तभी निकाली गई राशि का शत प्रतिशत जमीनी स्तर पर उपयोग नहीं होता है। और साफसफाई के नाम पर भी हजारों रुपए निकाला गया लेकिन गांव में साफसफाई का आलम काफी ज्यादा खराब है। मतलब सरपंच सचिव तरह तरह के बिल का इस्तेमाल कर 15वें वित्त मद की राशि को बंदरबांट कर दिए हैं ग्रामीणों के अनुसार गांव में जिस तरह कचरा गंदगी का आलम है उससे सरपंच सचिव भी अवगत है कई बार सफाई के लिए कहा भी जाता हैं लेकिन अफसोस की बात है ऐसे महत्वपूर्ण साफ सफाई कार्य को अनदेखा कर अपनी झोली भर रहे हैं गांव के गंदगी से रहवासी परेशानः गांव के कई जगह कचरा और गंदगी का अंबार लगा होता है जिसकी वजह से अधिकांश ग्रामीणों में रोष व्याप्त है क्योंकी गंदगी के चलते बुखार मलेरिया सहित कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल- छुरा, खंड - छुरा की आवश्यक बैठक आहूत

छुरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के परिप्रेक्ष्य में सप्त कार्यक्रम मुख्यतः आगामी विजयादशमी उत्सव के विषय में आवश्यक समन्वय बैठक रखा गया है। बैठक जिला प्रचारक सनत पटेल जी की उपस्थिति में संपन्न होना है।

जिसमें निम्नानुसार कार्यकर्ता अपेक्षित है -

छुरा मंडल के सभी कार्यकर्ता (प्रारंभिक,प्राथमिक,प्रथम,द्वितीय व तृतीय वर्ष प्रशिक्षित),ग्राम भारती के समस्त प्रधानाचार्य,संयोजक व आचार्य , भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर व उर्ध्व कार्यकर्ता ,विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता,बजरंग दल के प्रखंड छुरा कार्यकर्ता ,किसान संघ के कार्यकर्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता , एकल अभियान के संच प्रमुख व आचार्य बंधु , राम मंदिर के समय कार्यकर्ता

स्थान - मानस मंदिर छुरा

दिनांक - 04.09.2025

दिन - गुरुवार

समय दोपहर 2:30 बजे।

महाराष्ट्रीयन परिवार में महालक्ष्मी पूजन संपन्न, आज हुई विदाई

महासमुंद/नवप्रदेश। विगत 24 घंटे से महाराष्ट्रीयन परिवारों में उत्सव का माहौल है। 31 अगस्त को

महालक्ष्मी का आगमन जिन घरों में हुआ वहां इनकी जोरदार आवभगत हो रही है। महालक्ष्मी के आगमन को लेकर सप्ताह भर से तैयारी की जाती है। साफ-सफाई के बाद रंग-रोगन कर इनकी स्थापना श्रेष्ठ मुहूर्त में की जाती है। 31 अगस्त को शहर समेत अंचल के अनेक महाराष्ट्रीयन परिवारों में महालक्ष्मी की स्थापना पूरे उत्साह के साथ की गई। इन परिवारों में इस पर्व की सालभर से प्रतीक्षा थी। महालक्ष्मी पूजन पर्व के दूसरे दिन हाउसिंग बोर्ड स्थित डफले परिवार में उत्साह के साथ माता का पूजन के साथ तीन दिवसीय आयोजन जारी है। आज कुछ खास किस्म के पौधों की पत्तियां और फूल, दुर्वा 16-16 की मात्रा पूजा के दौरान अर्पित कर 16 प्रकार की सब्जियों का भोग लगाया गया। इस दौरान आरती-भजनों का सिलसिला चलता रहा और पंगत भोज में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरे दिन महिलाओं-पुरुषों, बच्चों ने भी व्रत रखकर पूजा की। आज की बड़ी पूजा में घर परिवार के अलावा रिश्तेदार तथा पास-पड़ोस के लोग भी शामिल हुए। घर-आंगन और स्थापना स्थल को रंगोलियों तथा विद्युत झालरों से सजाया गया है। आज तीसरे दिन 2 सितंबर को महिलाएं हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन कर महालक्ष्मी को विदा करेंगी। 3 दिन से उनकी सेवा में जुटे भक्तों की आंखें उन्हें विदा करते समय नम हो जाती है।

एक क्लिनिक सील, दूसरे अस्पताल संचालक को नोटिस गांवों के झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही का इंतजार

देवभोग/नवप्रदेश। झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मुख्यालय से लेकर गांव गांव में इलाज करने की खबर नवप्रदेश में प्रकाशित के बाद आज स्थानीय स्वास्थ अमला द्वारा छापेमार कार्यवाही करते आर एल पंडा के निजी क्लिनिक को सील करने के अलावा देवमाता अस्पताल के संचालक को नोटिस देने की कार्यवाही को अंजाम दिया जिसके बाद से यह कार्यवाही को लेकर जगह जगह खिल्ली उड़ाया जा रहा है क्योंकि शासकीय अस्पताल से निकलते ही निजी क्लीनिकों का दुकान शुरू हो जाता हैं इसके मुख्यालय को छोड़ने के बाद अक्सर गांव में 8वी 10 वी पास व्यक्ति भी इलाज करता नजर आता है फिर भी एक क्लिनिक को सील और देवमाता अस्पताल के संचालक को नोटिस की कार्यवाही समझ से परे है उल्लेखनीय हो कि बीते दिन नवप्रदेश द्वारा झोलाछाप डॉक्टरो द्वारा ईलाज करने को लेकर प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया रहा जिसके बाद जिला अधिकारियों के निर्देश पर बीएमओ प्रकाश साहू अपने दल बल के साथ सबसे झाखरपारा मार्ग पर स्थित पंडा डॉक्टर के क्लीनिक पर दबिश देते दस्तावेज की दिखाने कहा लेकिन मौके पर किसी प्रकार की कोई दस्तावेज नहीं रखकर इलाज वाले क्लीनिक को सील कर दिया इसके बाद जांच टीम देवमाता अस्पताल पहुंची जहां कौने कौने की अव्यवस्था को देख नोटिस जारी करते दस्तावेज मंगाया गया है तत्पश्चात टीम ने गिरसूल सीनापाली इलाके का मुआयना किया मगर झोलाछाप डॉक्टरों ने अपनी अपनी दुकान बंद कर अंडरग्राउंड रहे हालांकि गांव गांव घातक झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करना अतिआवश्यक बताया जाता क्योंकि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के चलते अधिकांश मरीजों को शारीरिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

यह तीन जगह दवाइयों का ज़किरा लेकर करते हैं ईलाज

पहला- सीतलीजोर पर बंगाली नमक डॉक्टर दवाईयों का ज़कीरा लेकर भतराबहेली फलसापारा माहुलकोट गाड़ाघाट के भोले भाले आम मरीजों के बीच पहुंचकर हाई डोज के साथ ईलाज करते लोगो को लूटने के साथ उनकी शरीर को भी नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है जबकि इस तथाकथित डॉक्टर के खिलाफकुछ माह पहले कार्यवाही भी किया गया रहा लेकिन अधिकारियों से सांठ गांठ कर पुनः झोलाछाप डॉक्टर बनकर मरीजों की जिंदगी से खेल रहा है

दूसरा - दरलीपारा इलाके में तथाकथित पात्र डाक्टर द्वारा बेक में दवाई का ज़किरा लेकर धूपकोट नागलदेही तुवासमाल सहित आजू बाजू के गांव में हर शाम इलाज करते देखे जा सकते है बताया तो यह भी जाता हैं कि जितना अस्पताल की दवाई उपयोग उससे कई गुना हाई डोज दवाई मेडिकल से लेकर आम मरीजों के इलाज में लगा देते हैं जिससे स्थानीय स्वास्थ अमला भी अवगत है मगर अफसोस की बात है कि अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाया

तीसरा-मुख्यालय से करीब 7 किलोमिटर दूर डोंगरीगुड़ा के अलावा माहुलकोट पर बंगाली डॉक्टर द्वारा मूचबहाल कदलीमुड़ा के साथ आजू बाजू के कई गांव में घूम घूम कर ईलाज करते हैं इनके पास तो ऐसे ऐसे दवाई उपलब्ध होने की बात कही जाती जो मुख्यालय के डॉक्टर भी इस्तेमाल नहीं करते और ऐसे दवाई से ही मरीजों की तबियत और अधिक खराब होने की अंतिम स्थिति में शासकीय अस्पताल लेने का सलाह देते हैं।

16 खिलाड़ी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता जशपुर में होंगे शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन जशपुर में 04 से 07 सितंबर 2025 तक आयोजित किया गया है। जिले की 17 वर्ष बालक टीम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा की टीम संभाग विजेता बनकर क्वालीफाई किया। जिले से हॉकी 17 वर्ष बालक टीम के खिलाड़ियों में शासकीय उ. मा. वि. बेमचा महासमुंद के राकेश निषाद, पुष्कर साहू, डोगेश निषाद, फलेश यादव, गणेश सेन, राजकुमार निषाद, देवेश कुमार चंद्राकर, सागर सेन, टोमेश चंद्राकर, सागर चंद्राकर, जय चंद्राकर, देवेंद्र ध्रुव, हर्ष कुमार बघेल, अरविंद विश्वकर्मा, प्रभात कोसरे, सेवक राम विश्वकर्मा शामिल हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत विद्यालय को हॉकी खेल उपकरण प्रदाय किया गया है। जिसके माध्यम से नियमित खेल अभ्यास हो रहा हैं। विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए संभाग विजेता बनने एवं राज्य प्रतियोगिता में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया। राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, बीईओ लीलाधर सिंहा, सहायक बीईओ हिना ढालेन, प्राचार्य बेमचा एस. आर. पाटकर, लखनू राम निर्मलकर, डॉ. सेवन दास मानिकपुरीआदि, जिला हॉकी संघ पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

करणी कृपा पॉवर प्लांट पर कार्रवाई नहीं होने पर पीएम से मिलेंगे किसान

महासमुंद/नवप्रदेश। खैरझिटी में संचालित करणी कृपा उद्योग के सशर्त डायवर्षन पर एक सप्ताह में कार्यवाही करने एसडीएम और तहसीलदार को दिए गए आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होता देख किसान सत्याग्रह आंदोलनकारी और किसानों ने जन चौपाल में कार्रवाई के लिए आवेदन सौंपा है। करणी कृपा स्टील एवं पावर प्राइवेट लिमिटेड के विरोध में विश्व धरोहर सिरपुर बचाने संकल्पित राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा सत्याग्रही किसान प्रतिनिधि मंडल आज कलेक्टर जन चौपाल में पहुंचे। किसान सत्याग्रह आंदोलनकारियों ने बताया कि माननीय उच्च न्यायलय से किसानों की हुई है जीत आदेश का परिपालन जिला प्रशासन नहीं कर रहा है। करणी कृपा उद्योग का सशर्त डायवर्सन जो शर्तो का परिपालन नहीं करने पर स्वतः समाप्त हो गया है जिस पर कलेक्टर द्वारा एक सप्ताह में उस पर कार्रवाई करने एसडीएम और तहसीलदार को दिया गया था। जिस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। अब किसानों ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री के राजधानी रायपुर आगमन पर किसानों का रेला मिलने जायेगा।

शासन के आदेश पर प्रतिनियुक्ति पर बुध्दविलास सिंह डीईओ कार्यालय में पदस्थ

■ तीन साल से जिला शिक्षा कार्यालय में काम वेतन स्कूल से

छुरा / नवप्रदेश। प्रदेश की कांग्रेस सरकार हो या मौजूदा भाजपा सरकार— दोनों ने ही शिक्षकों के संलग्नीकरण (अटैचमेंट) पर रोक लगाने के आदेश जारी किए। शासन ने यह साफ कर दिया था कि किसी भी शिक्षक को लंबे समय तक विद्यालय से हटाकर कार्यालयों में पदस्थ नहीं रखा जाएगा। वजह भी साफ थी— बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

लेकिन हकीकत देखिए, गरियाबंद जिले में शासन के इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। स्कूलों में ताले लटक रहे हैं, बच्चे गुरुजी को तरस रहे हैंज और जिला शिक्षा कार्यालय गुलज़ार है!

स्कूलों में पढ़ाई चौपट : छुरा हायर सेकंडरी स्कूल में जीवविज्ञान विषय पढ़ाने वाला कोई शिक्षक मौजूद नहीं है।

ग्रामीण अंचल की पूर्व माध्यमिक शाला लादाबाहरा में भी यही हालत है।

विज्ञान जैसे गंभीर विषय बच्चों के भविष्य से मज़ाक बनकर रह गए हैं।

अभिभावक कहते हैं— अगर वेतन स्कूल से मिलता है तो पढ़ाई भी स्कूल में होनी चाहिए। हमारे बच्चों को गुरुजी।

दोनों गुरुजी दफ्तर में, स्कूल खाली

बुद्धविलास सिंह ङ्क मूल पदस्थापना छुरा गजानंद हायर सेकंडरी स्कूल (जीवविज्ञान विषय), लेकिन वर्षों से जिला शिक्षा अधिकारी (छ्वश्वह्र) कार्यालय में जमे हुए हैं। विल्सन पी. थॉमस ङ्क मूल पदस्थापना पूर्व माध्यमिक शाला लादाबाहरा, लेकिन ये भी आजकल जिला शिक्षा कार्यालय में ही हाज़िरी बजा रहे हैं। दोनों का वेतन स्कूल से निकलता है, लेकिन सेवा का लाभ दफ्तर उठा रहा है। यह न सिर्फशिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन है बल्कि शासन के संलग्नीकरण समाप्ति आदेश (2019 और 2022) की सीधी अवहेलना भी है।

रजत जयंती पर कॉलेज में 5 से 12 सितंबर तक होंगे विविध आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के संबंध में महाविद्यालय स्तर पर रजत जयंती समारोह का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 5 से 12 सितंबर तक किया जाएगा। प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में संयोजक डॉ. मालती तिवारी एवं सहसंयोजक डॉ .नीलम अग्रवाल द्वारा कार्य विभाजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। रजत जयंती समारोह के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन योजना पर चर्चा की गई। जिसमें 8 सितंबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिसका विषय 'छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्षो की उपलब्धियां 'है, भाषण प्रतियोगिता विषय 'छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं

मेरे सपनों का छत्तीसगढ़' है तथा ग्रुप डिस्कशन का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' है। इसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी, पूर्व छात्र, नागरिक भाग ले सकते हैं। इसी क्रम में 09 सितंबर को रजत जयंती पुस्तक मेला आयोजित होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाईयों द्वारा परिचर्चा, नुक्कड़ नाटक, रैली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई होंगे। 10 सितंबर को संगोष्ठी/आमंत्रित वक्तव्य/परिचर्चा । प्रभारी मनीराम धीवर सहायक प्राध्यापक भौतिकी होंगे। 11 सितंबर 2025 को एल्युमनी मीट कार्यक्रम होगा। जिसमें सत्र 2000-2001 के पश्चात प्रवेश लिए विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाएगा। प्रभारी डॉ मालती तिवारी कार्यक्रम संयोजक होंगी। 12 सितंबर को जॉब फेयर जिले के अग्रणी महाविद्यालय में जॉब फेयर का आयोजन कर विभिन्न संस्थाओं/प्रतिष्ठान को आमंत्रित करेंगे।

प्रथम पूज्य भगवान गणेश सुख समृद्धि के दाता-इन्द्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। अनाज लाइन हटरी बाजार स्थित नवजागरण गणेशोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी 51 वां गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।इस गणेश पंडाल पर रोजाना शाम की आरती में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को आयोजन समिति आमंत्रित करती है जिससे आरती का नजारा देखते ही बनता है।

बैंड बाजे के साथ होने वाली शाम के गणेश जी की इस आरती में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए और उन्होंने श्री गणेश जी की आरती कर क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।उन्होंने कहा कि प्रथम पूज्य गणेश जी को बुद्धि, विवेक सफलता और समृद्धि का देवता कहा जाता है, उनका बड़ा सिर हमें बड़ी सोच रखने की प्रेरणा देता है। छोटे नेत्र एकाग्रता सिखाते है उनका वाहन मुषक विनम्रता का प्रतीक है। गणेश जी की आराधना हमें यह संदेश देती है कि कठिनाईयों से डरना नहीं चाहिए बल्कि बुद्धि,धैर्य और विनम्रता से सभी कष्ट को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगल कार्य की शुरूआत भगवान श्री गणेश से ही होती है और जहां गणेश जी की स्तुति होती है वह पूरा क्षेत्र पावन हो जाता है। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा विधायक इन्द्र साव का सम्मान किया गया। इस दौरान राजकुमार शर्मा, मोहन केशरवानी, रोशन हबलानी, चन्द्रशेखर चक्रधारी, धनंजय तिवारी, सुरेश मंधान, नानू सोनी, जीत्तू शर्मा, नितिन शुक्ला, सत्यजीत शेंडे, मनीष केशरवानी, अनिल सोनी, कमल सेठी, मंतु चक्रवर्ती,कल्लू सोनी,पंकज केसरवानी,प्रमोद आदि उपस्थित थे।

सराहनीय कदम | भिनोदा के ग्रामीणों का अनोखा प्रयास : सरकारी स्कूल को प्राइवेट से बेहतर बनाने की पहल

भिनोदा के ग्रामीणों का सराहनीय कदमः सरकारी स्कूल में लगवाए निजी शिक्षक

गोपी अजय

सरसींवा(सारंगढ़-बिलाईगढ़) नवप्रदेश। ग्राम भिनोदा ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा कदम उठाया है, जो पूरे जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए एक मिसाल बन सकता है। जहाँ शासन-प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाने में पीछे रह जाता है, वहीं जागरूक ग्रामीण अपने बच्चों की पढ़ाई और भविष्य को संवारने के लिए खुद आगे आ गए हैं।

ग्रामीणों ने उठाया शिक्षा सुधार का जिम्मा भिनोदा के सरकारी स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई थी। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी और अभिभावकों को चिंता सताने लगी थी कि उनके बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रह जाएँ। ऐसे समय में ग्रामीणों ने एक विशेष ग्रामसभा

बुलाकर सामूहिक निर्णय लिया कि गाँव के स्कूल को प्राइवेट स्कूल से बेहतर बनाना है। ग्रामसभा में तय हुआ कि शिक्षक की कमी को पूरा करने के लिए ग्रामीण स्वयं तीन निजी शिक्षक (प्राइवेट टीचर) रखेंगे और उनकी तनख्वाह का खर्चा पूरा गाँव मिलकर उठाएगा।

जिम्मेदारी का अनोखा उदाहरणः- ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार कलेक्टर जनदर्शन, सुशासन तिहार और शिक्षा विभाग तक गुहार लगा चुके थे। लेकिन शासन-प्रशासन ने कोई ठोस पहल नहीं की। अंततः गाँव के लोगों ने कहा अगर सरकार हमारी मदद नहीं करेगी, तो हम खुद अपने बच्चों का भविष्य संवारेंगे।÷ यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि भिनोदा के लोग शिक्षा को सबसे बड़ा निवेश मानते हैं। आज स्थिति यह है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, जिससे हर साल छात्रों की संख्या घटती जा रही है।

दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूल तेजी से बढ़ रहे हैं और बच्चों की भीड़ वहाँ खिंच रही है। लेकिन भिनोदा के लोगों ने यह ठान लिया है कि वे अपने गाँव के सरकारी स्कूल को ही इतना मजबूत बनाएँगे कि बच्चे बाहर जाने को मजबूर न हों। यह पहल न सिर्फबच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएगी बल्कि पूरे समाज को यह संदेश देगी कि शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं।

गाँव की सराहनीय जागरूकता

भिनोदा की इस पहल की हर तरफप्रशंसा हो रही है। गाँव के लोग एकजुट होकर यह साबित कर रहे हैं कि अगर संकल्प और सहयोग हो तो किसी भी कठिनाई का समाधान निकाला जा सकता है। गाँव के बुजुर्गों ने कहा ङ्क्षहम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी हमसे बेहतर शिक्षा पाए। अगर सरकार सहयोग नहीं कर रही है तो हम अपने बच्चों को पीछे नहीं रहने देंगे।ङ्ख भिनोदा की यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। यहाँ के ग्रामीणों ने यह साबित कर दिया है कि शिक्षा सुधार सिर्फशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है। अगर इसी तरह हर गाँव अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दे, तो सरकारी स्कूल भी फिर से मजबूती पा सकते हैं और शिक्षा का स्तर गाँव से शहर तक सुधर सकता है।

प्रोजेक्ट दधीचि अंतर्गत किया देहदान

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। जिला प्रशासन रायपुर द्वारा चलाये जा रहे नवाचारी प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रोजेक्ट दधीचि से प्रेरित होकर शिक्षा विभाग अभनपुर के चार कर्मचारियों ने अपना सम्पूर्ण देहदान किया है। जानकी ज्योति वर्मा प्रभारी प्राचार्य हायर सेकंडरी टेकारी, बुद्धेश्वर प्रसाद बघेल संकुल समन्वयक परसदा विद्या मंदिर, तुलाराम रात्रे संकुल समन्वयक गोंड़पारा अभनपुर व बीरेंद्र पांडेय संकुल समन्वयक छछानपैरी ने रेडक्रॉस भवन सभागार में उपस्थित होकर देहदान का संकल्प लिए। जिला प्रशासन द्वारा शाल व प्रमाणपत्र से सभी देहदानियों को सम्मानित किया गया। यह निर्णय न कि सिर्फशिक्षा विभाग बल्कि समस्त आमजन के लिए प्रेरक निर्णय है।

मरणोपरांत देहदान अनेक जरूरतमंद लोगों को सामान्य जीवन जीने के लिए अनमोल सहयोग साबित होगा।

कलेक्टर व जिला स्तर के सभी उपस्थित अधिकारियों ने सभी देहदानियों के इस निर्णय की सराहना की है। साथ ही सभी के द्वारा प्रोजेक्ट स्मृति पुस्तकालय के लिए 100 से अधिक किताबें भी दान की गई।बीईओ कार्यालय के लेखापाल जितेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के संरक्षक सदस्य के रूप में सदस्यता शुल्क 25000 के लिए भी सम्मानित किया गया।

प्राथमिकता से करें मुख्यमंत्री की घोषणाओं का पालन : कलेक्टर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं का पालन प्राथमिकता से किया जाए और शासन स्तर पर कंप्लायंस समय पर भेजा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर विलंब नहीं किया जाना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम दलदली में आयोजित समाधान शिविर और पंडरिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ा, विनय पोयाम, सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि घोषणाओं पर तत्काल अमल होना चाहिए, ताकि योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को समय पर मिल सके। प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 6 मई को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के दुर्गम ग्राम दलदली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थीं। इनमें छीरपानी जलाशय से कुसुमघटा जल प्रदाय योजना के लिए 123 करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है, जिससे 66 ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। रामपुर-ठाठापुर-दशरंगपुर-सुतियापाठ जल प्रदाय योजना हेतु 78 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे 54 ग्रामों के लोगों को राहत मिलेगी। इसके अलावा 6 जुलाई को पंडरिया के स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर मुख्यमंत्री ने रणवीरपुर में नवीन उप तहसील, बिरेंद्र नगर में आगामी शिक्षा सत्र से महाविद्यालय, पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर, कुण्डा महाविद्यालय के लिए नवीन भवन, पंडरिया नगर पालिका के नवीन भवन निर्माण और राष्ट्रीय राजमार्ग 130-ए के विशेषरा नाला से हरिनाला तिराहा तक 2.1 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं 4-लेन उन्नयन की घोषणा की थी। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आदि कर्मयोगी अभियान, मिनी स्टेडियम, पुल-पुलिया, सड़कों और आंगनबाड़ी भवनों से जुड़े कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राथमिकता वाली योजनाओं को तय समयसीमा में धरातल पर उतारा जाए, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों की प्रगति की सतत निगरानी की जाएगी।

वृद्धा की मंगलसूत्र छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ **धमतरी, रायपुर और बालोद में हुई चोरी के आभूषण भी जप्त**

खैरागढ़/नवप्रदेश। पानी मांगने के बहाने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। घटना दस दिन पहले 21 अगस्त को जालबांधा पुलिस चौकी के सलोनी में हुई थी। इस मामले की जानकारी के बाद जालबांधा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की थी। जालबांधा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिए पतासाजी के दौरान सलोनी से सटे ग्राम करमतरा में मकसूदन साहू और ओमप्रकाश साहू की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने महिला के गले से मंगलसूत्र छीनने का अपराध करना स्वीकार कर लिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से घटना में लूटे गए 3 नग सोने की पत्ती व एक बाइक भी जप्त किया गया। आरोपी मकसूदन साहू और ओमप्रकाश साहू से पूछताछ करने पर खैरागढ़ जिले के अलावा रायपुर ,धमतरी और बालोद जिले में भी चोरी करना स्वीकार किया है। वहां चोरी किए गए सोने-चांदी को छुपा कर रखने की जानकारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर साढ़े तीन लाख रुपए मूल्य के चोरी के 2 नग सोने के नेकलेस, चांदी की बिछिया, 1 जोड़ी चांदी कड़ा, 1 जोड़ी चांदी पुराना कड़ा, 2 नग चांदी की अंगूठी, 3 नग चांदी के ताबीज, 1 नग चांदी के करधन, 1 जोड़ी चांदी पायल जप्त किया गया।

■ न्यूज गैलरी

गणेश पर्व प्रतियोगिता, विजेताओं को डॉ. रमन आज देंगे पुरस्कार

राजनांदगांव। पिछले साल नगर निगम द्वारा आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता के विजेताओं को 3 सितम्बर को विधानसभा अध्यक्ष निवास जीई रोड राजनांदगांव में पुरस्कृत किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे की उपस्थिति में चयनित समितियो को पुरस्कृत करेंगे। मधुसूदन यादव ने बताया कि संस्कारधानी की परंपरानुसार गत वर्ष नगर में भव्य गणेश पर्व मनाया गया। गणेश पर्व में प्रतिवर्षानुसार नगर निगम द्वारा सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी प्रतियोगिता अ तथा ब वर्ग में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली गणेश समितियों को पुरस्कार वितरण किया जाना है। कार्यक्रम कल विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में सांसद संतोष पाण्डे सहित जन प्रतिनिधियों और निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में होगा।

पुलिस ने लौटाए 80 मोबाईल

खैरागढ़। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों से गुम हुए मोबाइल फोन की पतासाजी के बाद जिला पुलिस द्वारा तकनीकी जानकारी लेकर मोबाइल धारकों को करीब 10 लाख रुपए मूल्य के 80 नग मोबाइल वापस लौटाए गए। मोबाइलधारकों की पतासाजी करने के लिये तकनीक का सहारा लिया गया। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों खैरागढ़ जिले के अंदरूनी गाँव, शहर, थाना क्षेत्र से लोगों के गुम हुए मोबाइल को वापस किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर पीड़ित मोबाइल धारकों को उनके गुम मोबाइल फोन का वितरण किया गया। जिला पुलिस की पुलिसिंग और तत्परता से लोगों के खोए हुए मोबाइल वापस मिलने से मोबाइल धारकों के चेहरे भी खिल उठे। पुलिस टीम ने खबर भेजकर 80 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल वापस मिलने की जानकारी भेजी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुलाकर उन्हें उनका मोबाइल सौंप दिया। जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों मे पिछले 6 माह के दौरान 80 लोगों ने अपना मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मोबाइल को बरामद किया।

उपमुख्यमंत्री के समक्ष सरपंच सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल

■ **उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में ग्रामीणों ने किया भाजपा प्रवेश**

कवर्धा। कवर्धा-बोडला ब्लॉक के ग्राम प्रभाटोला में ग्राम के सरपंच सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व से प्रेरित होकर, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कार्यों और विकासपरक सोच से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जो वास्तव में गांव और जनता के बीच रहकर काम करती है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने ग्राम प्रभाटोला के लिए 67 लाख के विकास कार्यों की घोषणा की। इस राशि से सड़क निर्माण, नाली निर्माण और रिटेनिंग वॉल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे और इससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। शर्मा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम कर रही है। प्रभाटोला के सरपंच और सैकड़ों ग्रामीणों का भाजपा में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि जनता अब विकास की राजनीति को ही आगे बढ़ाना चाहती है। मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति में सरपंच कालीचरण चतुर्वेदी, उपसरपंच अँजोर दास कोसले, पंच घनश्याम लहरे, सालिक दास कुर्रे, लक्ष्मी नारायण, मनोज जांगड़े, किशन डिंडोरे, रोहित मेरावी, दिनेश जांगड़े सहित अन्य ग्रामीणों ने भाजपा प्रवेश किया।

1.23 करोड़ की घोषणा

उपमुख्यमंत्री शर्मा कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान ग्राम बदराडीह बाघूटोला, खुर्सीपार, जैताटोला में आयोजित रामधुनी कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामवासियों के साथ भजन-कीर्तन में भाग लेकर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि रामधुनी जैसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। बाबा गुरूघासी दास से आर्शीवाद प्राप्त किया। वे ग्रामीणों की मांग पर विभन्न निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 23 लाख 50 हजार रूपए की घोषणा की।

नीरज इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों के बीच मारपीट, एक छात्र घायल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नामी स्कूल नीरज वाजपाई इंटरनेशनल स्कूल में मारपीट की घटना हुई जिसमें एक छात्र घायल हो गया। एक छात्र को सस्पेंड कर दिया गया है। शहर से महज कुछ किलोमीटर दूर स्थित स्कूल अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का दावा करता है। लेकिन इस स्कूल में अनुशासनहीनता का गंभीर मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार हायर सेकेंडरी क्लास के दो छात्रों के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई शुरू हो गई। हाथापाई के दौरान एक छात्र की हालत बिगड़ गई और उसे अचेत अवस्था में उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार झगड़े में घायल छात्र के मुंह से झाग निकलने लगा था। उसकी हालत बिगडने़ लगी। स्कूल प्रबंधन ने छात्र को चादर में लपेटकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। इस घटना की सूचना न तो पुलिस को दी गई, न जिला शिक्षा अधिकारी को जानकारी दी गई। अभिभावकों को केवल बुलाकर समझाइश देकर मामला दबाने की कोशिश की गई है। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी छात्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों पक्षों के अभिभावकों को स्कूल बुलाकर समझाइश दी गई। प्रबंधन का कहना है कि बच्चों के बीच हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को हल्के में नहीं लिया जाएगा और भविष्य में अनुशासन बनाए रखने सख्त कदम उठाए जाएंगे।

बाथरूम के अंदर दो बच्चे की आपस में लड़ाई हुई। एक बच्चे को चोट आई। पुलिस में शिकायत दर्ज करने की नौबत नहीं आई।

नीरज वाजपाई, निदेशक
नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल

मुझे समाचार पत्रों और पत्रकारों के द्वारा ही जानकारी प्राप्त हो रही है। मेरे पास ऐसी कोई शिकायत अभी तक नहीं मिली है।

प्रवास बघेल डीईओ, राजनांदगांव

व्याख्याता ने पत्नी पर लगाया मारपीट और उत्पीड़न का आरोप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक शाला बेलरगोंदी में पदस्थ व्याख्याता सुंदरलाल चतुर्वेदी ने अपनी पत्नी नीलम चतुर्वेदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी आए दिन शराब के नशे में धुत होकर घर में हंगामा करती है। गाली-गलौज करती है और शारीरिक उत्पीडऩ तक करती है। व्याख्याता का कहना है कि लगातार हो रहे इन झगड़ों से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है और अब उनका पारिवारिक जीवन संकट में है। व्याख्याता सुंदरलाल चतुर्वेदी का कहना है कि उनकी पत्नी कई बार घर के आवश्यक सामान, कपड़े और दस्तावेज़ बाहर फेंक चुकी है, जिससे उन्हें और उनके बच्चों को सार्वजनिक रूप से अपमानित होना पड़ा। नीलम चतुर्वेदी द्वारा 22 जून को उनके साथ मारपीट कर घर से भगा दिया गया। चतुर्वेदी ने आगे कहा कि उनकी पहली पत्नी के चले जाने के बाद वर्ष 2007 में नीलम बड़ोले अपने विवाहित पति को छोड़कर उनके पास आई।

उस समय उनकी पहली शादी से तीन संतानें थीं। विवाह के बाद से ही नीलम का व्यवहार बच्चों और परिवार के साथ प्रतिकूल रहा और अक्सर गाली-गलौज व विवाद की स्थिति बनी रही। नीलम ने स्कूल में गाली गलौज की। 12 अगस्त को भोलापुर में रात 10 बजे शराब के नशे में आकर नीलम द्वारा मारपीट की गई। इसकी सूचना थाना छुरिया में दी गई और मामला दर्ज हुआ।

लोकमंच सोनहा बादर चिटौद की प्रस्तुति ने असम में बिखेरा जलवा

बालोद/नवप्रदेश। सप्तक इंटरनेशनल द्वारा आयोजित श्री गणेश संगम महोत्सव, इंटरनेशनल कल्चरल फेस्टिवल 2025 में देश विदेश से आए कलाकारों की प्रस्तुति हुई। असम के सुप्रसिद्ध फोक एवं क्लासिकल टीचर इंटरनेशनल कलाकार मोंजू हालीराम बोराह के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था सोनहा बादर चिटौद (गुरुर) बालोद छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन हुआ।

29 अगस्त को सोनहा बादर की प्रस्तुति हुई। आदिवासी नृत्य, कर्मा नृत्य, ददरिया और असम व राजस्थान का हल्का अंश लेते हुए छत्तीसगढी बोली भाषा गीत संगीत में नृत्य का प्रदर्शन किये। राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय कलाकारों के साथ दर्शको का भरपूर प्यार मिला। छत्तीसगढ़ का जयकारा गूँजता रहा। सोनहा बादर के मंच संचालक परमानन्द गुरुपंच ने संचालन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजक द्वारा सभी कलाकारों को मोमेंटो, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व असमिया चादर देकर सम्मानित किया गया। सोनहा बादर की सफल प्रस्तुति पर समस्त ग्रामीण जन अंचलवासी,वरिष्ठजनों, गुरुजनों व छत्तीसगढ़ के दर्शकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

सोनहा बादर के संचालक, निर्देशक, गीतकार, संगीतकार जितेन्द्र साहू ने बताया कि 2023 में शिमला व 2024 में नेपाल काठमांडू में सोनहा बादर के आदिवासी नृत्य और करमा नृत्य को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ड्रामा तिरिया जनम को बेस्ट प्ले अवार्ड मिला। इस बार मई जून, जुलाई में नये सत्र कार्यशाला 2025-26 के माध्यम से समूचे छत्तीसगढ़ व देश विदेशों में छत्तीसगढ़ की सौंधी माटी को महकाने के लिये हास्य व संदेश परक प्रहसन व गीत, संगीत, अभिनय, मनमोहक नृत्य के साथ सोनहा बादर के सभी कलाकार निरंतर साधना कर रहे हैं।

रणवीरपुर में नवीन उप तहसील का शुभारंभ

पंडरिया/नवप्रदेश। समृद्ध पंडरिया के निर्माण और क्षेत्रवासियों के जीवनशैली को सरल व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आज ग्राम रणवीरपुर में उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ समरसता भवन में दामखेड़ा कबीर आश्रम के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी और पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, अधिकारी, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। विधायक भावना बोहरा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि रणवीरपुर में उप तहसील कार्यालय लिंक कोर्ट का शुभारंभ किया जा रहा है। यह ग्रामीणों की काफी पुरानी मांग थी। जनता की इस मांग को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रणवीरपुर में उप तहसील की मांग की गई, जिसे पूरा करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा जुलाई माह में आयोजित निःशुल्क बस सेवा शुभारंभ के अवसर पर इसकी घोषणा कर रणवीरपुर की जनता को यह सौगात दी गई। उप तहसील भवन के माध्यम से अब क्षेत्रवासियों को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूर दराज की तहसीलों में जाना नहीं पड़ेगा। यह कार्यालय जनसुविधाओं के विस्तार, पारदर्शी प्रशासन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने में एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने आगे कहा कि अब रणवीरपुर में उप तहसील कार्यालय के शुभारंभ से किसानों व ग्रामीणों को खसरा/खतौनी की नकल, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका सहित विभिन्न राजस्व कार्यों के लिए अब बार-बार तहसील मुख्यालय जाना नहीं पड़ेगा। जमीन विवाद जैसे राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निपटान होगा। उप तहसील कार्यालय के शुभारंभ से किसानों व ग्रामीणों के समय व संसाधन दोनों की बचत भी होगी। रणवीरपुर उप तहसील के शुभारंभ से न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी बल्कि आसपास के गाँवों के लोग भी अपने अधिकारों और सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

9 से श्रीराम कथा

कवर्धा। सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित कामता प्रसाद शरण का आगमन 9 सितम्बर को कवर्धा में होने जा रहा है। वे यहां गणेश पुरम, बिलासपुर रोड कवर्धा में आयोजित श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। सात दिवसीय भव्य कथा कार्यक्रम 9 सितम्बर से प्रारंभ होकर 13 सितम्बर तक प्रतिदिन होगी। इस दौरान रामकथा की अमृतवाणी से श्रोतागण धर्म, भक्ति और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से परिचित होंगे। आयोजकों ने जानकारी दी है कि कथा स्थल पर व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं के बैठने, पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

महापौर मधुसूदन ने मेरी माँ को अपशब्द कहे थे, तब भाजपा ने क्यों नहीं जलाया पुतला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति आज पूरी तरह झूठ, अमर्यादा और ढोंग पर आधारित हो चुकी है। बिहार की घटना में भाजपा कार्यकर्ता ने मंच से खुद गाली-गलौच और अराजकता की और जब भाजपा कार्यकर्ता की हरकतें जनता के सामने आईं तो पूरे देश में राहुल गांधी का पुतला जलाना शुरू कर दिया। राहुल गांधी उस मंच पर मौजूद तक नहीं थे। यह जनता को गुमराह करने और वोट चोरी जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने का शर्मनाक प्रयास है। निखिल ने सवाल किया कि महापौर चुनाव के दौरान भाजपा महापौर मधुसूदन यादव ने मेरी माता का अपमान करते हुए माँ का दूध पिया है क्या जैसे अपशब्द कहे। सवाल यह है कि जब माँ का अपमान हुआ, तब भाजपा ने मधुसूदन यादव का पुतला क्यों नहीं जलाया? क्या मातृशक्ति के सम्मान की बात भाजपा के लिए सिर्फ दिखावा और राजनीति का साधन है? भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकारिया का चरित्रहीन आचरण भी सबके सामने है, जब वे अपनी ही निकट संबंधी महिला के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पकड़े गए। यह भाजपा के तथाकथित संस्कार और संस्कृति का असली चेहरा उजागर करता है। इन घटनाओं से साफ है कि भाजपा के पास न तो जनता को देने के लिए कोई विजन् है और न समस्याओं का कोई समाधान है। भाजपा के पास केवल पुतला-दहन की नौटंकी बची है। भाजपा नेताओं को अपने आचरण और भाषा के लिए सार्वजनिक माफी माँगनी चाहिए।

प्रथम पेज का शेष

स्वदेशी चिप से स्पेस मिशन ...

1553बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएलकी चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीएमओएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है।

इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट एसपीएआरसी वी8, आरआईएससी आर्किटेक्चर पर आधारित है और ओपन-सोर्स टूलचेन को सपोर्ट करता है। इसके अलावा इसरो ने चार और स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी पेश किए हैं, जिनमें दो रिकानफिगरेबल डाटा एक्यूएशन सिस्टम एक रीला4 ड्राई1 ईआर आईसी और एक मलटी चैनल लो ड्रॉप-ऑउट रेगूयलेटर आईसी शामिल हैं। ये सभी उपकरण भारत की आयात निर्भरता कम करेंगे।

'मां' का अपमान नहीं ...

एक बेटे की पीड़ा शाही खानदान वाले समझ नहीं सकते हैं। बहुत गरीबी में मेरी मां ने मुझे पाला है। मां का स्थान देवी स्थल से ऊंचा है और उन्हें अपमानित किया गया। जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की।

मेड इन इंडिया चिप्स...

दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की युवा इंजीनियरिंग प्रतिभा और वैज्ञानिक समुदाय की मेहनत का भी परिणाम है। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर का निर्माण यह संदेश देता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि निर्माता और वैश्विक तकनीकी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है।

किसानों को सीएम साय ...

विकल्प के तौर पर हमने नैनो-डीएपी उपलब्ध कराया। यूरिया की भी कोई कमी नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार अनुरोध करने पर केंद्र सरकार ने 50 हजार मीट्रिक टन यूरिया भेजा था। अभी 60 हजार मीट्रिक टन से अधिक यूरिया का आवंटन स्वीकृत हुआ है।÷ अपनी बात दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूरिया को किसान कई बार में इस्तेमाल करते हैं। छत्तीसगढ़ में यूरिया की कोई कमी नहीं है और आगे भी कोई कमी नहीं होगी। इससे पहले, सीएम विष्णु देव साय ने यूरिया भेजने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

आधार नागरिकता का ...

कुछ दलों ने आधार को मतदाता पंजीकरण के लिए अंतिम प्रमाण बनाने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा, आधार पर इतना जोर क्यों?

चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि बिहार के कई जिलों में आधार सैचुरेशन 140 प्रतिशत से अधिक है, जो बड़े पैमाने पर फर्जी नामांकन को दर्शाता है। केंद्र सरकार ने भी जानकारी दी कि कई राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या शरणार्थियों ने धोखाधड़ी से आधार कार्ड हासिल कर लिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को सलाह दी कि वे असली मतदाताओं की मदद के लिए जमीनी स्तर पर काम करें और बूथ लेवल एजेंटों के जरिए दावे-आपत्तियां दाखिल करवाएं, बजाय इसके कि शॉर्टकट ढूंढकर मतदाता सूची को कमजोर करें।

दुनिया को युद्ध ...

बेघर होने को मजबूर किया। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और यूरोपीय देशों के दामन बेदाग नहीं हैं, हालांकि अब वे दुनिया को सभ्य बनने और दूसरों का सम्मान करने की नसीहत देते हैं। चीन और भारत जैसे देशों की बात करें तो इन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों को खूब झेला है। जहां अंग्रेजों ने भारत को 200 साल तक गुलाम बनाकर रखा और अत्याचार किए, वहीं जापान ने चीन में नानचिंग नरसंहार किया और चीनी महिलाओं की आबरू को भी नहीं छोड़ा। लेकिन फासीवाद और जापानी आक्रमण विरोधी युद्ध में चीन को जीत मिली। इस बार चीन इस ऐतिहासिक जीत की 80वीं वर्षगांठ मना रहा है। आक्रमण और युद्ध का वह दौर द्वितीय विश्व युद्ध के रूप में भी जाना जाता है।

हाईकोर्ट से 3 अभियंता ...

लोकायुक्त ने मामला दर्ज कर विशेष अदालत में चालान पेश किया।

स्पेशल जज भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ने 26 जुलाई 2000 को तत्कालीन उप अभियंता वेद प्रकाश सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.एल. गजभिये और सहायक अभियंता एच.एस. गुप्ता को दोषी ठहराया था. साथ ही व्यापारी रमेश झाबक को भी साजिश धारा 120-बी आइपीसीका दोषी पाया गया. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना, कि ये अधिकारी सिर्फतत्कालीन चेयरमैन नरसिंह मंडल (अब दिवंगत) के आदेश का पालन कर रहे थे, इसलिए इन्हें भ्रष्टाचार या साजिश का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, बरी किए गए अभियंताओं के जमानत और मुचलके खत्म कर दिए गए।

बारिश ने बदला सिहावा...

में ही सड़क के गड्ढो में पानी भर जाने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा वाहन चालकों को नहीं हो पाता। जिससे उनका बैंलेस बिगड़ जाता है और यदि बारिश न हो तो सड़के धूल से सराबोर रहती है। ऐसे में उक्त मार्ग के व्यापारियों, निवासियों व राहगीरों को पूरे साल परेशान होना पड़ता है। आसपास के लोगों ने बताया रोजाना कई वाहन चालक इन मार्ग में गिरकर घायल होते है।

किसानों, गामीण ...

के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोडने़ के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए।

प्रदेश के पहले प्लास्टिक ...

ग्राम नियानार शामिल है। मंत्री श्री देवांगन ने रजिस्ट्रार एवं फर्म संस्थाएं के कार्यों के समीक्षा करते हुए विभाग से जुड़ी शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी कार्यों को समयसीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

न्यूज गैलरी

अमानक बीज विक्रय पर प्रतिबंध

दुर्ग। जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने कृषि विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। बीज निरीक्षक द्वारा जिले के एक प्रतिष्ठान से बीज का नमूना लिया गया था, जिसे परीक्षण के लिये रायपुर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित बीज सोयाबीन दफ्तरी, लॉट नंबर डीडी-24-6090-टीएल अमानक स्तर का पाया गया। इस बीज के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

खेदामारा में अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार राजस्व और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध प्लाटिंग को रोकने बड़ी प्रशासनिक कार्यवाही की गई। अधिकारियों ने प्लाटिंग स्थल पहुंचने बनाए गए मार्ग को जेसीबी से गड्ढा खोदकर अवरूद्ध कर दिया। ग्राम खेदामारा पटवारी हल्का नंबर 11 राजस्व निरीक्षक मंडल जेवरा-सिरसा तहसील व जिला दुर्ग अंतर्गत भूमि स्वामी रानी सती डेवलपर्स पार्टनर विशाल केजरीवाल आ. सुरेश द्वारा 3.22 हेक्टेयर रकबा पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। यहां पर बने रोड रास्ता को अवरूद्ध कर हटाया गया। नाली बनाकर प्लाटिंग स्थल पहुचंने के रास्ते को बाधित किया गया।

कन्या महाविद्यालय में यातायात जागरुकता अभियान

दुर्ग। शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व शांति, विश्व पदयात्री, रथयात्री, पर्वतारोही के डेन्जर्स एडवेचर्स अन्तर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन की प्रेरणा और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईक्यूएसी और परिवहन अधिकारी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में गिनीज बुक लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप, गोविन्दा नंद और निषाद ने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा दूर की। जिला यातायात कार्यालय, दुर्ग के सुभाष बंजारे ने यातायात नियमों की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिता सहगल ने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व केवल दुर्घटनाओं को रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सुरक्षित स्थिर और जिम्मेदार समाज के निर्माण में भी सहायक है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश, सुषमा यादव, ज्योति भरणे, तब्बसुम उपस्थित रहे।

अगस्त में बीएसपी का ऐतिहासिक प्रदर्शन, उत्पादन का नया कीर्तिमान रचा

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र ने अगस्त 2025 में उत्पादन और डिस्पैच के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड रॉड मिल और प्लेट मिल ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज कीं, जिससे भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक बार फिर देश के अग्रणी इस्पात उत्पादक और अवसंरचना प्रदाता के रूप में अपनी साख को सुदृढ़ किया है।

अगस्त माह में संयंत्र ने कुल 99,889 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन किया, जो मार्च 2024 में दर्ज 98,402 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

आरएसएम ने 18,845 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन कर मार्च 2024 का 18,241 टन का रिकॉर्ड तोड़ा। इसी प्रकार यू आर एम ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 84,041 टन प्राइम रेल का उत्पादन किया, जो जून 2025 में दर्ज 83,046 टन के पिछले उच्चतम स्तर से अधिक है। यू आर एम में लॉन्ग रेल उत्पादन 81,044 टन तक पहुँचा, जो जून 2025 के 80,644 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया।

स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी संयंत्र ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अगस्त माह में सेलेबल स्टील का उत्पादन 5,19,627 टन तक पहुँचा, जो जनवरी 2023 के 5,03,219 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। डिस्पैच के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की गई हैं जिनमें आर एस एम से 18,812 टन लॉन्ग रेल का डिस्पैच हुआ, जो मार्च 2024 में दर्ज 18,407 टन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गया। इसी प्रकार सेलेबल स्टील का कुल डिस्पैच 5,08,802 टन तक पहुँचा, जो जनवरी 2023 में दर्ज 4,89,180 टन से अधिक है।

1 सितम्बर को अपने संयंत्र दौरे के समय बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, ए.के. चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार और तापस दासगुप्ता के साथ बीआरएम, प्लेट मिल तथा यूआरएम का भ्रमण कर टीम को बधाई दी। इस अवसर पर महापात्र ने लगातार हो रही उपलब्धियों को टीम भावना और समर्पण का परिचायक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

इस उपलब्धि में मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) कार्तिकेय बेहरा के नेतृत्व में महाप्रबंधक (प्रचालन) संजय त्रिपाठी, देबब्रत राय, एन.के. बिसेन, गुरमीत सिंह, उप महाप्रबंधक (प्रचालन) निरंजन महांता, महाप्रबंधक (विद्युत) सी. पद्मनाभन, महाप्रबंधक (यांत्रिकी) जे. सुधाकर और सहयोगी वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक भिलाई चंद्रेश झा और महाप्रबंधक (आरसीएल) सुधीर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बार एंड रॉड मिल ने दर्ज किया रिकॉर्ड उत्पादन

संयंत्र की बार एंड रॉड मिल ने भी अगस्त 2025 में 90,550 टन के डिस्पैच के साथ अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ अगस्त डिस्पैच दर्ज किया। इससे पूर्व जुलाई 2025 में इस मिल ने 6,030 टन का एक दिवसीय सर्वाधिक डिस्पैच (31 जुलाई) और 1,01,200 टन का मासिक डिस्पैच दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित किया था। मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम भावना, समय पर अनुरक्षण और आपसी तालमेल को देते हुए सभी कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक आशीष, शाश्वत मोहंती, समीर पांडेय और शिखर तिवारी ने भी बी आर एम टीम को शुभकामनाएँ दीं।

प्लेट मिल ने डिस्पैच का बनाया नया रिकॉर्ड

संयंत्र के प्लेट मिल ने अगस्त 2025 में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। इसने 1,20,448 टन का उत्पादन कर अगस्त 2024 के 120333 टन के रिकॉर्ड को पार किया और 127427 टन के डिस्पैच के साथ नया मील का पत्थर रचा, जो अगस्त 2024 में दर्ज 116963 टन के डिस्पैच रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। सी एंड आईटी टीम द्वारा टैबलेट-आधारित डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया लागू किए जाने से डिस्पैच और अधिक तेज़ एवं सटीक हुआ। रैक उपलब्धता में आई चुनौतियों के बावजूद प्लेट मिल ने 10,980 टन का सड़क मार्ग से डिस्पैच किया, जो एक दशक में पहली बार पाँच अंकों तक पहुँचा। इस माह में प्लेट्स लगभग 147 ग्राहकों तक पहुँचाई गईं।

दुर्ग में अनूठी पहल : 'स्वच्छतम गणेशोत्सव पंडाल' प्रतियोगिता, विजेता समितियों को मिलेगा पुरस्कार

सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी और स्वच्छ फूड स्ट्रीट पर फोकस

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में स्वच्छतम गणेशोत्सव पंडाल प्रतियोगिता शुरू की गई है। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर गणेश पंडालों में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के आधार पर विजेता समिति का आकलन किया जाएगा। विजेता पंडाल समितियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

अभियान के तहत गणेशोत्सव समितियों को पंडाल और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करना होगा। हर पंडाल में गीला और सूखा कचरा अलग करने के लिए दो डस्टबिन रखना अनिवार्य है। फूलों के अपशिष्ट के लिए अलग पात्र रखना होगा, जिससे इनका उपयोग खाद बनाने या दोबारा उपयोग किया जा सके। पंडाल क्षेत्र में विशेष श्रमदान कार्यक्रम भी होंगे। प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

पंडालों में स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। सजावट और उपयोग की वस्तुओं में पारंपरिक और हस्तनिर्मित सामग्री को प्राथमिकता दी जाएगी। त्योहार के दौरान स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वच्छता के मानक अपनाने होंगे। उन्हें ढक्कन युक्त डस्टबिन, स्वच्छ पैकेजिंग सामग्री और पर्यावरण अनुकूल बर्तनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

पंडाल स्थलों पर कचरे से कला प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इससे नागरिकों को संदेश मिलेगा कि सही प्रबंधन से कचरे को भी उपयोगी और सुंदर बनाया जा सकता है। शहर में रात्रिकालीन सफाई के लिए विशेष दल का गठन होगा।

दुर्ग नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छतम गणेशोत्सव पंडाल प्रतियोगिता में पंडालों की स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त आयोजन और सामाजिक भागीदारी जैसे मानकों पर मूल्यांकन किया जाएगा। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली समितियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि यह पहल न केवल साफ-सुथरे पंडाल और स्वच्छ वातावरण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि यह अभियान लोगों की सोच और आदतों में भी बदलाव लाएगा।

श्रद्धालुओं और आयोजकों के सहयोग से यह अभियान आने वाले वर्षों में पर्यावरण मित्र और ग्रीन गणेशोत्सव की परंपरा स्थापित करेगा। दुर्ग ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में यह अभियान स्वच्छता और जन-जागरूकता की नई मिसाल बनेगा।

पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में दुर्ग जिला बना छत्तीसगढ़ में नंबर वन

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे की सतत निगरानी के कारण जिले ने आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक दुर्ग जिले को कुल 41,666 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें से 92.6 प्रतिशत आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है।

95.9 प्रतिशत हितग्राहियों को द्वितीय किस्त जारी की जा चुकी है। 70.6 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत 90 दिनों का रोजगार 86.2 प्रतिशत हितग्राहियों को प्रदान किया गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे की कार्ययोजना, फील्ड विजिट और तकनीकी निगरानी की अहम भूमिका रही। प्रशासन ने मिशन मोड में काम करते हुए सभी जनपद और ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 12,788 नए आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इस लक्ष्य को पूरा करने ग्राम पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायक और तकनीकी सहायकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। 'आवास मित्रों' की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे लाभार्थियों को आवास निर्माण के हर चरण में मदद मिल सके। राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया गया ताकि निर्माण कार्य में विलंब न हो। निर्माण सामग्री जैसे लेबर, सेंटरिंग प्लेट, जल आपूर्ति आदि की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया गया। बड़े निर्माण कार्य वाले गांवों में सामग्री का केंद्रीकृत भंडारण कर लाभार्थियों को आसानी से उपलब्ध कराया गया।

दुर्ग जिले की कार्यप्रणाली अब पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक मॉडल के रूप में उभर कर सामने आ रही है। प्रशासन की तत्परता, फील्ड लेवल पर मजबूत निगरानी और संसाधनों के कुशल प्रबंधन के चलते योजना जमीन पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हो रही है।

सीईओ बजरंग दुबे ने कहा कि यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

विधायक रिकेश ने की अपील : अनन्त चतुर्दशी के दिन ही करें विसर्जन

■ **छोटी मूर्तियां कुंड में हों विसर्जित**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। अनंत चतुर्दशी का दिन सनातन धर्म में बहुत खास माना गया है। इसी दिन दिगंबर जैन धर्मावलंबियों का पर्यूषण पर्व समाप्त होता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र की सभी बड़ी छोटी पूजा समितियों से अपील की है कि अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर के दिन ही गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन करें। विधायक सेन ने कहा कि गणपति विसर्जन एक भावुक पल होता है। इसमें भक्त भगवान के अपने घर पधारने के लिए आभार जताते हैं और अगले वर्ष फिर आने का निवेदन करते हैं। गणपति विसर्जन पूरे विधि-विधान, श्रद्धा के साथ किया जाता है। सभी पूजा समितियों को शासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए समय पर विसर्जन करना है ताकि आगामी वर्षों के आयोजन में उन्हें परमिशन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। सेन ने कहा कि मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिसके फलस्वरूप न केवल जलीय जीव-जंतुओं की जान को खतरा उत्पन्न होता है, अपितु जल प्रदूषण की स्थिति भी उत्पन्न होती है। मूर्ति का विसर्जन किये जाने के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल सेन्ट्रल जोनल बेंच द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए निश्चित समय पर ही विसर्जन करना है। इसके लिए नगर निगम भिलाई ने आवश्यक व्यवस्था भी की है। विसर्जन के लिए सूचीबद्ध सभी तालाब/ नदी और अस्थायी पांड/ कुंड तक पहुँच मार्ग सहित विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, पेपर आदि को सुरक्षित एकत्र कर दोबारा उपयोग और कम्पोस्टिंग में किया जाना है। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पर्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मूर्तियों के विसर्जन से राज्य के जल स्त्रोतों की जल गुणवत्ता पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं जिनका पालन करते हुए सभी पूजा समितियां विसर्जन प्रक्रिया समय पर पूरी करें। उन्होंने कहा कि घर में विराजी छोटी मूर्तियों को नदी/तालाब ले जाने की बजाय अस्थायी पांड/ कुंड में विसर्जित किया जाना है। साथ ही पूजा सामग्री जैसे-फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुएं मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर इसका अपवहन उचित तरीके से करें, जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सके।

आवेदन 26 तक

दुर्ग। छग शासन द्वारा महिलाओं, विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाना है। पुरस्कार के रूप में एक महिला को 2 लाख की राशि और प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिये आवेदन पत्र 26 सितम्बर तक जमा किया जा सकता है।

1335 व्याख्याता और प्रधान पाठक बने प्राचार्य

■ **शिक्षा मंत्री गजेंद्र बोले - पदस्थापना में पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया गया**

दुर्ग/नवप्रदेश। व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) और प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति के लिये छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर में पदोन्नति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के बाद 1335 पदोन्नति आदेश जारी किए गए। यह आदेश स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर जारी किया गया है। काउंसिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से कुल 1335 पदोन्नत प्राचार्यों में से 1222 ने संस्था चयन कर पदस्थापना सुनिश्चित की। शेष 113 में से 20 पदोन्नत प्राचार्य काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे। 20 ने पदोन्नति लेने से इंकार कर दिया। 2 ने विद्यालय चयन से इंकार किया और 91 सेवानिवृत्त, मृत, निलंबित व अन्य श्रेणी में रहे। इस प्रकार कुल 1222 व्याख्याताओं, व्याख्याता (एल.बी.) और प्रधान पाठकों को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं।

■ साय सरकार जीरो टॉलरेंस के लिए कटिबद्ध है। पद स्थापना में पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया गया। पात्र कर्मचारियों ने काउंसलिंग स्थल पर अपने स्थान का स्वयं चयन किया और चयन के बाद अपनी पद स्थापना की सहमति प्रदान की
गजेन्द्र यादव,
शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़

जीवन में एक लक्ष्य बनाकर दिन-रात करें मेहनत, तभी मिलेगी सफलता : ललित

भिलाई/नवप्रदेश। रूआबांधा भिलाई स्थित सेंट थॉमस कॉलेज में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ भिलाई इकाई द्वारा आयोजित ज़िंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायी संदेश देते हुए कहा कि आप सभी नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाकर चलें और उसके लिए दिन-रात मेहनत करें। आपको सफलता जरूर मिलेगी।

चंद्राकर ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। अजय भसीन के नेतृत्व में चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा लगातार कार्यशाला आयोजित कर स्वदेशी वस्तु अपनाने और युवाओं को उद्यमी बनने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने की अपील भी की। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स से अजय भसीन, डॉ संकल्प राय, संजय चौबे, सुमन कन्नौजिया, मनोहर कृष्णवाणी, डॉ शाइनी मेंडोंसे, डॉ एसपी वर्गीस, रिसाली मंडल भाजपा अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रूंगटा पब्लिक स्कूल, भिलाई में 'ग्रैंडपेरेंट्स डे' का भव्य आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। संजय रूंगटा इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित रूंगटा पब्लिक स्कूल, भिलाई में उत्साह के साथ ग्रैंड पेरेंट्स डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय रूंगटा, विशिष्ट अतिथि अशोक सिंघल और कंचन सिंघल उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय रूंगटा व विशिष्ट अतिथि, विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकगण, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में दादा-दादी, नाना-नानी की उपस्थिति में पौधारोपण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

प्री प्रायमरी कॉर्डिनेटर सोनू पाटनी ने स्वागत भाषण द्वारा सभी अभिभावकों और अतिथियों का अभिनंदन किया और बच्चों व अभिभावकों के बीच सेतु बने विशेष दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया।

नर्सरी और एल.के.जी. के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा दूसरी और कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने थीमैटिक स्किट प्रस्तुत की, जिसमें जीवन मूल्यों और बड़ों के सम्मान का संदेश दिया गया। यू.के.जी. के नन्हें कलाकारों ने मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने जोशीला नृत्य कर सभी को तालियों पर थिरकने पर मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

दादा-दादी और नाना-नानी के लिए म्यूज़िकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल में उन्होंने जोश और उत्साह से भाग लेकर वातावरण को खुशनुमा बना दिया। पुरस्कार वितरण में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। चेयरमैन संजय रूंगटा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में दादा-दादी और नाना-नानी का योगदान अमूल्य है। विद्यार्थियों और अभिभावकों को संदेश दिया कि वरिष्ठ जन परिवार की धरोहर और प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनका सम्मान और आदर करना प्रत्येक बच्चे का कर्तव्य है। विद्यालय प्राचार्य राजीव कुमार ने कहा कि हम गर्व महसूस करते हैं। आप बच्चों के लिए संस्कार और प्रेरणा के सबसे बड़े स्त्रोत हैं। आपका आशीर्वाद ही सबसे बड़ी पूँजी है। आपके अनुभव और आशीर्वाद ही आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रायमरी कॉर्डिनेटर रूप कंवर ने किया। इसके बाद राष्ट्रीय गान और सामूहिक छायाचित्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने किया सूरत शहर की सफाई व्यवस्था का अध्ययन

जामुल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा प्रदेश के 54 नगर पालिका अध्यक्षों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सूरत में अध्ययन सह भ्रमण कराया गया।

तीन दिवसीय अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम में जामुल नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी शामिल हुए। राज्य शासन के निर्देश पर सूरत नगर निगम में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत किये गये उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन किया गया।स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर पालिका जामुल ने 183 से ऊंची छलांग लगाते हुए भारत में 83 वें नंबर पर पहुंचा था।

नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सूरत नगर निगम मॉडल के रूप में पूरे देश में चर्चित है। यहां की साफ सफाई, डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए आम जनता की भागीदारी से बेहतर कार्य किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभवों का लाभ नगर पालिका जामुल में मिलेगा। सी.एम.ओ. सीमा बक्शी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सूरत की सफाई व्यवस्था को अपनाया जाएगा। आगामी समय में जामुल पालिका और अधिक स्वच्छ सुंदर और विकसित होगा।

दुर्ग-भिलाई इकाई ने मनाया यूथ हॉस्टल्स फाउंडेशन डे

भिलाई/नवप्रदेश। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई द्वारा यूथ हॉस्टल्स फाउंडेशन डे मनाया। 114 वर्ष पहले एक प्रख्यात जर्मन स्कूल शिक्षक रिचर्ड शिरमेन ने यूथ हॉस्टल्स की स्थापना की थी। उन्होंने 1912 में जर्मनी के अल्टेनिया में पहला यूथ हॉस्टल स्थापित किया। फैमिली गेट टुगेदर सह स्थापना दिवस के इस आयोजन में यूथ हॉस्टल्स के लगभग चालीस सदस्यों की उपस्थिति रही। यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई चेयरमेन के सुब्रमण्यम और प्रेसिडेंट ऋषिकांत तिवारी ने बताया कि आयोजन में विविध कार्यक्रम हुए। सचिव सुबोध देवाँगन ने यूथ हॉस्टल्स की गतिविधियों, सदस्यों को सुविधा अवसर और लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। यूथ आइकॉन के रूप में संस्था के वरिष्ठ सदस्य दम्पति हरदेव सिंह गिल और मंजीत कौर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नगर साहू समाज की महिलाओं ने मनाया तीज उत्सव..

■ विधायक इन्द्र साव ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा तीजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। साहू छात्रावास में आयोजित इस भव्य उत्सव में मातृशक्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दानवीर भामाशाह की पूजा अर्चना एवं भक्त माता कर्मा की आरती से हुई।

इस अवसर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल फुगड़ी, कुर्सी दौड़, गेंड़ी दौड़, जलेबी दौड़ ईटा दौड़, गोला बनाओ आदि के साथ गीत, नृत्य का भरपुर आनंद लिया।

महिलाओं के साथ बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया तत्पश्चात महिलाओं ने हाथों में तख्तीयाँ लेकर नशा के विरुद्ध सामाजिक जागरूकता लाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया । इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने उपस्थित महिलाओं को तीजा पर्व पर बधाई दी एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाए रखने के लिए मातृशक्तियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा तीज केवल त्योहार नही बल्कि यह हमारी संस्कृति, परम्परा, नारी शक्ति और सम्मान का उत्सव है।इस तीज उत्सव कार्यक्रम में डॉ वीणा साहू, कल्याणी साहू,नीरादेवी साहू, कमला साहू, संध्या साहू, सरस्वती साहू, पेमिन साहू, कामना साहू,सावित्री, राही साहू आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, मनीराम साहू, लूकू साहू, जीत नारायण साव, तिलक साहू, नभ नारायण साहू, रवि साहू, अजय साहू, कामता साहू, निकेश साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन इंद्राणी साहू ने किया।

गणेश पंडाल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

महासमुंद/नवप्रदेश। ईडब्लूएस कॉलोनी में सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति द्वारा द्वितीय वर्ष गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष आयोजित हो रहे गणेश उत्सव में रविवार रात श्री गणेश जी की आरती व भोग पश्चात बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। इसमें बालक-बालिकाओं ने अनेक वेशभूषा, बालिका शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में कॉलोनी के लगभग 15 बच्चों ने हिस्सा लिया।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिक्षक चंचल पटेल, छात्र तिशांत पटेल, शिक्षक माही निषाद, छात्र गाथा निषाद, आदिवासी महिला विधा तिवारी, तितली रानी, अन्नू एन अनुपमा, श्रीकृष्ण दीक्षांत गुरुप्रेस साहू, मॉडल गर्ल ऐल्विन, आर्मी जवान डालेंद्र जायसवाल, परी श्रेया यादव, आर्मी जवान वेदांत यादव, आकृति ने छात्र के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसे कॉलोनीवासियों ने सराहा और उत्साहवर्धन किया। निर्णायक कॉलोनी के शुभम पोर्ते व किशन श्याम रहे। प्रतियोगिता में प्रथम विभा तिवारी, द्वितीय श्रेया यादव एवं एल्विन बंजारे रहे। पुरस्कार वितरण में सुनील तिबुड़े, सोनल तिवारी और हर्षा हिसिकर ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश पटेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति ईडब्लूएस कॉलोनी के सदस्यों के साथ-साथ कॉलोनीवासियों का भी सहयोग रहा।

'आत्मरक्षा' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवापारा/राजिम/नवप्रदेश। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 'आत्मरक्षा' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मार्शल आर्ट ट्रेनर जितेंद्र कुमार यादव और मार्शल आर्ट प्रशिक्षु रश्मि साहू द्वारा छात्राओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम संयोजक महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी डॉ. प्रियंका सिंह और योगेश देवांगन रहे। ट्रेनर जितेंद्र कुमार यादव ने छात्राओं को मार्शल आर्ट के बारे में बताया कि मार्शल आर्ट युद्ध की कला है। यह आत्मरक्षा, अनुशासन और शारीरिक व मानसिक कल्याण के लिए सिखाई जाने वाली युद्ध कलाओं की एक प्रणाली है। मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शरीर, मन और आत्मा के विकास पर केंद्रित एक प्राचीन अभ्यास है, जो शारीरिक फिटनेस (ताकत, सहनशक्ति, गति, लचीलापन) के साथ-साथ आत्म-नियंत्रण, एकाग्रता, ध्यान और आत्मविश्वास जैसे मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्रदान करता है। यह मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शारीरिक लचीलापन व संतुलन में सुधार करने में मदद करता है। आत्मविश्वास, अनुशासन, तनाव व दबाव से निपटने की क्षमता बढ़ाता है। साथ ही शारीरिक खतरे से खुद की रक्षा करने का कौशल प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में ग्रेडिंग, बेल्ट प्रणाली और कभी-कभी स्पैरिंग भी शामिल होती है, जहां प्रशिक्षु सुरक्षित माहौल में अपनी तकनीकों का अभ्यास करते हैं। छात्र अपनी प्रगति दर्शाने के लिए ग्रेडिंग में भाग लेते हैं और अपनी कक्षाओं के अनुसार बेल्ट प्राप्त करते हैं। आज के समय में जिस तरह की अप्रिय घटनाएं सुनने को मिलती हैं, इस आर्ट का ज्ञान सभी को होना चाहिए।

देश की राजनीति में कांग्रेस का पतन तय : सांसद संतोष पाण्डेय

कवर्धा/नवप्रदेश। बिहार में इंडी गठबंधन की ओर से निकाली जा रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्रल चौक में भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर पूरे प्रदेश और देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देश की राजनीति में कांग्रेस का पतन का दौर है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं कि वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान चला रहे हैं लेकिन आज उनके द्वारा प्रधान मंत्री मोदी की दिवंगत माता जी के

विरूद्ध की गई टिप्पणी से पूरा देश की माताएं आहत हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह कांग्रेस का एक प्रयोजित कार्यक्रम था।

इससे पूर्व भी कांग्रेस ने मौत के सौदागर, मोदी चोर है, चोकीदार है चोर है जैसी अभद्र भाषा प्रयोग किया है। जो निंदनीय और दण्डीय है जिसकी भाजपा पुरजोर विरोध करती है। वहीं पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दविंगत मां के विरुद्ध की गई टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कांग्रेस समेत सभी दोषी दलों को इसके लिए माफी मांगनी होगी।

श्री साहू ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव किस तरह से महिलाओं का सम्मान करते हैं, यह बात उनकी यात्रा से सामने आ गई। मंच से प्रधानमंत्री का नाम लेकर उनकी दिवंगत मां के नाम पर अपशब्द बोले गए। राजनीति में पार्टी एक दूसरे से मतभेद रखती हैं पर किसी महिला को गाली देने का अधिकार नहीं है। इससे पता चलता है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव महिलाओं के सम्मान को लेकर कितने सजग हैं। उन्हें देश के सामने आकर माफी मांगनी चाहिए। मनीराम साहू ने कहा कि यात्रा के दौरान जिस ढंग से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, उससे पता चलता है कि कांग्रेस के युवराज के आचरण में अब संस्कार नहीं बचे हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में संतोष पाण्डेय सासंद राजनांदगांव लोकसभा, संतोष पटेल जिला महामंत्री भाजपा, मनीराम साहू जिला अध्यक्ष भाजयुमो, नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, जसविंदर बग्गा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मुकेश ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंडा, श्रीमती सतविंदर पाहुजा मंडल अध्यक्ष कवर्धा शहर, विजय पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, खिलेश्वर साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, ईश्वरी धुर्वे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, अजय ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, महेंद्र घृतलहरें जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, नीतीश चंद्रवंशी जिला मंत्री भाजयुमो, अनिल साहू भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कवर्धा शहर, मीनू साहू, दुर्गेश दुबे, मनहरण साहू, अमित चंद्रवंशी, सुनील साहू, दीपक सिन्हा, निर्मल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष/महामंत्री उपस्थित थे।

नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को मिला शिक्षा का उपहार

रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के द्वारा 260 बैग व अध्ययन सामग्री वितरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम रायपुर के तत्वावधान में 1 सितंबर 2025 को गरियाबंद जिले के दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 260 स्कूल बैग, कॉपी-पेन्सिल सहित अध्ययन सामग्री 10 गाँवों के 13 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन विवेकज्योति मासिक पत्रिका के संपादक स्वामी प्रपत्यानंद जी के निर्देशन में हुआ। जिन विद्यालयों में वितरण हुआ उनमें कुल्हाड़ीघाट, देवडोंगर, बेसराझर, तुहामेटा, कठवा, भालूकोना, कोनारी, भाठाडिग्गी, गवरमुड़, चलकीपारा और जिड़ार शामिल रहे। इस सेवा कार्य में विशेष योगदान संकुल समन्वयक एस.एल. कश्यप, लोहराकोट महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक डॉ. कपिल चंद्रा, शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद के डॉ. सत्यम कुम्भकार, शासकीय महाविद्यालय छुरा के डॉ. विनित साहू, समाजसेवी शीतल ध्रुव, द हाईट इंग्लिश मीडियम स्कूल मैनपुर की शिक्षिका गायत्री जगत, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रोहण बंजारे गौरव ध्रुव और योगेंद्र ठाकुर का रहा।

बच्चों के साथ उनके शिक्षकों में भी उत्साह देखा गया, क्योंकि उन क्षेत्रों में बहुत कम संस्थाएँ ऐसे कार्यों के लिए पहुँच पाती हैं। ग्रामीणों और शिक्षकों ने आश्रम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा के महत्व को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

कुशल संसाधन एवं प्रभावी गवर्नेंस के क्रियान्वयन हेतु एकजुट हुए शिक्षक

नगरी/नवप्रदेश। सेजेस सिंगपुर के अंतर्गत संकुल सिंगपुर एवम संकुल खड़मा के अधीन तेरह प्राथमिक एवम चार माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों के साथ स्कूल काम्प्लेक्स के माध्यम से कुशल संसाधन और प्रभावी गवर्नेंस के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक बैठक प्राथमिक शाला अंजोरा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संकुल के प्राचार्य डॉ. व्ही .पी.चन्द्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दर्शित स्कूल कॉप्लेक्स क्या,क्यों,कैसे पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए संकुल की अवधारणा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए इसके क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को आह्वान किया। इसके अंतर्गत संज्ञानात्मक एवम सह संज्ञानात्मक गतिविधियां, समझ आधारित

,गतिविधि आधारित शिक्षण,खेल आधारित शिक्षण,नवाचार,शोध, आई सी टी,संसाधनों का लर्निंग में अधिकतम उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अकादमिक गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संकुल को स्वायत्तता दी जाएगी जिसकी तैयारी शासन स्तर पर की जा रही है। अब एक संकुल के अधीन समस्त प्राथमिक एवम माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों का निर्धारण एवम क्रियान्वयन स्कूल काम्प्लेक्स के माध्यम से ही किया जाएगा जिसके लिए सभी शिक्षकों को तैयार रहने की जरूरत है। स्कूल काम्प्लेक्स की इस बैठक में प्राथमिक शाला सिरकट्टा के शिक्षक टिकेश्वर ध्रुव एवं प्राथमिक शाला सिंगपुर के शिक्षक योगेश ध्रुव के द्वारा पाठ योजनानुसार क्रमशः हिंदी एवम पर्यावरण विषय के पाठ का प्रदर्शन किया गया जिसे सेजेस सिंगपुर के वेब साइड पर अपलोड किया जाएगा। बैठक में आगामी बैठक हेतु एजेंडा का निर्धारण कर बैठक की तिथि तय की गई।

नगर सैनिकों को 10 सितंबर तक उपस्थिति जरूरी

गरियाबंद/नवप्रदेश। वर्ष 2024-25 में 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास ड्यूटी के लिए तथा 500 महिला एवं पुरुष नगर सैनिक जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती की कार्यवाही शुरू की गई थी। इसके तहत भर्ती परीक्षा परिणाम 08 अगस्त 2025 को जारी किया जा चुका है। जिला सेनानी नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी गरियाबंद न बताया कि 20 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

छाती सोसाइटी में दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक उत्कृष्ट किसान एवं बुजुर्गों का हुआ सम्मान

धमतरी/नवप्रदेश। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति, छाती द्वारा मंडी प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग जनों, भूतपूर्व सैनिकों, उत्कृष्ट किसानों एवं बुजुर्गों का सम्मान कर सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश की गई। इस कार्यक्रम में सहकारी समिति द्वारा किसानों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें किसान चॉइस सेंटर, माइक्रो एटीएम, पैक्स कम्प्यूटरीकरण, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, इफ्को एमसी जैसी योजनाएं शामिल हैं। साथ ही अल्पकालीन, मध्यमकालीन एवं दीर्घकालीन कृषि ऋण भी किसानों को सामान्य ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। समिति द्वारा पुराने कार्यालय का सौंदर्यीकरण कर राशन दुकान छाती के सामने नया भवन में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को और अधिक सुव्यवस्थित सेवाएं मिल सकें। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छाती समिति द्वारा किसानों के हित में

किए जा रहे कार्य वास्तव में सराहनीय हैं। जब गाँव का किसान सशक्त होता है, तभी प्रदेश और देश की नींव मजबूत होती है। समिति ने जिस तरह तकनीकी और वित्तीय सेवाओं को गाँव के द्वार तक पहुंचाया है, वह अनुकरणीय है। रायपुर अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि सहकारी समितियों की भूमिका आज के समय में और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। छाती समिति द्वारा किसान हित में किया गया कार्य ग्रामीण विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। हम अपेक्स बैंक की ओर से हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं। इस कार्यक्रम में रायपुर बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास, नोडल अधिकारी धमतरी बलरामपुरी गोस्वामी, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, ग्राम पंचायत छाती की सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, कृषि वैज्ञानिक श्री बोडरा, समिति अध्यक्ष श्री ललित कुमार साहू, समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, किसान और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया एवं आभार श्री ललित कुमार साहू ने की।

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

गरियाबंद/नवप्रदेश। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जिले में

जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत वन विभाग के ऑक्सन हॉल में रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम का तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर बीएस उइके ने किया। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त नवीन भगत, एसडीओ वन विभाग मनोज चन्द्राकर सहित जिला अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है।

चौपाटी निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शहर के वार्ड-14 अंबेडकर चौक स्थित ओवरब्रिज के नीचे अधोसंरचना मद से सौंदर्यीकरण व चौपाटी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया कि कालम की ढलाई का काम जारी है। कांक्रीट बनाने में जो सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, वह घटिया किस्म का है। साथ ही सीमेंट हवा में पत्थर हो गया है तथा रेती ज्यादा डाली जा रही है। ठेकेदार को साफ हिदायत दी है कि निर्माण में घटिया सीमेंट उपयोग न करें तथा रेत की मात्रा कम करें। किसी भी प्रकार से गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जाएगा। दूरभाष पर नगर पालिका के इंजीनियर को भी बताया गया तथा उन्हें निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण स्वयं इंजीनियर करें। निर्माण कार्य के दौरान नगर

पालिका से कर्मचारी तैनात करें। काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड के बुलु सेवई, दीपक सोनी, सुरेश सोनवानी, शुभम सोनी, शिव साहू, देवेश बाघमारे आदि उपस्थित रहे।

छ ग़ की प्रांतीय बैठक जगदलपुर में शारदा प्रसाद ग्वाले को सम्मानित

नगरी /नवप्रदेश। सिहावा नगरी जिला धमतरी निवासी शारदा प्रसाद ग्वाले अध्यक्ष कोसरिया धोबी समाज छ ग़ उड़ीसा राज को सर्व समाज समन्वय महासभा छ ग़ द्वारा प्रांतीय बैठक जगदलपुर में प्रांत निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान समाज के लिए समर्पण एवं सुधारात्मक कार्यों को निष्पादित करने तथा समाज को दिशा प्रदान करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के फलस्वरूप प्रदान किया गया है और उन्हें आगे भी इसी प्रकार प्रदेश कार्यकारिणी के लिए सुझाव और

प्रस्ताव तैयार कर उसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदलपुर महापौर माननीय संजय पांडे , सर्व आदिवासी समाज प्रमुख नेता राजाराम तामेड एवं अन्य समाज प्रमुख बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव वशिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा छ ग़ ने किया।

पंचायत के गलियारे से ... बिना सत्यापन भुगतान असंभव : सरपंच योगेश्वरी

कोकड़ी पंचायत में सत्ता का संग्राम : 15वें वित्त की राशि पर सरपंच-पूर्व सरपंच में तकरार!

कुरूद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोकड़ी (खैरा) इन दिनों विकास के नाम पर विवादों की आग में झुलस रही है। 15वें वित्त आयोग की 4,52,659 की राशि को लेकर वर्तमान सरपंच और पूर्व सरपंच के बीच छिड़ा घमासान अब पंचायत के गलियारों से निकलकर जनपद और कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच गया है। आरोप-प्रत्यारोप, नोटिस, और जांच की मांग के बीच ग्रामीण विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार से परेशान हैं। आइए, इस जटिल विवाद की परतें खोलते हैं और

समझते हैं कि आखिर मामला क्या है।

पूर्व सरपंच टिकेश साहू ने अपने पक्ष में कहा, "मैंने तीन विकास कार्य पूरे किए, जिन्हें ग्रामसभा ने अनुमोदित और संशोधित किया था। कार्यों को अन्य स्थानों पर करने के कारण वे ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट नहीं दिख रहे, जिससे वर्तमान सरपंच को गलतफहमी हो रही है।" टिकेश का आरोप है कि सरपंच योगेश्वरी कार्यों की वास्तविक स्थिति को समझने में भ्रमित हैं और अनावश्यक रूप से भुगतान रोक रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्य ग्रामसभा के निर्णयानुसार हुए हैं, और भुगतान की मांग उनका हक है।

विवाद का मूल: 15वें वित्त आयोग की राशि

ग्राम पंचायत कोकड़ी (खैरा), जनपद पंचायत कुरूद के अंतर्गत, को वर्ष 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग से ?4,52,659 की राशि आवंटित हुई थी। पूर्व सरपंच टिकेश साहू का दावा है कि इस राशि से उन्होंने विकास कार्य पूरे किए, लेकिन भुगतान अब तक लंबित है। दूसरी ओर, वर्तमान सरपंच योगेश्वरी साहू का कहना है कि जब तक कार्यों का सत्यापन और मूल्यांकन नहीं हो जाता, भुगतान नहीं किया जा सकता। यह असहमति ही विवाद की जड़ बन गई है, जिसने पंचायत को राजनीति और प्रशासनिक खींचतान का अखाड़ा बना दिया है।

वर्तमान सरपंच की दलील: बिना सत्यापन भुगतान असंभव

वर्तमान सरपंच योगेश्वरी साहू इस मामले में सख्त रुख अपनाए हुए हैं। उनका कहना है, "कई कार्य तो शुरू ही नहीं हुए, फिर भुगतान का दबाव क्यों? मैंने 16 जून को सभी कार्यों की जांच के लिए आवेदन दिया था, लेकिन आज तक जांच शुरू नहीं हुई। बिना सत्यापन और मूल्यांकन के राशि देना गलत होगा।"

कूरा में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया

धरसीवां/नवप्रदेश। धरसीवां क्षेत्र के नगर पंचायत कूरा सहित आस पास के विभिन्न ग्राम पंचायतों में गणेशोत्सव पर्व को बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है समिति प्रमुख सहित भक्त जन शुभ शाम रोजाना गणेश जी के पंडालों में उपस्थि होकर बड़े ही हर्षोल्लस के साथ पूजा अर्चना करने में लीन हो गए है । इस मौके पर क्षेत्र के कई गणेश पंडालों को कई आकर्षक तरीके से सजाने का कार्य किए गए है जहां देखने लोग बड़ी संख्या में रोजाना पहुंच रहे है ।

वन अमले की सतर्कता से शिकार करने से पहले 3 शिकारी गिरफ्तार

■ वन परिक्षेत्र देवपुर का है मामला

कसडोल/नवप्रदेश। गणवीर धम्मशील वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार, अनिल वर्मा उपवनमंडलाधिकारी कसडोल के कुशल नेतृत्व एवं संतोष कुमार पैकरा वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर के कुशल मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अंतर्गत कसौंदी बीट कक्ष क्रमांक 244 में 31/08/2025 की रात्रि 9:00 बजे गिरफ्त आरोपियों द्वारा वन्यप्राणी शिकार के प्रयोजन से विद्युत जीआई तार बिछाकर 11 केवी तार से जोड़ने के फिराक में ही थे कि वन कर्मचारियों द्वारा उनके मकसद को नाकामयाब कर रात्रि में ही 03 आरोपी क्रमशः 1. बालाराम पिता चमरा बरिहा उम्र 50 वर्ष 2. गणेशराम पिता खिकराम बरिहा उम्र 28 वर्ष 3. गुनसागर पिता शिवप्रसाद बरिहा उम्र 51 वर्ष तीनों ग्राम कुम्हारी थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार को रंगेहाथ दबोच लिया गया।

आरोपियों से मौके पर ह विद्युत जीआई तार 1.850 द्मद्द(लंबाई करीब 1200 मीटर), खाली दवाई की शीशी,लकड़ी की खूंटी,प्लास्टिक कवर पाइप,बांस की डांगिनी को जब्ती की कार्यवाही किया गया। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव(संरक्षण)अधिनियम 1972 की धारा 2(16), 9,50,51 एवं संशोधित वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 2022 की सुसंगत धाराओं में पीओआर क्रमांक 15686/04 जारी कर आरोपियों को दिनांक 01/09/2025 को माननीय न्यायालय कसडोल में रिमांड में लेकर जेल दाखिला किया गया है।

ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह ही वनमंडलाधिकारी बालोबाबाजार द्वारा वन्यप्राणी शिकार पर कड़े कार्यवाही कर शिकार के पूर्व ही शिकारियों को पकड़ने को निर्देशित किया गया था जिसे परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुए दिनांक 30/08/2025 को बैठक लेकर सभी कर्मचारियों को प्रत्येक सर्किल स्तर पर सामूहिक रूप से रात्रि में गश्त कर वन्यप्राणी सुरक्षा करने को कहा गया था जिसके परिपालन में चन्हाट सर्किल के नव पदस्थ प्रशिक्षु रेंज ऑफिसर टीकम सिंह ठाकुर द्वारा टीम बनाकर 31/08/2025 की रात्रि को रात्रिगश्त कर वन्यप्राणी शिकार के पूर्व शिकार के प्रयत्न में उक्त तीनो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल किए हैं।

उक्त कार्यवाही में प्रमुख रूप से टीकम सिंह ठाकुर प्रशिक्षु रेंज ऑफिसर सह परिक्षेत्र सहायक चन्हाट, चंद्रहास ठाकुर प्रशिक्षु रेंज ऑफिसर देवपुर,श्री तृषिकुमार जायसवाल वन परिसर अधिकारी कसौंदी, योगेश्वर सोनवानी वन परिसर अधिकारी चन्हाट, अश्वनी साहू वन परिसर अधिकारी उत्तर देवरी, अजीत कुमार ध्रुव वन परिसर अधिकारी देवपुर,समिति सुरक्षा श्रमिक महेंद्र बरिहा,श्री संतोष चौहान अजय बरिहा का विशेष योगदान रहा।

गणेशोत्सव, प्रतिदिन उमड़ रहे श्रद्धालुओं की अपार भीड़



कुरूद/नवप्रदेश। कारगिल चौक गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित श्री गणेशोत्सव इस समय पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ जारी है। प्रतिदिन ढोल-ताशों की गूंज और संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। समिति द्वारा 27 अगस्त को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना धूमधाम से की गई थी। तभी से लगातार श्रद्धालु प्रतिदिन आरती और महाप्रसादी का लाभ ले रहे हैं। कल, 2 सितम्बर 2025 को सायंकाल भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समिति ने सभी को कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्री गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का निमंत्रण दिया है।

पीएम आवास योजना में लाखों का घोटाला रोजगार सहायिका पर गंभीर आरोप

ग्रामीणों की कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की तैयारी

राजिम/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राजिम ब्लॉक के ग्राम पंचायत लफंदी में बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां की रोजगार सहायिका दिलेश्वरी साहू पर आरोप है कि उन्होंने हितग्राहियों के पैसे में गड़बड़ी कर लाखों रुपये का गबन किया है।

क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने पैसे की मांग की तो सहायिका ने उन्हें गोलमोल जवाब दिया और धमकाते हुए कहा जहां शिकायत करना है कर लो, कुछ नहीं होगा। मैं दूसरे गांव से आती हूं तो मुझे भी खर्चा लगता है।

ऑनलाइन मस्टररोल निकालने पर गड़बड़ियां हुई उजागर

मस्टररोल नंबर 2611 और 5286 समेत कई रोल में फर्जी नाम और भुगतान दर्ज मिले। फिलहाल करीब 45 हितग्राही सामने आए हैं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जांच के बाद यह संख्या और बढ़ सकती है।

क्या है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत हितग्राहियों को ?1,30,000 नकद सहायता और मनरेगा मस्टररोल के जरिए ?25,000 दिए जाते हैं। लेकिन लफंदी में रोजगार सहायिका ने वास्तविक हितग्राहियों के नामों की जगह अपने चहेते लोगों और यहां तक कि ऐसे नामों को भी मस्टररोल में शामिल कर भुगतान जारी कर दिया, जो गांव में रहते ही नहीं है।

क्या कहते हैं अधिकारी

इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत मनरेगा प्रोग्रामर अधिकारी रीना ध्रुव ने कहा हमारे पास अब तक शिकायत नहीं आई है। यदि शिकायत मिलती है तो जांच के बाद विधिवत कार्रवाई की जाएगी। यदि हाजिरी में गड़बड़ी पाई जाती है तो दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। अब सवाल यह है कि क्या मुख्यमंत्री का यह बयान सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगा, या लफंदी पंचायत जैसे मामलों में वाकई ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई होगी? गौरतलब है कि लफंदी पंचायत जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष के गृहग्राम में आता है। ऐसे में यह देखना अहम होगा कि जिला प्रशासन इस गड़बड़ी पर कितनी सख्ती से कार्रवाई करता है।

मुख्यमंत्री का बयान बनाम जमीनी हकीकत

इस बीच ध्यान देने योग्य है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पीएम आवास योजना को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने साफकहा था कि यदि इस योजना में फर्जीवाड़ा या रिश्वतखोरी पाई जाती है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत सचिव ने झाड़ा पल्ला

ग्राम सभा बैठक में जब शिकायत की गई तो पंचायत सचिव ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताकर पल्ला झाड़ लिया। अब ग्रामीण कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर रोजगार सहायिका को हटाने और गड़बड़ी से हड़पे गए पैसे वापस दिलाने की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं।

मल्लखंब में दो खिलाडी नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयनित

कलेक्टर ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले के मल्लखम्ब खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं दो खिलाडी दुष्यंत घृतलहरे और अनाया ठाकुर का चयन उज्जैन में होने वाली राष्ट्रीय मल्लखंब चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को गुलदस्ता देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

25 वीं राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता कोंडागांव, नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 28 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया।दुष्यंत और अनाया ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।टीम चैंपियनशिप में रायपुर संभाग ने बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान और बालक वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आल राउंड चैंपियनशीप मे भी अनाया और दुष्यंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।रायपुर संभाग से चयनित 6 खिलाड़ियों में अनाया ठाकुर, अंजली यादव, दुष्यंत घृतलहरे, हरिओम ढीढी, नरेश गेंद्रे और अभिषेक कोसरिया शामिल थे।

कृष्णा सिटी में रंगमंच निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर की कृष्णा सिटी कॉलोनी में रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन संपन्न किया। यह नव-निर्मित रंगमंच भाटापारा की कला, संस्कृति एवं सामाजिक आयोजनों को एक नई पहचान और सशक्त मंच प्रदान करेगा। नगर के कलाकारों, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यक्रमों के लिए यह रंगमंच महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया,नपा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश राजे पार्षद बब्बू मंधान नंदू वैष्णव सतीश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कालोनी वासियों को इस नए रंगमंच हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की और विश्वास व्यक्त किया कि यह मंच आने वाले समय में नगर की सांस्कृतिक धरोहर को नई दिशा प्रदान करेगा।

हाथियों की मौजूदगी से सतर्क रहने की अपील वन मंडल की टीम कर रही निगरानी

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी वन मंडल अंतर्गत उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के रेंगाडीह परिसर में दो हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। यह हाथी वर्तमान में कक्ष क्रमांक 20 में देखे गए। दिन मंगलवार को देख गया वन विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों से अब तक किसी भी प्रकार की मकान या जनहानि की सूचना नहीं है, किन्तु फसल को आंशिक नुकसान पहुँचा है। इस परिक्षेत्र में हाथियों की गतिविधि को देखते हुए आसपास के ग्राम – कोरगांव (कण्डबरा), रेंगाडीह, परसाबुड़ा (कमारपारा), हथबंध एवं जलकुंभी – को अलर्ट जारी किया गया है।

हाथी दल की निगरानी हेतु वन अमला सक्रिय है। इस दौरान दल प्रमुख

प्रेमलाल लहरे (स्ष्ट्स्नह्र), दल सहायक हरीश कुमार दुबे (क्क्स्नह्र), प्रभु राम कंवर (क्क्स्नह्र) सहित सुरक्षा श्रमिकों और वाहन चालक की टीम तैनात है।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल की ओर न जाएँ, सतर्क रहें और हाथियों को देखते ही नजदीकी वन कर्मचारी को तुरंत सूचित करें।

फरसियां नयापारा में नवाखाई ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम फरसियाँ नयापारा में नवाखाई ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि थान सिंग मरकाम अध्यक्षता जवाहरलाल मरकाम , ग्रामीण युवक युवती प्रभाग अध्यक्ष भूपेंद्र मरकाम, डिवहार पंच कोमल सिंह नेताम, डिवहार पंच परमानंद नेताम, बाल मंडली अध्यक्ष राजेश्वर कोर्राम,केशव टेकाम सरपंच, हरक लाल , धनेश नेताम, मनी राम नेताम ,गोपाल मरकाम, दौलत राम मरकाम, भीखराय मरकाम, कुलदीप नेताम, शांतनु मरकाम, किशोर मरकाम, संजय कुमार आदि उपस्थित हुए।

पुलिस एवं एसबीआई शाखा राजिम ने किया कॉलेज में साइबर जगरूकता का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। आज दिनांक 01सितंबर 2025 को गरियाबंद पुलिस एवं SBI शाखा राजिम के द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय राजिव लोचन कॉलेज के छत्र छात्राओं के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज के छत्र छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान थाना राजिम के टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अनचाहे लिंक ,,क्या ख्रद्दद्ध को डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातें किराए से दूसरों को न देना, डिजिटल अरेस्ट जैसे कोई चीज नहीं होती किसी के ऊपर में मामला बनता है तो सीधे पुलिस आकर उस मामले की समीक्षा करती है । इन सभी फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फेन कर शिकायत दर्ज कराने को बोला गया ।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा राजिम के टीम द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को अपने खाते के नियमित जांच करने, अपने एटीएम का ओटीपी शेयर ना करने, ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सावधानियां बरतने, ऑनलाइन जॉब के झांसे में न आने जैसे अन्य साइबर फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।गरियाबंद पुलिस एवं स्नद्ब शाखा राजिम के द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय राजिव लोचन कॉलेज में किया गया साइबर जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

गरियाबंद - आज दिनांक 01सितंबर 2025 को गरियाबंद पुलिस एवं स्नद्ब शाखा राजिम के द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय राजिव लोचन कॉलेज के छत्र छात्राओं के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज के छत्र छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान थाना राजिम के टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अनचाहे लिंक ,,क्या ख्रद्दद्ध को डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातें किराए से दूसरों को न देना, डिजिटल अरेस्ट जैसे कोई चीज नहीं होती किसी के ऊपर में मामला बनता है तो सीधे पुलिस आकर उस मामले की समीक्षा करती है । इन सभी फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फेन कर शिकायत दर्ज कराने को बोला गया ।

खनिज विभाग की अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 13 हाईवा जब्त

राजिम/नवप्रदेश। रायपुर जिले में खनिज विभाग ने अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 13 हाईवा को जब्त किया है। यह कार्यवाही रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में की गई है। इस कार्रवाई के अंतर्गत 13 हाईवा वाहनों को जब्त कर संबंधित थाना क्षेत्रों में रखा गया है।

यह उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा 15 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से रेत उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद अवैध रूप से रेत का परिवहन गरियाबंद, धमतरी, मोमेला एवं महासमुंद क्षेत्रों से अन्य स्थानों हेतु किया जा रहा था।

सूचना पर उप संचालक खनिज प्राची अवस्थी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने 31 अगस्त और 1 सितम्बर की दरम्यानी रात आरंग, नवापारा, माना एवं विधानसभा क्षेत्र में नाकेबंदी कर जांच-पड़ताल की। इस दौरान रेत से भरे 8 हाईवा, मुरम से लदे 2 हाईवा तथा गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 3 हाईवा जब्त किए गए। इन वाहनों को मंदिर हसौद, विधानसभा एवं खरोरा थाना क्षेत्रों की सुपुर्दगी में रखा गया है। साथ ही गोबरा नवापारा के ग्राम पारागांव स्थित महानदी पर अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन, एक रेत सक्शन मशीन और एक नाव को जब्त किया गया।

पारागांव स्थित महानदी पर पनडुब्बी से अवैध रेत उत्खनन : खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों एवं मशीनों के खिलाफ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। खनिज सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा के नेतृत्व में की गई।

नवदुर्गा विजया एकादशी महोत्सव समिति का गठन

नगरी/नवप्रदेश। नवरात्र पर्व प्रारंभ होने वाला है इसी कड़ी में इसकी तैयारी हेतु पूर्व समिति को भंग कर नवीन समिति का गठन किया गया सर्वसम्मति से नवदुर्गा एवं विजय एकादशी महोत्सव समिति अध्यक्ष संतोष पटेल बनी उपाध्यक्ष भगत मनहरे अरुण कश्यप सचिव दिनेश निषाद सह सचिव लोकेश्वर पटेल कोषाध्यक्ष अभिनव अवस्थी क्रीडा अध्यक्ष सुनील सिंहसार मीडिया प्रभारी थरुण निषाद बने इस अवसर पर ग्राम पटेल राजेश यदु समिति के सदस्य प्रवीण गुप्ता उदय राम कश्यप लकेश पटेल हरचंद पटेल विजय निषाद संजय सारथी दुलेश्वर पटेल राजेश पटेल पिंकी यदु आदि उपस्थित रहें।

पर्युषण पर्व | **अपने मन को पवित्र करना संयम है....अभिषेक मोदी**

बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का छठवां दिवस

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का छठवां दिवस उत्तम संयम धर्म के रूप में धूमधाम से मनाया गया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक मोदी ने बतलाया संयम का सीधा सा अर्थ है दौड़ते हुए इंद्रिय विषयों की लगाम अपने हाथ में रखने तथा दया भाव से क्षय काय के जीवो की अपने द्वारा वीराधना न होने देना है।संयम सद्गति प्राप्त करने का प्रमुख साधन है। हमें नियम संयम का पालन सम्यक प्रकार से करना चाहिए।

मोदी ने कहा कि संयम से रहित व्यक्ति किसी भी गति में जा सकता है। संयम के अभाव में आत्मज्ञान होना संभव नहीं है ।जीवन रूपी नौका को सही दिशा में ले जाने के लिए संयम रूपी पतवार आवश्यक है। इंद्रियों को काबू में करना यह कषायों को जीतने का उपाय है। कर्म के वेग को सहने की क्षमता असंयमी के पास नहीं होती जो एक बार खाए वह योगी, जो दो बार खाए वह भोगी ,जो तीन बार खाए वह रोगी और जो बार-बार खाए उसकी क्या दशा होगी। यह असंयम का बार-बार खाने का ही परिणाम है कि व्यक्ति इतने बीमार रहने लगे हैं। पहले जब लोग संयम से रहते थे तब पूरे गांव में एक वैध होता था, पर अब तो हर गली में दो-चार डॉक्टर मिल जाते हैं। संयमी व्यक्ति ही मन पर विजय प्राप्त कर सकता है । मन को विषय भोगों से हटकर संयम का पालन करो। अंत में अक्षत मोदी के द्वारा जिनवाणी स्तुति की गई। रात्रि में भगवान आचार्य श्री जी की मंगल आरती हुई इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन, नितिन,सचिन ,पंकज, भावना, गदिया, प्रकाश, आलोक, विनोद, अभिषेक ,अक्षत, अभिनव ,अभिनंदन , अरिंजय ,अविरल, मोदी, सुमन लता ,रजनी , अंशु ,नेहा, सुरभि, रोशनी मोदी ,अभिलाषा जैन, अनुराग अंकुश जैन, संतोष मयंक बबीता जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

ठाकुर जोहारनी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। नवा खाई नंदा नवमी के पावन पर्व पर कृष्ण कुमार मारकोले के घर में ठाकुर जोहरनी का कार्यक्रम रखा गया जिसमे उमरगांव के आदिवासी सामाजिक बंधु एवम गांव के आम जनता के उपस्थिति में ठाकुर जोहर्नी का महान कार्य का शुभारंभ किया गया जिसमें जय भोले शंकर के मूर्ति पूजा कर महान इस्तुति के साथ भारी जोर सोर के साथ मनाया गया जिसमे पी आर कुंजाम एस डी ओ एरिगेशन धमतरी उमरगांव वाले ने बड़ी सुंदर तरीके से समाज को बड़ा देव के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया एवम सामाजिक गोड अध्यक्ष कृष्णा कुमार मार्कोले ने भी बड़ी सुंदर तरीके से आदिवासी समाज को नंदा नवमी के बारे मे बताया एवम सामाजिक बंधुओं को जीवन भर एकता रहने की अपील किया जिसमे उमरगांव के सामाजिक बंदु भारी संख्या में उपस्थित हुए यह जानकारी महेश कुमार अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता उमरगांव वाले ने दिया है।

‘पापा, मैं ठीक हो जाऊंगी ना’, दिल की बीमारी से जूझ रही शांभवी का मासूमियत भरा सवाल

- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भोपालपटनम से आए परिवार को दिया संपूर्ण इलाज का भरोसा
- रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में होगा रियूमेटिक हार्ट डिजीज (आरएचडी) का इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले भोपालपटनम ब्लॉक के वरदली गांव की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय शांभवी गुरला की मासूम आंखों में एक ही सवाल था ÷पापा, मुझे क्या हुआ है, मैं ठीक हो जाऊंगी ना?

खेती-किसानी कर परिवार का गुजारा करने वाले उसके पिता इस सवाल पर अक्सर चुप हो जाते थे। तीन महीने पहले जिला अस्पताल बीजापुर में जब डॉक्टरों ने बताया कि शांभवी को रियूमेटिक हार्ट डिजीज है, तो पिता के पांव तले जमीन खिसक गई। डॉक्टरों ने रायपुर में इलाज कराने की बात कही, लेकिन परिवार को लगा कि रायपुर में इलाज में तो बहुत ज्यादा खर्च लगता होगा, ये सोच कर परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं।

घर में हर रोज यही चर्चा होती ÷अब क्या होगा? हम अपनी बेटी का इलाज कैसे कराएंगे? मां रोती और शांभवी को सीने से लगाकर कहती बेटा,

सब ठीक होगा। लेकिन उसके पिता की आंखों में चिंता साफ झलकती थी। आखिरकार उन्होंने हिम्मत जुटाई और बेटी को लेकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के पास पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने बच्ची से मुलाकात की और तुरंत ही रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव से बात की। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज तुरंत शुरू किया जाए। खर्च की चिंता मत करें, सरकार पूरी जिम्मेदारी लेगी।

स्वास्थ्य मंत्री की यह बात सुनते ही शांभवी की मां की आंखों से आंसू बह निकले। उन्होंने कांपती आवाज़ में कहा– मंत्री जी, आप हमारी बेटी को नया जीवन दे रहे हैं। आप हमारे लिए किसी डाक्टर से कम नहीं। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर शांभवी को इलाज के लिए एसीआई रायपुर में लाया गया है। यहां डॉक्टरों की टीम उसकी जांच करेगी और उसका इलाज शुरू करेगी। गौरतलब है कि सरकार का यह कदम सिर्फ एक बच्ची के लिए नहीं, बल्कि राज्य के हर एक गरीब परिवार के लिए भरोसे का संदेश है।

अब माता पिता के चेहरे पर खुशी के भाव देखकर आज शांभवी भी मुस्कुरा रही है और पिता से बार-बार पूछती है– पापा, मैं जल्दी खेल पाऊंगी ना और इस बार पिता की आंखों में आंसू नहीं, बल्कि उम्मीद की चमक है।

संस्कार शिक्षकों को पूज्यपाद अशोक देवाचार्य महाराज का मार्गदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। सर्वत्र शिक्षा समिति, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित संस्कार पाठशाला के संस्कार शिक्षकों को आज संस्कार स्टेट कार्यालय रायपुर में प्रयागराज से पधारे, भारत सरकार द्वारा वेद विभूषण से सम्मानित कथा व्यास पूज्यपाद श्री अशोक देवाचार्य जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यालयों में बच्चों को संस्कार शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, अतिथि सत्कार तथा वेद मंत्रों का ज्ञान किस प्रकार से प्रभावी ढंग से दिया जा सकता है। उन्होंने संस्कार शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वेदों का प्रकाश नई पीढ़ी तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने आगामी 14 सितंबर से 20 सितंबर तक पवित्र बद्रीनाथ धाम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के लिए सभी संस्कार शिक्षकों को निमंत्रण प्रदान किया। इस आयोजन में संपूर्ण भारतवर्ष से पधारे संस्कार शिक्षकों के लिए निशुल्क भोजन एवं आवास व्यवस्था की जाएगी। महाराज श्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल परंपरा आज विलुप्त होने की कगार पर है और युवा पीढ़ी दिशाहीन होती जा रही है। अंत में उन्होंने भारत सरकार एवं संस्कृति मंत्रालय का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने संस्कार शिक्षकों को इस पावन दायित्व से जोड़ा है।

8 स्काउट्स, गाइड्स और रेंजर्स सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रपति स्काउट्स एंड गाइड्स अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के आठ प्रतिभावान स्काउट्स, गाइड्स और रेंजर्स को सम्मानित किया गया। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने बताया कि सम्मानित होने वाले स्काउट्स, गाइड्स और रेंजर्स में शामिल हैं। जिसमें स्काउट सौरभ कुमार धृतलहरे, स्काउट निखिल साहू, गाइड रोशनी पटेल गाइड आकृति खुंटे, गाइड सुरेखा कंवर, रेंजर राजेश्वरी साहू, रेंजर कोमल शर्मा और रेंजर गीता वैष्णव शामिल हैं। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं और राज्य में स्काउट आंदोलन की निरंतर प्रगति को दर्शाती है। सांसद अग्रवाल ने इन सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ के ये होनहार युवा न केवल अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। स्काउट्स एंड गाइड्स जैसी संस्थाएं बच्चों और युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करती हैं। भविष्य में भी प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को इस आंदोलन से जुडने् का आह्वान करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसी प्रकार उपलब्धियां हासिल करती रहेंगी।

प्रदेश में अब तक 891.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 891.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बस्तर जिले में सर्वाधिक 1292.9 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 432.1 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 756.4 मि.मी., बलौदाबाजार में 618.9 मि.मी., गरियाबंद में 747.1 मि.मी., महासमुंद में 651.2 मि.मी. और धमतरी में 797.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 843.2 मि.मी., मुंगेली में 829.7 मि.मी., रायगढ़ में 1055.4 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 721.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1038.6 मि.मी., सक्ती में 920.4 मि.मी., कोरबा में 851.3 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 851.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 713.5 मि.मी., कबीरधाम में 627.5 मि.मी., राजनांदगांव में 798.3 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1143.2 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 666.9 मि.मी. और बालोद में 977.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 633.1 मि.मी., सूरजपुर में 965.0 मि.मी., बलरामपुर जिले में 1277.8 मि.मी., जशपुर में 871.3 मि.मी., कोरिया में 984.4 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 894.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में कोंडागांव जिले में 837.9 मि.मी., कांकेर में 1047.0 मि.मी., नारायणपुर में 1135.1 मि.मी., दंतेवाड़ा में 1243.6 मि.मी., सुकमा में 988.8 मि.मी. और बीजापुर में 1211.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

महादेव घाट रॉयल क्लब में मासिक गोष्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ॠचा की अगस्त माह की मासिक गोष्ठी महादेव घाट रॉयल क्लब में आयोजित की गई। सचिव मीना शर्मा ने सबका अभिनंदन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करने मां सरस्वती व स्व शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन हेतु संरक्षक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, कल्पना यदु,अध्यक्ष डॉ मंजुला हर्ष श्रीवास्तव व आयोजिका नीलिमा मिश्रा को आमंत्रित किया मां शारदे की वंदना को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी भाषा में सुमधुर प्रस्तुति दी प्रज्ञा त्रिवेदी ने। मासिक प्रतिवेदन का पठन सह-सचिव ईरा पंत ने किया इस माह जिन सदस्यों का जन्मदिन था, उन्हें बधाइयां प्रेषित की गई, आलिम नकवी भाई को ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने पुष्पगुच्छ भेंट किया, लतिका भावे को कल्पना यदु, डॉ मंजुला हर्ष श्रीवास्तव ने, मधु सक्सेना को मंजु यदु नीलिमा मिश्रा ने, दिलीप वरवंडकर को डॉ चितरंजन कर सुरेंद्र रावल ने, किरण लता वैद्य को कल्पना यदु नीलिमा मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। अनूठे अंदाज में संचालन कर गोष्ठी को प्रवाह दिया दिलीप वरवंडकर ने।गीतों, ग़ज़लों की इंद्रधनुषी काव्य धारा के सहभागी बने-- रामेश्वर शर्मा,आशामानव, आलिम नकवी, डॉ सुरेश तिवारी, चंद्र कांता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

नृत्य के विभिन्न रंगों से सराबोर तीज महोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा विगत वर्षों की भाँति प्रदेश की विप्र महिलाओं, युवतियों को पूर्णतः सांस्कृतिक मंच प्रदान करने तीज महोत्सव का आयोजन अग्रवाल भवन, पुरानी बस्ती में किया गया. प्रतिभागियों ने समूह, एकल नृत्य, तीज सुंदरी की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे एवं विशेष अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा रहीं. अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन, वंदना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया. पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदाय कर स्वागत किया गया.

महापौर मीनल चौबे ने अपने उदबोधन में कहा कि महिलायें तीजा अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना के लिये उपवास रखकर मनाती हैं. यह हमारी प्राचीन परम्परा है. संगठन इसे उत्सव के रुप में मना रहा है यह अच्छी बात है. सांस्कृतिक कार्यक्रम से ना केवल प्रतिभा निखरती है बल्कि आपसी मेल-मिलाप भी हो पाता है. बाल आयोग अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा ने कहा कि मुझे यहां आकर खुशी हो रही है कि सभी तीज की खुशियों में बंधे दिख रहे हैं. पारम्परिक नृत्य से माहौल खुशनुमा है. वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन मात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम भी नहीं समाज में जागरूकता के लिए चाणक्य स्मृति दिवस जैसे कार्यक्रम भी आयोजित करता है.

प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया की इस नृत्य एवं तीज सुन्दरी प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर, भाटापारा, बलौदाबाजार, बेमेतरा, दुर्ग जिले से लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया. नृत्य प्रतियोगिता के परिणाम निम्नानुसार रहे- एकल नृत्य में प्रथम - स्वीटी शर्मा, द्वितीय- अल्पना शर्मा, युगल नृत्य में प्रथम - सुरभी शर्मा, मनका त्रिपाठी, द्वितीय - सीमा चोपड़ा, रावी चोपड़ा एवं समूह नृत्य में प्रथम - महिषासुर मर्दनी ग्रुप, द्वितीय स्थान - निधि दीवान ग्रुप रहे. तीज सुन्दरी प्रतियोगिता में श्रीमती उन्नति शुक्ला विजेता रही.

तीजा मिलन समारोह, प्रदेश के समस्त मंत्री सहित दिग्गज नेता होंगे शामिल

राजधानी रायपुर में कल 03 सितम्बर बुधवार को तीजा मिलन समारोह का भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से बी-5/10, शंकर नगर, रायपुर में आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक किरण सिंह देव सहित अनेक मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पर्यटन एवं राजस्व मंत्री राजेश अग्रवाल भी शामिल होंगे।

कैट ने वित्त मंत्री को भेजे छात्रों व उपभोक्ताओं के हित से जुड़े 12 सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ ने 3 व 4 सितबंर को आयोजित होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए राज्यभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों से प्राप्त सुझावों को संकलित कर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजा है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने कहा है कि प्रदेश के व्यापार जगत ने व्यापक चर्चा और विचार-विमर्श के बाद 12 बिंदुओं को चिन्हित किया है। वे न केवल व्यापारियों और उद्योग जगत बल्कि किसानों, छात्रों एवं आम उपभोक्ताओं के हित से भी जुड़े हुए हैं।

दिए ये सुझाव

- स्टेशनरी उत्पादों पर जीएसटी 5 प्रतिशत किया जाए, ताकि शिक्षा की लागत घटे और छात्रों एवं संस्थानों को राहत मिले।
- स्कूल बसों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए।
- वस्त्र एवं फुटवियर के उत्पादों पर 5 प्रतिशत लगाया जाए।
- पोहा और मुरमुरा को करमुक्त श्रेणी में रखा जाए ये जनता का दैनिक आहार है व ग्रामीण उद्योगों से जुड़ा है।
- साइकिल, रिक्शा और पुर्जों पर एक समान जीएसटी दर, ताकि अनुपालन सरल हो और विवाद खत्म हों।
- कृषि उपकरणों पर जीएसटी 5 प्रतिशत किया जाए। जिससे किसानों की लागत घटे और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिले।
- लघु व्यापारियों एवं एमएसएमई के लिए और सर्विस उद्योगों की पंजीकरण सीमा और कम्पोजिशन स्कीम की सीमा बढ़ाई जाए।
- 180 दिन में आईटीसी रिवर्सल की शर्त में राहत दी जाए।
- ओटीएस 2.0/अमनेस्टी योजना लागू हो, जिससे छोटे व्यापारी ब्याज और दंड से राहत पाकर मूलकर का भुगतान कर सकें।
- लंबित अपीलों एवं रिटर्न्स के लिए विशेष सुविधा और दंड माफी।
- सेवाओं पर अग्रिम भुगतान पर जीएसटी समाप्त किया जाए।
- जीएसटीआर-9 और 9सी में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

बांस करील के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में बांस करील एवं पिका के अवैध परिवहन के मामले में तेज़ और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गिरौदपुरी, निवासी प्रवीण कुमार पटेल के विरूद्ध बांस करील और पिका के अवैध परिवहन पर कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री रूपेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में महराजी सर्कल के वन कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों द्वारा की गई नियमित गश्त के दौरान प्रवीण कुमार पटेल पिता भनेश राम पटेल, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम गिरौदपुरी, को मोटरसाइकिल (होंडा साइन, क्रमांक छ्त्त22,्स्र 8094) में बांस करील एवं बांस पिका का अवैध रूप से परिवहन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। मौके पर ही वाहन एवं बांस करील एवं पिका को जप्त कर पी.ओ.आर. दर्ज की गई। बरामद नासवान बांस करील एवं पिका को नियमानुसार गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। साथ ही संबंधित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा है कि वन संपदा की अवैध कटाई एवं परिवहन पर्यावरण और जंगलों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। वन विभाग लगातार जंगल एवं वन उत्पादों के अवैध कटाई एवं परिवहन पर नज़र बनाए हुए हैं और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर वन संपदा की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आम जनता एवं ग्रामीणों से अपील किया है कि किसी भी अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि सामूहिक प्रयास से वनों की रक्षा की जा सके और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके।

कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में खेल दिवस पर विभिन्न आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मचारी भविष्यह निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में केन्द्रे सरकार के निदेशानुसार खेल दिवस पर दिनांक 29.08.2025 से 30.08.2025 तक विभिन्न्‍ आयोजन किए गए।

जिसमें कार्यालयीन कर्मियों के मानसिक एंव शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तथा उसके विकास के लिए मेजर ध्याानचंद की जयंती पर केन्द्रस सरकार के मार्गदर्शन अनुसार विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यालय प्रमुख एंव क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्तन, श्री जयवदन इंगले के मार्गदर्शन में इन खेलों का शुभारंभ किया गया जिसमें रस्सी कूद, पुशअप्सं, मित्र को उठाओ, निंबू रेस, बकेट बाल जैसे खेलों का आयोजन किया गया ।

राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2024–25 हेतु 64 शिक्षक चयनित

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं सेवाओं के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु प्रदेशभर के कुल 64 शिक्षकों का चयन किया गया है। राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार अंतर्गत चयनित शिक्षकों को आगामी 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार, चयनित शिक्षकों में प्राचार्य, प्राचार्य (एल.बी.), प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.), सहायक शिक्षक (एल.बी.) सहित विभिन्न श्रेणियों के शिक्षक शामिल हैं।

संगठित रहना है तो क्षमा सीखना पड़ेगा : मनीष सागर

- व्यक्तित्व का निर्माण पुरुषार्थ से ही होगा

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में सोमवार को चातुर्मासिक प्रचवनमाला में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि संगठित रहना है तो क्षमा सीखना पड़ेगा। क्षमा मांगना भी सीखना पड़ेगा और क्षमा करना भी सीखना होगा।

जिसके भीतर क्षमा नहीं है,वह समूह में नहीं रह सकता। आज संयुक्त परिवार इसलिए बिखर रहे हैं।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्यक्तित्व का निर्माण पुरुषार्थ से ही संभव है। केवल आप भाग्य के भरोसे नहीं रह सकते। पुण्य के उदय से परिस्थितियां अनुकूल मिल सकती है। पुण्य के उदय से व्यक्ति सुधर जाए यह ना हुआ है और ना कभी होगा। केवल पुरुषार्थ से ही व्यक्ति का विकास हो सकता है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि पुरुषार्थ और भाग्य का समन्वय होना जरूरी है। यदि सफलता चाहिए तो केवल भाग्य के भरोसे नहीं बैठ सकते है। हमेशा पुरुषार्थ करना आवश्यक है। यदि आपने पुरुषार्थ बहुत किया लेकिन भाग्य साथ नहीं दे रहा तो भाग्य को कोसने के बजाय और अधिक पुरुषार्थ करने की आवश्यकता है। हमें अपने प्रयासों को और भी सशक्त बनाना चाहिए। असली सफलता उन लोगों को ही मिलती है जो कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहते हैं।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन में दूरदर्शिता आवश्यक है। दूरदर्शिता नहीं होगी तो सीमित दायरे में जीवन चलता रहता है। जीवन में व्यवहार कुशल होना जरूरी है। जीवन में शांति समरसता, प्रेम, संगठन रहे। ऐसा बर्ताव ही व्यवहार कुशलता है। सिर्फ कुछ रीति व रस्म निभा लेना व्यवहार कुशलता नहीं है। दुर्जनों के साथ रहकर भी अपने व्यवहार को नहीं खोना है। अपना सदाचार बनाए रखना है। नीति व नियमों को नहीं खोना है। अपना सदाचार बनाए रखना ही सज्जनता है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सभी धन का भोग करते हैं लेकिन धर्म का भोग नहीं करना है। धर्म करते-करते अहंकार नहीं आना चाहिए। दूसरों में दोष देखने के लिए धर्म ने आपको नहीं बनाया है। ऐसे जो करता है वह धर्म के क्षेत्र में अपना विकास नहीं कर पाता। हमेशा ऊपर उठने का प्रयास करना है। हम अपने धर्म कार्य का अभ्यास करते रहे। अहंकार से बचकर हमें विकास करना होगा।

कुसमी नहर विस्तार कार्य हेतु करीब 76 लाख रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा रायपुर जिले की महानदी परियोजना के अतंर्गत शाखा नहर के गोड़ा से कुसमी (आर.सी.सी ट्रफ) नहर के विस्तार कार्य के लिए 75 लाख 98 हजार रुपये स्वीकृत किये है। योजना के कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्रीय किसानों को 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से योजना के कार्य पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

न्यूज़ गैलरी

भविष्य की सोच है थीमैटिक निवेश

नई दिल्ली। थीमैटिक निवेश एक दूरदर्शी दृष्टिकोण है, जो निवेश की वृद्धि की संभावनाओं का आकलन करता है। थीमैटिक निवेश के लाभ और भविष्य की संभावनाओं के बारे में धन प्रभार प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक अभिलाषा गुप्ता क्या कहती हैं। दुनिया लगातार बदल रही है। नई-नई तकनीकों के इजाद के साथ उपभोक्ताऔर वैश्विक प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं। इन बदली हुई परिस्थितियों में समझदार निवेशक इन बदलावों को पहले ही पहचान कर निवेश कर सकते हैं। इस तरह वे समय से पहले फैसला लेकर बड़े से बड़ा लाभ उठा सकते हैं।

सिट्रॉएन इंडिया ने व्यापक खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। वाहन स्वामित्व को सरल बनाने और ग्राहकों और डीलरों दोनों के लिए वित्तीय पहुँच बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण के साथ सिट्रॉएन इंडिया ने सर्वश्रेष्ठ खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की है। यह रणनीतिक कदम स्टेलंटिस-एचडीएफसी गठबंधन को और मजबूत करता है, जिससे एचडीएफसी बैंक भारत में जीप, मासेराती और अब सिट्रॉएन सहित सभी स्टेलंटिस ब्रांडों के लिए एकमात्र पसंदीदा वित्तपोषक बन गया है। इस समझौता ज्ञापन पर स्टेलंटिस इंडिया के बिजनेस हेड और डायरेक्टर - स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप्स × इंस्टीटूशनल बिज़नेस, श्री शिशिर मिश्रा और एचडीएफसी बैंक के बिजनेस हेड - ऑटो लोन, इन्वेंट्री फाइनेंस और टू-व्हीलर लोन, श्री अखिलेश कुमार रॉय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर स्टेलंटिस इंडिया और एचडीएफसी बैंक के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एचडीएफसी बैंक की व्यापक पैन -इंडिया पहुँच और दो दशकों से अधिक समय से सबसे भरोसेमंद ऑटोमोबाइल फाइनेंसरों में से एक के रूप में सिद्ध विरासत के साथ, यह गठजोड़ सिट्रॉएन ग्राहकों और डीलर भागीदारों दोनों को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ग्राहकों के लिए यह साझेदारी प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और लचीले पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ बढ़ी हुई सुविधा और पहुँच प्रदान करती है। एचडीएफसी एक्सप्रेस कार लोन इसकी एक प्रमुख विशेषता है, जो उद्योग में अग्रणी समाधान है ।

देश में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देना और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को गति देना है

शुगर मिलों और डिस्टिलरी को गन्ने से एथेनॉल बनाने की पूरी अनुमति

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 2025-26 मार्केटिंग वर्ष में शुगर मिलों और डिस्टिलरी को एथेनॉल उत्पादन के लिए किसी भी प्रकार की मात्रात्मक सीमा नहीं होगी. यह मार्केटिंग वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलेगा. इस फैसले का उद्देश्य देश में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देना और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को गति देना है.

फूड मंत्रालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, शुगर मिलों और डिस्टिलरी को इस दौरान गन्ने के रस, शुगर सिरप, बी-हेवी और सी -हेवी मोलासेस से एथेनॉल बनाने की अनुमति दी गई है. मंत्रालय ने यह भी बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ मिलकर शुगर के एथेनॉल उत्पादन में उपयोग को नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी, ताकि घरेलू बाजार में चीनी की आपूर्ति में कोई बाधा न आए. सन्दर्भ के तौर पर, चालू ईएसवाई 2024-25

में सरकार ने 40 लाख टन चीनी को एथेनॉल उत्पादन के लिए डायवर्ट करने की अनुमति दी थी. इस बार की नीति से उम्मीद है कि एथेनॉल उत्पादन और मिश्रण में वृद्धि होगी, जिससे देश के ईंधन सुरक्षा लक्ष्यों को भी बल मिलेगा.ईंधन में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल के साथ एथेनॉल का मिश्रण बेचती हैं. वर्तमान ईएसवाई 2024-25 में ओएमसी ने 31 जुलाई 2025 तक औसत 19.05 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण हासिल किया है.राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति 2018, जिसे 2022 में संशोधित किया गया था, ने एथेनॉल मिश्रण का 20 प्रतिशत लक्ष्य 2030 से आगे बढ़ाकर ईएसवाई 2025-26 कर दिया. इस लक्ष्य को हासिल करने में इस फैसले से बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है.विशेषज्ञों का कहना है कि मात्रात्मक प्रतिबंध हटने से शुगर मिलों और डिस्टिलरी में निवेश बढ़ सकता है, उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे. साथ ही, यह नीति भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने में सहायक होगी.ईएसवाई 2025-26 के शुरू होने के साथ ही उद्योग के स्टेकहोल्डर्स एथेनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए तैयार हैं. यह नीति न केवल ऊर्जा और कृषि क्षेत्र को लाभ पहुंचाएगी, बल्कि देश में स्थायी ईंधन पहल को भी मजबूती प्रदान करेगी।

भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.4 अरब डॉलर निकाले

डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ रुपया, 6 पैसे गिरकर 86.89 पर पहुंचा, महंगाई बढ़ने की आशंका

मुंबई। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे गिरकर 88.16 पर खुला. लगातार विदेशी फंड आउटफ्लो और डॉलर की मजबूत मांग ने घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला. सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड इन्ट्राडे लो 88.33 पर पहुंच गया था, लेकिन बंद होने से पहले 88.10 पर थमता दिखा। विदेशी मुद्रा विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय व्यापार तनाव भारत की मुद्रा और शेयर बाजार की स्थिरता पर असर डाल रहे हैं. अमेरिका ने एशियाई निर्यातकों में सबसे अधिक टैरिफ लगाए हैं, जिससे भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही है. पिछले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.4 अरब डॉलर निकाले, जिससे मुद्रा और इक्विटी

बाजारों में अस्थिरता देखने को मिली. इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.14 पर खुला और गिरकर 88.16 पर आ गया. डॉलर इंडेक्स, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.08 प्रतिशत बढ़कर 97.84 पर पहुंच गया. वहीं, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.45 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है. सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के एमडी अमित पाबरी ने कहा कि रुपया 88.50 के आसपास प्रतिरोध और 87.50 के आसपास समर्थन स्तर पर है. उन्होंने बताया कि अमेरिकी टैरिफ मुद्दे अनसुलझे हैं, इसलिए जोखिम कमजोर रुपया होने की दिशा में अधिक है. लगातार विदेशी फंड आउटफ्लो या डॉलर की मजबूती से रुपया और कमजोर हो सकता है, जबकि किसी भी सुधार की संभावना सीमित रहेगी जब तक कि व्यापार संबंधों में स्पष्ट राहत नहीं मिलती।

अमेज़न ने त्योहारी सीज़न की शुरुआत की

बेंगलुरु। त्योहारी सीज़न शुरू होते ही ग्राहक अपने जश्न के तरीकों को नए सिरे से सोच रहे हैं–ऐसे स्मार्ट और प्रीमियम चुनाव कर रहे हैं जो हर लुक को पर्सनल, स्टाइलिश और आकर्षक बनाते हैं। स्टेटमेंट मिनी बैग्स और फाइन ज्वेलरी से लेकर टेक-स्मार्ट लगेज तक, प्रीमियम फैशन इस सीज़न के 'मस्ट-हैव'बन गए हैं। अमेज़न फैशन ग्राहकों को शानदार मूल्य, भरोसेमंद सुविधा और तेज़ डिलीवरी के साथ ग्लोबल और घरेलू ब्रांड्स का विस्तृत, क्यूरेटेड चयन उपलब्ध कराते हुए इस बदलाव को सक्षम बना रहा है ताकिपूरे भारत के ग्राहक त्योहारी सीज़न को आसानी, और स्टाइल के साथ मना सकें। सोचिए, गेस और लावी लक्स के मिनी हैंडबैग्स, सेको और केल्विन क्लेन की गोल्ड-टोन घड़ियां, स्वारोवस्की, कैरेटलेन और गीवाके चमकदार आभूषण, स्केचर्स और कॉनवर्स की स्ट्रैपी हील्स, और सैमसोनाइट, मोकोबारा और स्विसमिलिट्री के स्लीक, ट्रैकेबल लगेज के विकल्पों के बारे में – इस सीज़न के हरफेस्टिव पल के लिए टॉप पिक्स एक्सप्लोर करें। अमेज़न फैशन और ब्यूटी के निदेशक सिद्धार्थ भगत ने कहा, इस त्योहारीसीज़न में हम ग्राहकों को स्मार्ट और प्रीमियम विकल्प चुनते देख रहे हैं।

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	174144 प्रथम आमंत्रण 20.08.2025	जिला जशपुर के एस.एच.-17 के कि.मी. 6/6 से बरंगजोर अटल चौक पहुंच मार्ग लंबाई 4.04 कि.मी. निर्माण कार्य।	396.41
2	174179 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	जिला दुर्ग के पाटन मोतीपुर अमलेश्वर रायपुर मार्ग में खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	1777.47
3	174208 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	जिला न्यायालय भवन बिलासपुर (छ.ग.) के परिसर में 15+2 कोर्ट रूम के लिए व्ही.आर.व्ही./ व्ही.आर.एफ., एच.व्ही.ए.सी. सिस्टम, मेन क्यूबिकल पैनल, लिफ्ट, फायर अलार्म, लाईटनिंग कंडक्टर, एरिया लाईट, गार्डन लाईट, इन्वर्टर बैटरी, पी.ए. सिस्टम, साउंड सिस्टम,डीजल जनरेटर सेट एवं सी.सी.टी.वी. कैमरे की सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग कार्य।	655.22
4	174187 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग रायगढ़ के अंतर्गत मिट्ठूमुड़ा-संगीतराय कोटरा बालमगोड़ा, धनगर बंसिया तरकेला-पटेलपाली, कोड़ातराई सूरजगढ़, चिचोर उमरिया पुसौर, कोड़ातराई -गोहदीडीपा, सुर्री-सारसमाल, माचिदा कलमी, नेतानगर बड़माल, जटारी-रूचिदा, जटारी-लिटाईपाली-तोरना, कवरिहा-बासनपाली, बुंगा रणभांठा, बुंगा पहुंच मार्ग, रायतराई तेलीपाली, कौवाताल पहुंच मार्ग, नवापारा पहुंच मार्ग, तोरण पहुंच मार्ग, ठेंगागुड़ी पहुंच मार्ग, जिंदल गेट (पूर्व) कोसमपाली सरायपाली -गेजामुड़ा, धानागर- भूपदेवपुर, किरोड़ीमल नगर डुमरपाली-उसरूट, काशीचुवा पंडरीपानी कोड़तराई, रायगढ़ खरसिया मार्ग से कोड़तराई - डोंगीतराई, रायगढ़ खरसिया मार्ग से किरीटमाल नवापारा, रायगढ़ - खरसिया मार्ग से गढ़कुर्री पहुंच मार्ग, रायगढ़ खरसिया मार्ग से कुस्वाबहरी पहुंच मार्ग, लेबड़ा चारभाटा, उचभीठी-मुरारीपाली, कोड़तराई से दर्री-राजपुर, रोडोपाली से मुड़ागांव, दारमा से झिंटिपाली, कोलम नूनदरहा, तमनार - घरघोड़ा, तमनार महलोई, भगोरा से कोटमार, विजयपुर-तरपाली पतरापाली, संबलपुरी से रेगड़ा, रायगढ़ हमीरपुर, चपले नंदेली पेंडरूवा रोड एमडीआर 383 (कि.मी. 3,4), जोरापाली केनापाली अमलीभोना नानसिया रोड वीआर 59 -(कि.मी. 3), बरपाली कुलबा अर्सीपाली लिटाईपाली सरवानी नवरंगपुर मार्ग वीआर 26 (कि.मी. 4, 5), पंडरीपानी बड़ाधारा मार्ग वीआर 63-(कि.मी. 2), भटपुर बरदापुटी कांटाहरदी बसंतपुर मार्ग वीआर 70 (कि.मी. 3, 4), तेताला केसरा रूचिदा रावनखोदरा, कुल लंबाई 113.25 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य।	248.10
5	174216 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक 2 बिलासपुर के अंतर्गत सीपत बलौदा कोरबा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 14/10 =14.00 कि.मी., सीपत बेलतरा मार्ग के कि.मी.11/2 से 17/10 = 7.00 कि.मी., नवाडीह चौक से सीपत झलमला मोहरा मार्ग के कि.मी. 7/2 से 13/6 = 6.60 कि.मी., अशोकनगर आशाबंद मार्ग के कि.मी. 1/2 से 5/10 = 5.00 कि.मी., शनिचारी रपटा से साइंस कालेज मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/8 (100)=1.70 कि.मी., मधुबन से लिंगयाडीह बसंत विहार मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 = 2.00 कि. मी., मोपका खैरा गतौरा जयराम नगर मार्ग के कि.मी.1/4 से 1/6 एवं 6/8 से 14/4 = 7.60 कि.मी., खम्हरिया सोंठी नवापारा मार्ग लंबाई 11.60 कि.मी., दर्रीघाट से फरहदा मार्ग लंबाई 2.80 कि.मी., रांक मार्ग के कि. मी. 1/2 से 3/4 =2.20 कि.मी., सीपत से नरगोडा मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी., खैरा देवरी मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी., कोरबी खोंदरा मार्ग लंबाई 5.80 कि.मी., दबनडीह भागोडीह दर्रभाठा मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी., सीपत बेलतरा मार्ग के कि.मी. 18 से 23 = 6.00 कि.मी., लिम्हा लिमतरा मार्ग लंबाई 3.40 कि.मी., लिमतरा नवापारा मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी., लिम्हा बरपाली मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी., नेवसा पहुंच मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. एवं गढ़वत पहुंच मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. कुल लंबाई 88.00 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य।	349.59
6	174219 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक 1 बिलासपुर के अंतर्गत पचपेडी चिल्हाटी मार्ग लंबाई 23.80 कि.मी. एवं मल्हार चिल्हाटी मार्ग लंबाई 24.80 कि.मी. कुल लंबाई 48.60 कि.मी. में डब्ल्यू. एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य।	335.33
7	174223 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक कोनी के अंतर्गत कोनी बिरकोना मार्ग के कि.मी. 1/2 से 4/8 =3.80 कि.मी., कोनी रमतला मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/2 = 2.20 कि.मी., सेंदरी कछार लोफंदी मार्ग के कि.मी.1/2 से 5/2 =4.20 कि.मी., सेंदरी रमतला मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/2=1.20 कि.मी., बिलासपुर रतनपुर फोरलेन मार्ग के कि.मी.1/2 से 9/4 = 8.40 कि.मी., चांटीडीह खमतराई बैमा नगोई पुसौर मार्ग के कि.मी. 7/2 से 9/10 एवं13/2 से 14/6 = 4.60 कि.मी., सिंघरी लखराम मार्ग के कि.मी.1/2 से 9/8 एवं 9/10 (100)= 8.90 कि.मी. एवं कोनी मोपका मार्ग के कि.मी. 1/2 से 14/4 = 13.40 कि.मी. कुल लंबाई 46.70 में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य।	249.52
8	174233 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक 1 बिलासपुर के अंतर्गत दर्री लावर कोनी इटवा पाली सरसेनी मटिया ठाकुर देवा खपरी गिधपुरी मार्ग के कि.मी. 1/2 से 25/10 = 25.00 कि.मी., जोंधरा सोन बसंतपुर उदयबंद मार्ग के कि.मी. 1/2 से 15/4 एवं 15/6 (100) = 14.50 कि.मी. मस्तूरी मल्हार जोंधरा लवन मार्ग के कि.मी. 1/2 से 34/10=34.00 कि.मी., बोहरडीह केंवटडीह भुतहा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/10=3.00 कि.मी., बाकुरकुडा मटिया मार्ग के कि. मी. 1/2 से 5/8 = 4.80 कि.मी., हथनी नवागांव मार्ग के कि.मी.1/2 से 8/10= 8.00 कि. मी., पथरखान पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/10 = 1.00 कि.मी., बिटकुली पोंडी हथनी मार्ग के कि.मी.1/2 से 5/10 = 5.00 कि.मी., चौराहा भैना सिलयारी करही मार्ग के कि.मी.1/2 से 5/10=5.00 कि.मी., सेवती पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 =2.00 कि.मी., भटगांव सेवनर मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 =2.00 कि.मी., नेहरू चौक से कुदुदंड मंगला पहुंच मार्ग के कि.मी.1/2 से 2/10=2.00 कि.मी., लिंक मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/10 =3.00 कि.मी., इंदिरा सेतु टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग कि.मी.1/2 से 5/10 =5.00 कि.मी. एवं देवकीनंदन चौक से महामाया चौक मार्ग के कि.मी.1/2 से 2/10= 2.00 कि.मी.कुल लंबाई116.30 कि. मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य।	322.98
9	174238 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025	जिला नारायणपुर के मुंजमेटा से टिमनार पहुंच मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	333.96

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी 11.09.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी-252603163/5

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल

निधन

मुकुल संदीप बेनेट

रायपुर/नवप्रदेश। मुकुल संदीप बेनेट (61 वर्ष) निवासी राजातालाब का 02.09.25 को निधन हो गया है। वे स्व. डब्लू. जे. बेनेट के पुत्र थे । वे श्रीमती पुष्पा पारुल बेनेट के पति, होमेशू हर्षित बेनेट व दीपल प्रिया बेनेट के पिता थे। वे श्री वीनू बेनेट व स्व. नम्रता राम के भाई थे।

उनके अंतिम संस्कार की क्रिया 3 सितंबर 2025 को शाम 4:00 बजे सेंट पॉल्स कैथड्रल की प्रभु वाटिका अरविन्द नगर टिकरापारा में की जाएगी ।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)

मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 23986 दिनांक 02.09.2025
वार्ड का नाम- 25- संत रामदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR819C0001C जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती LOKESH KUMAR JANGHEL पिता/पति/ श्री/ श्रीमती LATE BHRAT LAL JANGHEL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती HEMANT KUMAR JANGHEL पिता/पति/ श्री/श्रीमती LATE BHRAT LAL JANGHEL ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सह पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा क्रमांक: CPM/EL/BSP/BSP-TLD/25-26/13 (खुली निविदा) (टू पैकेज सिस्टम)

कार्य: "एस.ई.सी.आर. के रायपुर डिवीजन के बिलासपुर-तिल्दा खंड (बिलासपुर यार्ड सहित) के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (74 आरकेएम/227 टीकेएम)". **निविदा मूल्य (रू.):** 82,25,49,995/- (बयासी करोड़ पच्चीस लाख उनचास हजार नौ सौ पंचानबे रुपए), **अमानत राशि (रू.):** 42,62,800/-.

कार्य पूरा होने की अवधि: 18 (अठारह) माह।
निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 19.09.2025 को 15:00 बजे, **निविदा खोलने का समय एवं दिनांक:** 19.09.2025 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिन: 495004 में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

उप मु.वि.इंजी./परियोजना
सीपीआर/10/288 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्र./11/न.पा.नि./वाहन शाखा/2025-26 बीरगांव, दिनांक 29/08/2025

मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु पात्र फर्मों से निविदा प्रपत्र ''बी'' में दो लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 15.09.2025 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 23.09.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 23.09.2025 सायं 4.00 बजे।

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत लाख रु.
1	निकाय स्वामित्व के टैंकरों व अन्य वाहनों का मरम्मत कार्य (सामग्री व लेबर सहित) एवं जेटिंग मशीन स्थापना कार्य।	9.50

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

0 नईदिल्ली। पुरुषों के द हंड्रेड 2025 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार (31 अगस्त) को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। इसमें ओवल इनविंसिबल्स ने ट्रेंट रॉकेट्स को 26 रन से हराकर लगातार तीसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)

मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 24001 दिनांक 02.09.2025
वार्ड का नाम-24- सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR818C0554A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती KHUBCHAND SAHU पिता/पति/श्री/ श्रीमती KAPIL SAHU के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती PRABHALATA KESHARWANI पिता/पति/ श्री/श्रीमती RAJESH KESHARWANI ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सह पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार फिल मिनरल्स बेनिफिकेशन एन्ड एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड बिलासपुर के डायरेक्टर श्री प्रदीप झा पिता श्री आर.एन.झा निवासी दीपु पारा तार बहार कालोनी बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार व उनके निर्देशानुसार आप श्रीमती शिवनी चड्डा पति श्री विजय चड्डा एवं श्री विजय चड्डा पिता सुरेन्द्र मोहन चड्डा निवासी लाखे नगर रायपुर एवं आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने आप नोटिसीगणों से आपके स्वामित्व के मौजा भाठागांव रायपुर स्थित वालफोर्ट हाईट्स नामक फ्लैट में द्वितीय तल क्षेत्रफल 163.42 वर्गफीट में निर्मित फ्लैट क्रमांक बी-203 को क्रय करने का मौखिक अनुबंध दिनांक 20.07.2022 को किया गया था और उसी दिन मेरे पक्षकार द्वारा 25,00,000/- रु. (अक्षरी पच्चीस लाख रूपए) आप नोटिसी शिवनी चड्डा एवं विजय चड्डा के निर्देशानुसार विजय चड्डा के विजय ट्रेडिंग कंपनी नामक बैंक खाता में अंतरित कर दिया गया था अनुबंध के पश्चात भी आपके द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन नहीं किया जा रहा था और विक्रय मूल्य में वृद्धि कर, विक्रय निष्पादन समय सीमा में विस्तार कर दिनांक 27.08.2024 को 55,00,000/- (अक्षरी पचपन लाख रुपए) प्राप्त किया गया है, और उसी दिन मकान का कब्जा मेरे पक्षकार को सौंप दिया गया तब से मेरा पक्षकार उक्त फ्लैट क्रमांक बी-203 में काबिज है। दिनांक 27.08.2024 को हुए अनुबंध के अनुसार वृद्धि किए गए विक्रय मूल्य का भुगतान विक्रय पंजीयन के समय किया जाना तय हुआ है, किंतु आप दोनों नोटिसियों के द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन कराने में अनावश्यक हीला हवाला किया जा रहा है इसलिए आपको संविदा पालन हेतु यह सूचना दी जा रही है, मेरा पक्षकार संविदा पालन करने के लिए तत्पर व तैयार है। इस सूचना द्वारा आम जनता को भी सूचित किया जा रहा है कि इस संबंध में किसी कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति मय प्रमाण 7 दिवस के अंदर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, पश्चात किए गए आपत्ति मेरे पक्षकार को अमान्य होगी। संविदा पालन के अभाव में आप नोटिसीगण इसे कानूनी कार्यवाही किए जाने की सूचना जाने।

स्थान- दुर्ग
दिनांक 02.09.2025

भवरलाल पारख
अधिवक्ता
सदर बाजार दुर्ग (छ.ग.)
9303405055

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LTD

(A Successor Company of CSEB) (A Chhattisgarh Govt. Undertaking)
O/o The Executive Director (Finance)

E-TENDER NOTICE NO.- 01/2025-26

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms/owner of vehicle for hiring of one no. Category-I car for official use of E.D.(Finance),CSPGCL, Raipur, as follows:-

SL. No.	Tender Specification No.	Description	Tender Cost (Rs.)	EMD Amount (Rs.)	Last date & time of bid submission
1.	E.D.(Fin)CSPGCL/ GAD/2025-26/T-01	Hiring of one no. Category-I car on contract basis for Executive Director (Fin.), CSPGCL Raipur.	590.00 (including GST @18%)	7,500.00	23.09.2025 15:00 Hrs

NOTES:-1.For more details. Tender schedule, Scope of work QR & Tender Documents visit our website:- http://www.cspc.co.in>ebidding>ebidding web portal. [Helpline No. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 5.30 PM on all working days].

Executive Director (Fin.)
CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY S-45100

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)

'' ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ''
(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	निविदा आमंत्रण क्र. /दिनांक	सिस्टम क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	13/ 22.08.2025	174295	Vill. MUTHVENDI, Block- Bijapur Under Niyad Nellanar Yojna	33.03	24773	D	19.09.2025
2	14/ 22.08.2025	174296	Vill. HIRMAGUNDA, Block- Bijapur Under Niyad Nellanar Yojna	26.04	19530	D	
3	15/ 22.08.2025	174297	Vill. KARKA, Block- Bijapur Under Niyad Nellanar Yojna	37.61	28208	D	
4	16/ 22.08.2025	174298	Vill. REGADGATTA (PADEDA), Block -Bijapur Under Niyad Nellanar Yojna	21.90	16425	D	

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 25.08.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-252603180/3

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

सिंधु युवा एकता मंच लाखो नगर

लाखे नगर चौक आसपास गणेश झांकी देखने लोगों की लगी भीड़

अश्वनी नगर गणेश उत्सव समिति सुंदर नगर रोड अश्वनी नगर

श्री बाल युवा गणेश उत्सव समिति दंगाणिया - **फोटो महादेव तिवारी**

कैलाश गिरी शिव मंदिर समिति में स्थापित गणेश जी को लगाया छप्पन भोग

रायपुर/नवप्रदेश। कैलाश गिरी शिव मंदिर समिति बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा में स्थापित गणेश जी के महा आरती का आयोजन किया गया, महा आरती के पश्चात गणेश जी को 56 भोग भी लगाया गया। कॉलोनी वासियों द्वारा गणेश उत्सव को बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर समिति के सदस्यों के अलावा कॉलोनी के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट घोटाला, मामला दबाने में लगे अधिकारी

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाने में गड़बड़ी का मामला अब तूल पकड़ चुका है। तहसील कार्यालय में इस कथित धांधली की चर्चा जोरों पर है। सोमवार को इस प्रकरण से जुड़े छात्रों के परिजनों और उन कर्मचारियों, खासकर रीडर, जिन पर संलिप्तता के आरोप लग रहे हैं, का बयान अतिरिक्त तहसीलदार गरिमा ठाकुर के समक्ष दर्ज किया गया। लेकिन देर शाम तक तहसील कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी इस फर्जीवाड़े के मामले में लीपापोती करने के लिए देर शाम तक मीटिंग करते रहे। शुक्रवार को फर्जी ईडब्ल्यूएस की मदद से नीट यूजी में एडमिशन का मामला मीडिया में जमकर उछला। इसके बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। लगातार दबाव के चलते प्रशासन ने मामले की जांच के लिए आवेदकों और कर्मचारियों का बयान दर्ज करने का निर्णय लिया। सोमवार को दोपहर तक सभी प्रभावित परिजन और संदेही कर्मचारी भी उपस्थित हुए। सभी का बारी-बारी बयान दर्ज किया गया। लेकिन शाम तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका।

हमारा क्या दोष

भाव्या मिश्रा के पिता सूरज मिश्रा का कहना है कि मेरी बेटी का 490 स्कोर आया था, जिस पर उसे किसी भी सरकारी कॉलेज में प्रवेश मिल सकता था। अच्छे प्राइवेट कॉलेज में प्रवेश मिल सके इसलिए पात्रता के आधार पर ईडब्ल्यूएस बनवाने नायब तहसीलदार प्रकृत्ति ध्रुव के पास गए। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई दिक्कत नहीं होगी। गरिमा ठाकुर के रीडर के माध्यम से प्रक्रिया पूरी की गई और 16, 21 व 25 अगस्त को वेरीफिकेशन के लिए नायब तहसीलदार के सामने भी प्रस्तुत हुए। इसके बाद भी प्रमाण-पत्र फर्जी कैसे हो गया यह अधिकारी ही बताएं।

मामले की पेचीदगी तब और बढ़ गई जब पता चला कि जिन छात्रों का प्रमाण पत्र जारी किया गया, वे सब नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव के क्षेत्र के निवासी हैं। लेकिन आवेदन और प्रक्रिया का संचालन अतिरिक्त तहसीलदार गरिमा ठाकुर के रीडर के माध्यम से किया गया। यही कारण है कि संदेह की सुई सीधे तौर पर रीडर और कार्यालयीन तंत्र पर टिक गई है।

महज लापरवाही या संगठित नेटवर्क प्रशासनिक स्तर पर - अधिकारी इस मामले को संभालने में जुटे हैं। परिजनों का आरोप है कि असली दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि जांच आगे किस दिशा में बढ़ती है। क्या वास्तव में इस घोटाले के पीछे किसी संगठित नेटवर्क का हाथ है या यह महज लापरवाही का परिणाम है, जो भी इस विवाद ने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है।

आवेदकों का कहना हमने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया

आवेदकों का कहना है कि उन्होंने पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। दस्तावेजों की जांच-पड़ताल के बाद नस्तीबद्ध प्रकरण ऑनलाइन दर्ज हुआ और प्रमाण पत्र का सीरियल क्रमांक भी आवंटित हो गया। उनकी दलील है कि जब सिस्टम ने खुद नंबर जनरेट कर दिया और दस्तावेजों की पुष्टि हो गई, तो उन्हें यह जानने या पूछने की आवश्यकता ही नहीं थी कि प्रमाण पत्र पर किस अधिकारी ने हस्ताक्षर या मुहर लगाई। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर पूरा ऑनलाइन सिस्टम सही था, तो गड़बड़ी कहां हुई? क्या किसी अधिकारी या कर्मचारी ने जानबूझकर हस्ताक्षर व सील का दुरुपयोग किया, या फिर पूरे तंत्र में कोई तकनीकी खामी है? इस पर अभी तक प्रशासन की ओर से स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है।

आउटसोर्सिंग से गोपनीयता भंग

तहसील कार्यालय में गोपनीय कार्यों के लिए दर्जनभर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवाएं ली जा रही हैं, जिससे गड़बड़ी की आशंका बढ़ जाती है। यही कारण है कि हाल ही में सामने आए ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट प्रकरण में भी संदेह की स्थिति बनी हुई है। रीडर प्रहलाद नेताम ने बताया कि उनके अलावा तहसीलदार के दफ्तर में अखिल त्रिवेदी और संदीप लोनिया भी काम करते हैं। सवाल उठ रहा है कि जब संवेदनशील और गोपनीय कार्य आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से कराए जाएंगे, तो ऐसी घटनाएं होना लाजिमी है। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा

ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्रकरण में जिम्मेदारी तय करने की बजाय अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मजे की बात यह है कि रीडर तहसीलदार पर आरोप मढ़ रहा है, तहसीलदार रीडर को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और एसडीएम तहसीलदार पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं आउटसोर्सिंग कर्मचारी भी खुद को निर्दोष बताते हुए अधिकारियों पर दोष डाल रहे हैं।

रायपुर की प्रथम महिला विधायक ताई के निधन पर संजय जोशी शोक व्यक्त किया

रायपुर /नवप्रदेश। रायपुर की प्रथम विधायक रजनी ताई के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संजय जोशी ने उनके निवास पहुंच कर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता और रजनी ताई के पुत्र सच्चिदानंद उपासने मौजूद थे। राजीव लोचन श्रीवास्तव, विष्णु अग्रवाल,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संजय मिश्रा, डॉ अनामिका सिंह, प्रमोद देशपांडे, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे..

शराब घोटाले में चैतन्य के खिलाफ 6 को पेश होगा चालान

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाले में जेल भेजे गए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य के खिलाफ 6 सितंबर को चालान पेश होगा। ईडी के अधिकारी इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसके पहले ईडी ने शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करने के लिए 18 जुलाई को चैतन्य के जन्मदिन पर भिलाई स्थित निवास पर छापेमारी की। इस दौरान तलाशी और पूछताछ करने के बाद रिमांड पर लिया था। बताया जाता है कि जांच एजेंसी के अधिकारी 60 दिन के पहले ही विशेष न्यायाधीश की अदालत में चालान पेश करने की कवायद में जुटे हुए हैं।

समता कॉलोनी, विधानसभा और भनपुरी में चाकूबाजी, तीन युवक गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के समता कॉलोनी, विधानसभा और भनपुरी इलाके में तीन युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला हो गया। तीनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि समता कॉलोनी निवासी दर्शन बाघ, कनवा बाघ और चाहत बाघ समेत अन्य ने मिलकर गणेशजी की प्रतिमा के लिए डीजे बुक कराया था। कनवा और चाहत ने डीजे का भुगतान नहीं किया इसी बात पर दर्शन से विवाद हो गया। दोनों ने मिलकर दर्शन पर चाकू से हमला कर दिया।

इसी तरह विधानसभा के नूतन इस्पात के बाहर मजूदरों के बीच विवाद हो गया। पुरानी बातों को लेकर किशोर भार्गव व सागर निषाद साथ में काम करने वाले किशन सिंह से विवाद करने लगे। दोनों आरोपियों ने किशन पर चाकू से हमला किया।

जलाशय लबालब, नहरें खाली किसानों की फसल प्यासी

रायपुर/नवप्रदेश। खारंग जलाशय इस समय लबालब है। जल संसाधन विभाग ने 9 अगस्त को बाकायदा ऐलान किया था कि पानी छोड़ा जा रहा है और जिले के 212 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। विभाग ने यह भी दावा किया कि 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता से भरे जलाशय से नहरों में हर मिनट 150 क्यूसेक लीटर पानी छोड़ा जा रहा है। कागजों पर यह राहत योजना किसानों की उम्मीद जगाने वाली थी। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। मस्तूरी ब्लॉक के दो दर्जन गांवों में आज भी खेत प्यासे हैं और किसान आसमान की ओर ताक रहे हैं। खरीफ मौसम में धान की फसल के लिए यह बेहद ही महत्वपूर्ण सीजन है। अगामी पखवाड़े में धान के लिए पानी की मात्रा आगामी उत्पादन की मात्रा को तय करता है। लेकिन मस्तूरी ब्लॉक के दो दर्जन ऐसे गांव है जहां खेतों पर नजर डालें तो सुखे जैसी स्थिति नजर आती है।

अभी नहीं तो कब मिलेगा पानी

जल संसाधन विभाग की माने तो 10 वर्षों में यह पहली बार है जब किसानों की किसी विशेष मांग के बिना ही विभाग ने खुद ही पानी छोडऩे का फैसला किया है। दरअसल, जुलाई के मध्य तक बांध का वेस्टवियर ओवरफ्लो होने लगा था, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। लेकिन खास बात यह है कि बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद यदि जिले के किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलेगा तो कम बारिश में क्या उम्मीद की जा सकती है।

विभाग का दावा खोखला

विभाग के अधिकारी लगातार दावा करते हैं कि किसानों को पानी मिल रहा है और फसलों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। मगर जब नहरों के अंतिम छोर वाले गांवों में वास्तविक स्थिति देखी जाती है तो तस्वीर बिल्कुल उलट मिलती है। कई गांवों के किसानों ने साफ कहा कि खेतों में नमी बनाए रखने तक का पानी उपलब्ध नहीं है, जिससे बुआई और बढ़वार दोनों प्रभावित हो रही है।

पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी नहीं मिला पर्याप्त पानी

खारंग जलाशय में 100 फीसदी जल भराव होने के साथ ही जल संसाधन विभाग ने 9 अगस्त को जनप्रतिनिधियों के मौजूदगी में बड़े तामझाम के साथ खरांग जलाशय के दोनो तट से पानी छोड़ा गया था। एक पखवाडा बीत जाने के बावजूद जिन गांवों तक नहरों से पानी पहुंचना था, जल संसाधन विभाग की उदासीनता के कारण वहां अब तक 40 सेंटीमीटर से ज्यादा पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसके अलावा उपर के गांव वालों के द्वारा नहर हेडअप करके सिंचाई किए जाने के कारण टेल एरिया में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

विभाग से जिम्मेदारी की आस

खारंग का पानी कागजों और फाइलों में तो पूरे जिले के किसानों तक पहुंच रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत यह है कि लबालब जलाशय के बावजूद खेतों में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। किसान अब या तो आसमान से बारिश का इंतजार कर रहे हैं या विभाग से जिम्मेदारी निभाने की गुहार लगा रहे हैं।

सिंचाई विभाग का कुप्रबंधन बड़ी वजह

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब जलाशय पूरी तरह भरा हुआ है और पानी छोड़ा भी जा रहा है, तो आखिर खेतों तक क्यों नहीं पहुंच रहा। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग की खराब प्रबंधन व्यवस्था और नहरों की देखरेख में लापरवाही ही इस संकट का मुख्य कारण है।

डबल मर्डर में पिता-पुत्र समेत 4 को मरते दम तक की सजा

रायपुर/नवप्रदेश। डीडी नगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा काला पुतला के पास 30 दिसंबर 2024 की रात हुए दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दोषियों में सब्जी विक्रेता खामसिंह साहू (49), उनके दो पुत्र दुर्गेश साहू (23) और एवन साहू (19), तथा उनके साथी दिलेन्द्र साहू (19) शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा ने पुलिस की केस डायरी और 27 गवाहों के बयानों के आधार पर यह फैसला सुनाया।

मामूली विवाद में हुई थी हत्या - केस डायरी के अनुसार, मृतक सचिन बडोले (26) और कृष्णा यादव (24) 30 दिसंबर 2024 की रात चंगोराभाठा के शहीद वीरनारायण सिंह चौक के पास एक खाली प्लॉट पर बैठे थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही दिलेन्द्र साहू, दुर्गेश साहू, एवन साहू और उनके पिता खामसिंह साहू ने उन पर नेतागिरी करने और ज्यादा होशियार बनने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू किया। विवाद बढऩे पर चारों ने मिलकर सचिन और कृष्णा पर ईंट-पत्थरों से प्राणघातक हमला किया। इस हमले में कृष्णा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सचिन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

27 गवाहों के बयानों से पुख्ता हुई जांच

अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते ने बताया कि इस हत्याकांड की सुनवाई के दौरान 27 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस की केस डायरी और गवाहों के बयानों ने दोषियों के खिलाफ मजबूत सबूत पेश किए। विशेष न्यायाधीश ने सभी सबूतों और गवाहों के बयानों का विश्लेषण कर खामसिंह साहू, दुर्गेश साहू, एवन साहू और दिलेन्द्र साहू को दोहरे हत्याकांड का दोषी पाया और प्रत्येक को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

रायगढ़ स्टेशन को चौथी लाइन से जोडऩे का चल रहा काम, 6 से अधिक ट्रेनें रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले रायगढ़ रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन जोडऩे का काम तेजी से चल रहा है। इसलिए रेलवे ने 6 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया है। वहीं 12 से अधिक ट्रेनें बीच रास्ते में समाप्त होगी और कई गाडिय़ां देरी से चलेंगी। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि रेलवे के अफसरों का मानना है कि रायगढ़ स्टेशन के चौथी लाइन के जुडऩे से ट्रेनों की रफ्तार में इजाफा होगा।

रेलवे ने इन ट्रेनों को किया रद्द- टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस 2 सितंबर, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 2, 3 सितंबर, टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 3 सितंबर, इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 3 सितंबर, कुर्ला-कामाख्या एक्सप्रेस 2 सितंबर, पुणे-हटिया 3 सितंबर, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस 2 सितंबर, मुंबई- हावड़ा एक्सप्रेस 3 सितंबर, रायगढ़-बिलासपुर मेमू, बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, रायगढ़-बिलासपुर मेमू और बिलासपुर-रायगढ़ मेमू 15 सितंबर तक रद्द है।

सेहत | **ओपीडी के बाद भी डॉक्टर दे रहे हैं आपकी सेवाएं**

झीट सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से मरीज परेशान

झीट। पाटन/नवप्रदेश। पाटन क्षेत्र के जिला अस्पताल झीट में डॉक्टरों की कमी से जहां मरीज परेशान हो रहे हैं वही सीमित डॉक्टर को भी अपनी सेवाएं ओडीपी के बाद भी देनी पड़ रही है। मौसमी बीमारियों के अलावा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आसपास के गांव के लोग झीट सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आते हैं लेकिन डॉक्टर स्टाफ की कमी होने के वजह से सर्दी, खांसी,बुखार जैसी मौसमी बीमारियों के लिए उन्हें तीन से चार घंटे इलाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

आसपास के दर्जनों गांवों से अस्पताल में रोजाना भारी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं जिसमें सर्दी,खांसी,बुखार के अलावा गर्भवती महिलाएं, बच्चे, बड़े, बुजुर्ग भी अपना इलाज करने आ रहे हैं लेकिन उन्हें इलाज के लिए घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल में सस्ता और अच्छा इलाज होता है लेकिन परेशानी कम होती नहीं दिख रही है। डाक्टरों की कमी के चलते मरीजों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। सरकारी अस्पताल में संसाधन तो बढ़ रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों की संख्या निरंतर घट रही है। सीमित डॉक्टर ओपीडी खत्म होने के बाद भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

झीट के सरकारी अस्पताल में आसपास के गांव बटग,तर्रा, मगरघटा, भोथलि, कोपेहडीह, अम्लेश्वर, कुरूदडीह, औंधी, मोतीपुर, सांकरा, खुडमुड़ा जैसे गांव से मरीज लगातार पहुंच रहे है। लेकिन उन्हें इलाज में काफी समय लग रहे हैं इसलिए वह अब प्राइवेट अस्पतालों की ओर जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com